CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –177 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु






रेवड़ी पर व्याख्यान में मोदी व्यस्त : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ जंग की आग में फिल्म का प्रचार
■ मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया — पृष्ठ 4

■ गाजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद
■ संकट की घड़ी में इजराइल के साथ खड़े रहे मोदी — पृष्ठ 9

हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में मैच से भी भारतीय टीम से लगभग बाहर — पृष्ठ 10


### राहुल गांधी के साथ साक्षात्कार में सत्यपाल मलिक बोले

# मैं लिखकर देता हूं कि मोदी सरकार अब नहीं आएगी

■ पूर्व राज्यपाल ने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले व अडानी समेत कई मुद्दों मोदी सरकार को घेरा

■ जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए

■ मोदी सरकार ने पूलवामा को राजनीतिक इस्तेमाल किया



**नई दिल्ली**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का साक्षात्कार किया है। इसमें उन्होंने किसान आंदोलन, पुलवामा हमले और अडानी समेत कई मुद्दों पर बात की और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया।

इस बातचीत को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हुए लिखा, 'क्या ये संवाद ईडी-सीबीआई की भाग दौड़ बढ़ा देगा? राहुल गांधी से बातचीत के दौरान सत्यपाल मलिक ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा, 'नॉर्थ ईस्ट स्थिर था, लेकिन इन्होंने (केंद्र और राज्य सरकार) ने अशांत कर दिया। छह महीने की ओर बात है। मैं लिखकर दे रहा हूं कि ये सत्ता में नहीं आएंगे।'

अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव है। इसमें एक तरफ बीजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है तो दूसरी तरफ कांग्रेस, टीएमसी और जेडीयू सहित अन्य विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' आमने-सामने होगा।

**राहुल बोले-एयरपोर्ट पर मुझे कमरे में बंद किया**

राहुल गांधी ने इस पर कहा, मैंने पुलवामा के बारे में सुना तो पता लगा कि शहीद एयरपोर्ट आ रहे हैं तो मुझे मेरे सिक्योरिटी वाले ने कहा कि आप एयरपोर्ट मत जाओ, लेकिन मैंने कहा कि मैं जा रहा हूं। मुझे एयरपोर्ट पर कमरे में बंद कर दिया गया। शहीद आए हुए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। मैं लड़कर कमरे से निकला तो लगा तो कि पूरा शो बनाया जा रहा है।

> पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान शहीद इस कारण हुए क्योंकि उन्होंने पांच एयरक्राफ्ट मांगे थे। एयरक्राफ्ट मांगने की एप्लीकेशन चार महीने गृह मंत्रालय में अटकी रही : सत्यपाल मलिक, पूर्व राज्यपाल

**कश्मीर को जबदरस्ती ठीक नहीं कर सकते**

राहुल गांधी ने पूछा कि जब आप जम्मू कश्मीर में थे तो काफी पेचीदा समय था। इस पर आपकी क्या राय है? सत्यपाल मलिक ने कहा, 'आप जम्मू कश्मीर को जबदरस्ती या सेना से ठीक नहीं कर सकते। यहां के लोगों को जीत कर आप कुछ भी कर सकते हैं। समस्या का समाधान करने के लिए पहले तो राज्य का दर्जा वापस देना चाहिए है। उन्होंने आगे दावा किया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केंद्र सरकार ने शायद इस कारण दिया क्योंकि इनको लगता था कि पुलिस विद्रोह कर देगी, लेकिन पुलिस तो सरकार के प्रति वफादार रही है। पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा, मैं यह तो नहीं कहता कि इन्होंने (केंद्र सरकार) ने कराया, लेकिन पुलवामा में इन्होंने नजरअंदाज किया और फिर इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। ऐसा इसलिए बोल रहा क्योंकि इनकी स्पीच है। इसमें ये बोल रहे हैं कि वोट देने जाओ तो पुलवामा की शाहदत को याद रखना।' सत्यपाल मलिक ने कहा कि पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान शहीद इस कारण हुए क्योंकि उन्होंने पांच एयरक्राफ्ट मांगे थे। एयरक्राफ्ट मांगने की एप्लीकेशन चार महीने गृह मंत्रालय में अटकी रही। गृह मंत्रालय ने ये खारिज कर दिया। इस कारण ये लोग सड़क से गए।

# भाजपा विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से है तैयार : भूपेश



■ किसानों के लिए हमने काम किए है आगे भी करेंगे, इससे छग होगा मजबूत

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है।कांग्रेस ने पिछली बार की तरह इस बार भी किसानों के लिए कर्जमाफी का ऐलान किया है। घोषणा होने के बाद भाजपा सवाल उठा रही है. इसको लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि भाजपा अभी से विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई है इसलिए अभी से सवाल कर रही है। हमने किसानों के लिए काम किए हैं और करते रहेंगे। इससे छत्तीसगढ़ मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बालोद के लिए रवाना होने के पहले पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। कर्जमाफी की घोषणा पर भाजपा के सवालों पर उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को धन्यवाद।अभी भी वो सवाल कर रहे हैं तो विपक्ष में बैठने के लिए मानसिक रूप से तैयार है। किसानों के लिए हमने काम किया है. किसान मजबूत होगा तो छग मजबूत होगा, इसलिए ये घोषणा की गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह के आवास देने की घोषणा पर भूपेश बघेल ने कहा कि आवास हमने दे दिया है, केंद्र सरकार ने जो सर्वे किया था उनमें भी 47 हजार लोगों को हमने आवास की राशि दे दिया। सबको राशि दे दी गई है, इसके बाद हमारे सर्वे के हिसाब से 10 लाख लोग पात्र है उन्हे भी देंगे, कुल 17.5 लाख लोगों को आवास दिया जाएगा। श्री राम नाम से ध्रुवीकरण के मुद्दे पर भूपेश बघेल ने कहा कि ये छग, माता कौशल्या का स्थल है इसका कभी भाजपा ने संरक्षण और विकास नहीं किया।उन्हे कभी याद नहीं आई, ये लोग राम नाम से नोट और वोट मांगते है, राम हमारे आस्था का विषय है। हम नोट और वोट नही मांगते।अपने बूते पर भाजपा कुछ नही कर सकती, भाजपा में पर भरोसा तीन परोसा की नीति है। मणिपुर में बाहरी ताकतों के हाथ होने की बात पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व गुरु कहते है भारत सुरक्षित है, भागवत जी कहते हैं बाहरी ताकत आ रही है।दोनों की बातों में विरोधाभाष है, दोनों मिल के गुमराह कर रहे हैं। आरक्षण बिल के लंबित होने पर कहा कि आरक्षण की बात हम पहले भी करते थे, आगे भी करेंगे, हम अभी भी मांग कर रहे हैं। जातिगत आरक्षण की भी मांग हम कर रहे हैं।

**सार संक्षेप**

## खाद सब्सिडी जारी रहेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को बडा तोंहफा दिया है। इसके तहत खाद न केवल सब्सिडी को जारी रखा जाएगा, बल्कि यूरिया और डीएपी की मौजूदा कीमत में कोई बढोत्तरी नहीं की जाएगी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि एक बार फिर किसान हितैषी सरकार ने निर्णय लिया हैकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमत का असर देश में किसानों पर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

## एनसीईआरटी की पुस्तकों में इंडिया की जगह लिखा जाएं 'भारत'

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्य पुस्तकों में अब इंडिया की जगह भारत लिखा जा सकता है। एनसीईआरटी की एक उच्च स्तरीय समिति ने इंडिया के स्थान पर भारत लिखे जाने की सिफारिश की है। वहीं, पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर एनसीईआरटी का कहना है कि, इन खबरों पर किसी भी प्रकार कि टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख पर मुहर

**नई दिल्ली।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तारीख तय हो गई है। 22 जनवरी को रामलला नये बने राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी।

## 'सीमेंट उद्योग पर अडानी के एकाधिकार का खामियाजा भुगतेगा देश'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश के सीमेंट उद्योग पर अडानी समूह का एकाधिकार होने से इसमें प्रतिस्पर्धा का दौर खत्म हो गया है जिसका खामियाजा सीमेंट की भारी कीमत देकर उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा देश के सीमेंट कारोबार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र अडानी का कब्जा है।

# पीएम मोदी-प्रियंका 30 को आएंगे





■ मोदी दुर्ग से करेंगे प्रचार की शुरुआत
■ प्रियंका होंगी भूपेश बघेल की नामांकन रैली में शामिल

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 30 अक्टूर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे।

पीएम मोदी चुनाव प्रचार की शुरूआत 30 अक्टूबर से सीएम बघेल के गृह जिले दुर्ग से करने जा रहे हैं। उनकी सभा में दुर्ग जिले के प्रत्याशी अपने पर्चे दाखिल करेंगे। इनमें विजय बघेल, जितेंद्र यादव, ललित चंद्राकर शामिल हैं। वहीं उनसे पहले सांसद रविशंकर प्रसाद 27 को दुर्ग में सभा करेंगे । उनके साथ सरोज पांडे भी रहेंगी। आने वाले दिनों में प्रदेश में प्रधानमंत्री , गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष के अलावा केंद्रीय मंत्री और स्टार प्रचारकों का जमावड़ा होगा।

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर छत्तीसगढ़ आएंगी। 30 अक्टूबर को दुर्ग में पाटन से सीएम भूपेश बघेल अपना नामांकन भरेंगे, इसमें प्रियंका गांधी शामिल होंगी। चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगी। 30 अक्टूबर को सीएम भूपेश बघेल के साथ दुर्ग जिले के सभी प्रत्याशी एक साथ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## हिंदुत्व किसी की बपौती नहीं : श्रीनेत



■ शराबबंदी का फ़ैसला अगली चुनी हुई सरकार लेगी
■ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा और केंद्र सरकार ने जमकर हमला बोला। उन्होंने केंद्र व भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके पास न कोई मुद्दा न कोई रास्ता बचा है। ये धर्म के नाम पर लोगों को ठगते हैं और हम धर्म को चरितार्थ करते हैं। हिंदुत्व किसी की बपौती नहीं हैं। हमने राम वनगमन पथ बनाया, कौशल्या माता मंदिर का निर्माण किया। ईडी-आइटी और सीबीआई भाजपा और मोदी सरकार के घटक दल हैं। ईडी ने चौगुना कार्रवाई की और 95 प्रतिशत विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई हो रही है। राजधानी रायपुर आने के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## राजभवन में आयोजित होगा 'मेरी माटी मेरा देश' अमृत महोत्सव

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी ग्राम पंचायतों से भारत के शहीदों के सम्मान में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। प्रदेश के 33 जिलों के 146 विकासखंडों के अंतर्गत हर गांव से संग्रहित मिट्टी, राजभवन लायी जायेगी। इस अवसर पर राजभवन में 27 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आजादी के 75वें वर्ष का जश्न मनाते हुए अमृत कलशों को राजधानी नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर पहुंचाया जायेगा। जहां विभिन्न राज्यों से लाई गई मिट्टी से शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

सी.आर.पी.एफ. एवं नेहरू युवा केंद्र के समन्वय से मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा का राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सी.आर.पी.एफ. के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## राजस्थान में प्रियंका ने दी गांरटियां, हर गृहणी को मिलेंगे सालाना 10 हजार

**जयपुर।** प्रियंका गांधी के दौरे से पहले राजस्थान कांग्रेस ने महिला मतदाताओं को साधने के लिए बड़ा कदम उठाया हैं। कांग्रेस ने दो नई गारंटियों के जरिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश की है। पहली तो ये की महंगाई राहत कैंपों की सफलता के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में प्रत्येक गृहणी को सालाना 10 हज़ार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, गांव में रहने वाले लगभग हर परिवार को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। बताया जा रहा है कि महंगाई राहत कैंपों की सफलता के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में नई गारंटियां लॉन्च कर दी हैं।

## अंतिम 4 सीटों पर भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बची 4 सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने बेमेतरा, कसडोल, अंबिकापुर और बेलतरा से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। बेलतरा से सुशांत शुक्ला, अंबिकापुर से राजेश अग्रवाल, कसडोल से धनीराम धीवर और बेमेतरा से दीपेश साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। इन चार नामों के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के सभी 90 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी लगभग तय हो गए हैं।

भाजपा ने पहली सूची में 21, दूसरी लिस्ट में 64 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को ऐलान किया गया था। सूची में वीआईपी सीट अंबिकापुर सहित अभी 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं हो पाई थी। पहले चरण के विधानसभा चुनाव वाली सीट पंडरिया से सिंगल नाम भावना बोहरा का घोषित किया गया था। इसके बाद बची 4 सीटों पर बुधवार को नाम घोषित किया गया। भाजपा की अब तक की सूची में मौजूदा 4 सांसदों को टिकट दिया गया है। वहीं 11 विधायकों को दोबारा मौका मिला है। भाजपा ने 49 नए चेहरे को मौका दिया है। डॉ. रमन सिंह की सरकार में मंत्री रहे पूर्व विधायकों भी चुनाव लड़ रहे हैं। कसडोल से गौरीशंकर अग्रवाल टिकट के लिए दबाव बनाए थे, लेकिन उन्हें पार्टी ने साइड लगा दिया। वहीं बेमेतरा से योगेश तिवारी को टिकट की चर्चा थी। टिकट मिलने की आस में उन्होंने भाजपा ज्वाइन किया था, लेकिन पार्टी ने इस पर विचार नहीं किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## विस चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए जाएंगे 10 हजार जवान

**रायपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र अर्ध सैनिक बलो की टुकड़ियों के छत्तीसगढ़ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में स्पेशल ट्रेनों के जरिए अर्ध सैनिक बलो की कई टुकड़ियाँ रायपुर पहुंची है।

बता दें कि पोलिंग बूथ पर स्पेशल सुरक्षा के क़रीब 10 हज़ार से ज्यादा जवान तैनात रहेंगे। चुनाव के दौरान कोई भी असामाजिक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करेगी तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उसे जेल की हवा भी खानी पड़ेगी। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा चेकिंग के लिए स्पेशल मशीन की व्यवस्था की गई है। जिसमें वोटिंग करने जाने के पहले मेटल डिटेक्टर सहित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर हुई बैठक**

# ـ224 के चुनाव में लागू करना मुमकिन नहीं : लॉ कमीशन

**नई दिल्ली**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू-कश?मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद के अलावा विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे। इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में लॉ कमीशन ने जानकारी दी है कि वन नेशन, वन इलेक्शन को अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है। उससे पहले संविधान में संशोधन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



# रेणु जोगी फिर एक बार कोटा से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे की प्रत्याशी

- कांग्रेस के अटल व भाजपा के प्रबल प्रताप से होगा मुकाबला





**गोरेला पेंड्रा मरवाही**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान विधायक डॉ रेणु जोगी एक बार फिर कोटा विधानसभा क्षेत्र से विधायक की प्रत्याशी होगी। डॉ रेणु जोगी का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव से होगा। जहां एक और अटल श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ सरकार में पर्यटन मंडल के अध्यक्ष है वही भाजपा के प्रबल प्रताप सिंह जूदेव अपनी हिंदू आदि छवि के साथ चुनाव मैदान में है ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार कोटा विधानसभा क्षेत्र का त्रिकोणीय मुकाबला दिलचस्प होगा।

आखिरकार छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी ने कोटा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 25 से अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कोटा सीट पर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी वर्तमान विधायक कोटा स्वयं एक बार फिर कोटा क्षेत्र से चुनावी मैदान में होगी। माना जा रहा है कि डॉक्टर रेणू जोगी का कोटा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फैसला देर सबेर सोच समझ कर लिया गया है। डॉ रेणु जोगी कोटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक पहली बार वर्ष 2006 में कांग्रेस की टिकट से बनी थी। कोटा सीट पर उसे समय पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला विधायक हुआ करते थे उनके निधन पश्चात रिक्त हुई कोटा सीट पर डॉक्टर रेणु जोगी पहली बार विधायक बनी थी। बाद में वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भी डॉक्टर रेणु जोगी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में कोटा क्षेत्र से विधायक चुनी गई थी। 2006 के विधानसभा उपचुनाव में उन्होंने भाजपा के मूलचंद खंडेलवाल 2008 के विधानसभा चुनाव में काशी साहू एवं 2013 के विधानसभा चुनाव में डॉ रेणु जोगी ने लखन साहू को पराजित किया था। वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा कांग्रेस से अलग होकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे का गठन करने के बाद वर्ष 2018 में हुए विधानसभा के आम चुनाव में उन्होंने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के की ओर से कोटा क्षेत्र का चुनाव लड़ा था और विजयी घोषित हुई थी। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के विभोर सिंह को बुरी तरह पराजित किया था।

अब एक बार फिर डॉक्टर रेणु जोगी कोटा विधानसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस से चुनाव मैदान में कूद कर कोटा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को त्रिकोणीय एवं दिलचस्प बना दिया है।

## 11 अभ्यर्थियों ने लिए आज नामांकन पत्र

### चारों विधानसभा में किसी ने आज नामांकन जमा नहीं किया

**रायगढ़**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत आज 25 अक्टूबर को जिले की चार विधानसभाओं के लिए कुल 11 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 3 अभ्यर्थियों श्रवण कुमार भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी), सुरेन्द्र कुमार सिदार-(इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय)ने नामांकन फार्म लिया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 6 अभ्यर्थियों मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), कांति साहू (आजाद जनता पार्टी), बृजमोहन अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), लल्लू सिंह (निर्दलीय) एवं अरुण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) ने नामांकन फार्म खरीदा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 2 अभ्यर्थियों महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सत्यवती राठिया (बहुजन समाज पार्टी) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से आज किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं लिया गया।



आज 25 अक्टूबर को रायगढ़ के चारों विधानसभा में किसी के द्वारा नामांकन जमा नहीं किया गया है। इस प्रकार 21 अक्टूबर से अब तक कुल 35 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं और 1 नामांकन जमा किया गया है।

## मतदान दल के गठन में विसंगति को दूर करने छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### कलेक्टर ने फेडरेशन को विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन




**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान दलों के विसंगति पूर्ण गठन को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन गौरेला पेंड्रा मरवाही के संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिले की कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया से मुलाकात की अधिकारी कर्मचारी की समस्याओं को लेकर कलेक्टर मैडम से मुलाकात की गई तथा मतदान दलों के गठन की विसंगति दूर करने का आग्रह किया। फेडरेशन के द्वारा दिए गए सुझाव को देखते हुए कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया द्वारा तत्काल चुनाव ड्यूटी में हुई विसंगति को संज्ञान लिया गया एवं आदेशित किया गया है की जिस किसी की भी ड्यूटी सीनियरिटी के हिसाब से नहीं लगी वह सूची बनाकर प्रस्तुत करें ताकि सही ढंग से ड्यूटी लगाई जा सके।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया को सौंप ज्ञापन में बताया गया कि विधानसभा चुनाव 2023 को संपन्न करने के लिए जो मतदान दल गठन किया गया है उसमें अनेक तरह की विसंगतियां है जैसे उच्च वर्ग शिक्षक, छात्रावास अधीक्षक, उप अभियंता, सहाय अभियंता, व्यायाम शिक्षक आदि को पीठासीन अधिकारी बनाया गया है, जबकि यह सब तृतीय श्रेणी के कर्मचारी है वही प्र0 प्रा0 माध्यमिक शाला के व्याख्याता दोनो समान पद (द्वितीय श्रेणी राजपत्रित) है परन्तु प्र0प. मागी को मतदान अधिकारी क्रमाक 1 बनाया गया है। फेडरेशन ने मांग की है कि पद वरिष्ठता व वेतन मान के आधार पर दल का गठन किया जाए सका संभव आदेश संशोधित किए जाए। इसके अलावा फेडरेशन ने मतदान दलों के रवाना होने एवं उनके आने-जाने इत्यादि की व्यवस्था संबंधी चर्चा कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोलिया से की जिस पर कलेक्टर ने समस्त समस्याओं का यथासंभव निराकरण करने की बात कही है। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में फेडरेशन के संयोजक डा, संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी महासंघ के संयोजक सुरेन्द्र सिंह, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव आकाश राय, विश्वास गोवर्धन, प्रकाश रैदास तथा फेडरेशन एवं महासंघ से जुड़े नेता प्रतिनिधी मंडल में शामिल थे।

विधानसभा आम निर्वाचन-2023

## मतदान केन्द्रों में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका होगी महत्वपूर्ण-कलेक्टर

### माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण, ध्यान से करेंगे कार्य

### आपातकालीन चिकित्सा संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजन




**रायगढ़**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए आज नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया एवं मतदान केन्द्रों में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान केंद्रों की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करने में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर ऑब्जर्वर को समय में भेजना सुनिश्चित करेंगे। मतदान दिवस में सभी समय पर पहुंच मॉक पोल, सीआरसी वास्तविक मतदान एवं ईवीएम सीलिंग जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होगी, जिनको आब्जर्व करते हुए रिपोर्ट तैयार करना होगा। जिसके लिए प्रशिक्षण रखा गया हैं, ध्यान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने डाउट क्लियर करें।

इसके साथ ही प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने आयोजित प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर को क्रमशः मतदान केन्द्र में उनके कार्यों, बरती जाने वाली सावधानियों के साथ ही प्रशिक्षण में ईव्हीएम और वीवीपेट मशीन की बारीकियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि लोकत्रंत में हर व्यक्ति का वोट महत्वपूर्ण होता हैं। जिसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को फार्म 12 एवं फॉर्म 12 (क) भरवाया गया। प्रशिक्षण में बैंक, जीवन बीमा, डाकघर, एनटीपीसी, एसईसीएल, केन्द्रीय विद्यालय जैसे विभिन्न केन्द्रीय विभागों के लगभग 450 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, तहसीलदार नेहा उपाध्याय, अनिल गुप्ता, डॉ.नरेन्द्र पर्वत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आपातकालीन चिकित्सा संबंधी कार्यशाला का हुआ आयोजन

आयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था संबंधी कार्यशाला भी रखी गई थी। आपातकालीन चिकित्सा स्टेट कार्डिनेटर पवन कुमार राठौर, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिहं ठाकुर एवं डॉ.दीप्ति ने हार्ट अटैक, मिर्गी, स्ट्रोक, स्नेक बाइट के लक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान अपने स्तर पर सभी प्रकार की दवाइयां रखना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सीपीआर देने संबंधी जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देशन में आपातकालीन चिकित्सा हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर के हॉस्पिटल का चयन किया गया हैं, जहां निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाएगा।

## मरीजों से मिलकर इलाज एवं सुविधाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

- अस्पताल में मरीज व परिजनों को मिले सही मार्गदर्शन
- पोषण पुनर्वास केन्द्र में कोई भी बेड खाली न रहे- कलेक्टर



**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने शाम में जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर मिल रहे इलाज एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और इन्डोर मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। मरीजों के अस्पताल पहुंचने पर उन्हें इलाज के बारे में सही मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन एवं कंसल्टेंट को दिए। अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र के खाली रहने पर नाराजगी जाहिर की। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ तालमेल बनाकर ज्यादा से ज्यादा कुपोषित बच्चों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ.अनिल गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शरण ने लगभग डेढ़ घण्टे तक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न वार्डों एवं मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। अस्पताल की साफ-सफाई एवं उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने अस्पताल परिसर में 100 बिस्तर युक्त मातृ एवं शिशु अस्पताल का सघन निरीक्षण किया। सद्यप्रसूता महिलाओं एवं नवजात बच्चों का हालचाल जाना। अस्पताल में मिल रहे भोजन एवं इलाज के बारे में पूछताछ किए। खरकेना, नवागांव एवं घुटकू की शिशुवती माताओं ने बताया कि उन्हें आज अण्डा, दूध, गाजर एवं चने की सब्जी मिली है। हर दिन खाने का अच्छा भोजन मिल रहा है। इलाज ठीक होने के साथ ही किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। कलेक्टर ने पैथोलॉजी लैब का भी अवलोकन किया। वर्तमान में लगभग डेढ़ सौ मरीजों की जांच प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की जांच की जाती है। हमर लैब की प्रगति के बारे में जिला कलेक्टर को सिविल सर्जन ने बताया। हमर लेब जल्द ही पूर्ण होने वाला है। ढाई सौ से ज्यादा प्रकार की जांच यहां मरीजों को निःशुल्क मिलने लगेगी। अस्पताल में मरीजों के पंजीयन के लिए तैयार किये गये आभा एप्प का और प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रतिदिन 30 मरीजों के जिला अस्पताल में डायलिसिस होने की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने बताया कि जीवनदीप समिति में पर्याप्त फण्ड है। ढाई करोड़ की राशि फिक्सड डिपॉजिट में जमा होने के अलावा 38 लाख रूपये बचत खाता में उपलब्ध है। जिला अस्पताल पूरे राज्य में पहला अस्पताल है जहां जीवन दीप समिति के कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध दवाई एवं इसके वितरण कार्य का भी जायजा लिया।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया दशहरा

### आशीष ने किया रावण का दहन




**तखतपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरे पर्व को नगर में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। नगर के जनकपुर और सांस्कृतिक भवन में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विधायक रश्मि सिंह एवं आशीष सिंह ठाकुर ने आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होकर रावण दहन किया। गुप्ता समाज द्वारा जनकपुर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सर्वप्रथम आशीष सिंह ठाकुर ने भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान की पूजा अर्चना की और बुराई के प्रतिक रावण का दहन किया गया।

इसके बाद भगवान श्रीराम की शोभायात्रा सांस्कृतिक भवन के पास पहुंची जहां राजपूत क्षत्रीय समाज द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, आशीष सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, जगजीत सिंह मक्कड़, सुभाष सिंह, आयोध्या सिंह, मुन्ना श्रीवास, कुलवंत सिंह, अनिल सिंह, ईश्वर देवांगन, मोहित सिंह राजपूत, सुरेश ठाकुर, अजय देवांगन, हरविदंर हूरा, कैलाश देवांगन, सुनील आहुजा, अभिषेक पाण्डेय, टेकचंद कारड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर में राम दरबार का निर्माण पूर्ण हो रहा है और पूरा नगर इस राम दरबार का साक्षी होगा भगवान राम की कृपा सदा पूरे क्षेत्र पर बनी रहे और क्षेत्र का विकास हो ऐसी कामना करता हूं।

श्रीमती रश्मि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों को दशहरे पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन रोहन सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन कोमल सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पीएम मोदी-प्रियंका 30 को...**

नामांकन भरेंगे। इस दौरान नामांकन रैली के बहाने सीएम बघेल अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए कांग्रेस के क्षेत्रीय संगठन ने तैयारी की है।

**हिंदुत्व किसी की बपौती...**

बाद बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रवक?ता श्रीनेत ने कहा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस सरकार की बनेगी। छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पथ है मुझे जानकारी नहीं थी। यह जानकारी तब हुई छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने राम वनगमन पथ निर्माण किया। देश के प्रधानमंत्री ने बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता बढ़ाई है। पत्रकारों के सवालों से प्रधानमंत्री भागते हैं।

छत्तीसगढ़ में ईडी, सीबीआई और आइटी की कार्रवाई पर सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, जहां जहां गैर भाजपा सरकार काम कर रही है, वहां-वहां ईडी कार्रवाई करती है। उन?होंने विधानसभा 2023 के साथ 2024 में लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया।

उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार अपने काम के दम पर, अपने रिपोर्ट कार्ड पर जनता से वोट माँग रही है। इस दौरान केंद्र सरकार ने सिर्फ़ और सिर्फ़ रोड़ा लगाने का काम किया। यहाँ तक कि हमारी सरकार की ज़्यादा दाम पर धान ख़रीदने की पहल को भी रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई।इसीलिए हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अतिरिक्त पैसा डाला।

पिछले चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल शराबबंदी को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि शराबबंदी का फैसला अगली चुनी हुई सरकार लेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव रेवड़ी और रेहड़ी के बीच खड़ा है। मजदूर, गांव गरीब के लिए काम कांग्रेस की रेहड़ी है तो अडाणी के लिए थाली सजाकर देना भाजपा की रेवड़ी है। कांग्रेस लोक हित में रेवड़ी बांटती रहेगी। रेवड़ी बांटने भाजपा ने नगरनार प्लांट को राज्य सरकार के लेने पर रोक लगा दी है। कांग्रेस ने रोजगार, शिक्षा और धान की सर्वाधिक कीमत दी है।

**राजभवन में आयोजित होगा ...**

अधिकारियों ने आज राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया। राज्यपाल ने भव्यतापूर्ण कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सी.आर.पी.एफ. सेक्टर मुख्यालय रायपुर के डी.आई.जी. एन.के.सिंह, 65वीं बटालियन के कमाण्डेंट श्री वी. के. सिंह, असिस्टेंट कमाण्डेंट सी.आर.पी.एफ. श्री राजकुमार चितला, नेहरू युवा केंद्र रायपुर के जिला समन्वयक श्री अर्पित तिवारी उपस्थित थे।

**अंतिम 4 सीटों पर भाजपा ने जारी की...**

भाजपा ने 4 मौजूदा सांसद और एक पूर्व सांसद को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इन सांसदों में केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-सोनहत से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय कुनकुरी और वर्तमान सांसद गोमती साय को पत्थलगांव, दुर्ग सांसद विजय बघेल को पाटन विधानसभा सीट से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने पहली सूची में दुर्ग सांसद विजय बघेल को पाटन विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया था। विजय बघेल के सामने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनावी मैदान में रहेंगे।

**विस में सुरक्षा व्यवस्था के लिए ...**

अन्य सुरक्षा के उपकरण लगाये जायेंगे, जिससे कि शांतिपूर्वक चुनाव हो सके। इस बार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चौक-चौबंद कर दी है।

**2024 के चुनाव में लागू करना...**

करना होगा। समिति ने अपनी दूसरी बैठक में इस बार लॉ कमीशन के चेयरमैन को भी शामिल होने के लिए बुलाया था। समिति जानना चाहती है कि देश में एक साथ चुनाव किस तरह से करवाए जा सकते हैं। इसलिए विधि आयोग के सुझाव और विचार जानने के लिए बुलाया गया था।

## गाली देने से मना करने पर युवक की पिटाई

**तखतपुर**,25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाली देने से मना करने पर युवक की पिटाई कर दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगारबदं निवासी जमुना प्रसाद कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 23 अक्टूबर को रात 7 बजे गांव के ही दुर्गा पण्डाल के पास बैठा था तभी गांव का ही युवक रंजीत कश्यप उर्फ पकला वहां पास गंदी गंदी गाली गलौज कर रहा था तभी मना करने पर मेरे साथ तुम कौन होते हो मुझे बोलने वाले करके मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## नगर में जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**तखतपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में जगह जगह विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर में नौ दिनों तक विराजी माता प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ मनियारी नदी एनीकट, बरेला तालाब में विसर्जन किया गया। नगर सहित आसपास क्षेत्र में नवरात्रि पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया नौ दिनों तक पूरा क्षेत्र भक्ति के वातावरण में डूबा रहा।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

**खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राधेश्याम देवांगन (कर्जदार), प्रभा देवांगन (सह–कर्जदार),ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर 00001330025 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति परिवर्तित भूमि शीट नंबर 31, प्लॉट नंबर 10, राजस्व सर्वे नंबर 1704/3, मौजा निरातू, पटवारी सर्किल नंबर 31/53, ग्राम पंचायत क्षेत्र की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल सकरी, ब्लॉक तखतपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) | रू. 20,13,996/– 07–10–2023 | रू. 19,13,625/– / रू. 1,91,370/– | 06–11–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 10–11–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 09–11–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 09–11–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए–26, जोन–।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 09–11–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 26–10–2023
स्थान : बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

**उवाच**

पूरा देश कर्नाटक की ओर देख रहा है। हम मीडिया को उस तरह नियंत्रित नहीं कर रहे हैं, जैसा कि अन्य राज्यों में किया जाता है। मीडिया लोकतंत्र का एक हिस्सा है।

**-डी.के.शिवकुमार, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32° | 29° |
| मुंबई | 33° | 27° |
| कोलकाता | 29° | 26° |
| चेन्नई | 3[illegible] | 26° |

# रेवड़ी पर व्याख्यान में मोदी व्यस्त : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बुधवार को अक्टूबर 2023 के लिए आरबीआई के नवीनतम बुलेटिन पर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक आर्थिक रुझान दिखाता है। यह नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था के लगातार कुप्रबंधन को दर्शाता है। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दूसरों को रेवड़ी (मुफ्त उपहार) पर

- **आर्थिक माहौल को लेकर रिजर्व बैंक के बुलेटिन पर की केंद्र सरकार की आलोचना**
- **सरकार का राजकोषीय घाटा 20 प्रतिशत बढ़ गया है**

व्याख्यान देते हैं, जबकि उनकी सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में पिछले साल की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर 6.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अक्टूबर 2023 का आरबीआई बुलेटिन बेहद चिंताजनक आर्थिक रुझान दिखाता है। यह देश की अर्थव्यवस्था के बारे में मोदी सरकार के निरंतर कुप्रबंधन को दर्शाता है। उन्होंने सितंबर 2023 के बुलेटिन को याद करते हुए कहा कि कई नकारात्मक संकेतक सामने आए हैं। इनमें बचत वृद्धि दर में 47 साल का निचला स्तर, निजी क्षेत्र के लिए घरेलू ऋण का ठहराव और एक सपाट श्रम-बल भागीदारी दर प्रमुख है।

उन्होंने आगे कहा कि ये रुझान या तो स्थिर बने हुए हैं या खराब हो गए हैं। पार्टी के संचार प्रभारी रमेश ने कहा कि शुद्ध बचत वृद्धि दर घटने का एक प्रमुख कारण यह है कि घरेलू देनदारियों में भारी वृद्धि हुई थी। वित्त मंत्रालय के भ्रामक दावे के बावजूद कि यह वृद्धि होम और ऑटो लोन के कारण है, सितंबर बुलेटिन में स्पष्ट कहा गया है कि गोल्ड लोन में 23 प्रतिशत और



**मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का लगातार कुप्रबंधन किया है : जयराम रमेश**

पर्सनल लोन में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर का आरबीआई बुलेटिन इस तथ्य की पुष्टि करता है कि अगस्त 2023 में बैंक ऋण वृद्धि में पर्सनल लोन का सबसे ज्यादा योगदान था। इसमें 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गोल्ड लोन 22 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वास्तव में, पिछले 15 महीने से गैर-आवासीय पर्सनल लोन 20 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रहे हैं। कम से कम पिछले 15 साल में ऐसा नहीं हुआ था। रमेश ने यह भी कहा कि इस बीच, औद्योगिक क्षेत्र के ऋण उठाव की वृद्धि दर, जो निवेश और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है, की गति धीमी रही। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 में यह साल-दर-साल केवल 6.1 प्रतिशत थी, जो पिछले साल की तुलना में लगभग आधी और 2013 के मुकाबले एक-तिहाई थी।

इस बीच, उद्योग को मिलने वाला बैंक ऋण, जो 2013 में गैर-खाद्य ऋण का 46 प्रतिशत था, 2023 में घटकर केवल 24 प्रतिशत रह गया। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा जबकि प्रधानमंत्री रेवड़ी और राजकोषीय जिम्मेदारी पर दूसरों को व्याख्यान देते

## मुद्रास्फीति 6.8 फीसदी पर नियंत्रण से बाहर है : कांग्रेस

महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि मुद्रास्फीति 6.8 फीसदी पर नियंत्रण से बाहर है, जो आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर है। आरबीआई ने अनाज, दालों और मसालों पर लगातार मुद्रास्फीति के दबाव का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश भारतीयों को अपनी आय पर मूल्य वृद्धि के दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बुनियादी भोजन, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मेक इन इंडिया की विफलता और पीएलआई योजनाओं की निष्प्रभाविता इस तिमाही में चार प्रतिशत से भी कम निर्यात वृद्धि में झलकती है।

हैं, जबकि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। यह पिछले साल के मुकाबले लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 की पहली तिमाही 6.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार कर्ज ले रही है जिससे भविष्य में देश के नागरिकों पर बोझ पड़ेगा और कम घाटा दिखाने के लिए राज्यों को कर हस्तांतरण कम करके संघवाद के सभी सिद्धांतों का उल्लंघन कर रही है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि निर्यात मंदी से सबसे ज्यादा प्रभावित एमएसएमई हैं, जिन्हें कम मुनाफे और उच्च लागत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है 2004-2014 तक निर्यात प्रति वर्ष औसतन 14 प्रतिशत की दर से बढ़ा, मोदी सरकार के तहत निर्यात वृद्धि दर में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट आई और यह केवल छह प्रतिशत पर रह गई।

# मोदी का महाराष्ट्र व गोवा दौरा आज

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के शिरडी पहुंचेंगे, जहां वह श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और



दर्शन करेंगे। वह मंदिर में नए दर्शन परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध के एक नहर नेटवर्क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शिरडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह स्वास्थ्य, रेल, सड़क और तेल जैसे क्षेत्रों में लगभग 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और कुछ की आधारशिला रखेंगे।

शिरडी में प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने वाला नया दर्शन परिसर नवीनतम तकनीक से पूर्ण एक आधुनिक विशाल भवन है जिसकी परिकल्पना भक्तों को आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र प्रदान करने के लिए की गई है। यह दस हजार से अधिक भक्तों के बैठने की क्षमता वाले कई प्रतीक्षा हॉलों से सुसज्जित है। इसमें क्लॉक रूम, शौचालय, बुकिंग काउंटर, प्रसाद काउंटर, सूचना केंद्र आदि जैसी वातानुकूलित सार्वजनिक सुविधाओं का प्रावधान है।

# शांति व सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सहिष्णुता आवश्यक : द्रौपदी मुर्मू

- **राष्ट्रपति भवन में आयोजित अंतरधार्मिक बैठक में लिया भाग**

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सहिष्णुता और एक-दूसरे के प्रति सम्मान के महत्व को समझना जरूरी है। राष्ट्रपति ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक अंतरधार्मिक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक विश्वास और प्रथाएं विपरीत परिस्थितियों में राहत, आशा और शक्ति प्रदान करती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि धर्म जीवन में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक विश्वास और प्रथाएं हमें विपरीत परिस्थितियों में राहत, आशा और शक्ति प्रदान करती हैं। प्रार्थना और ध्यान मनुष्यों को आंतरिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का अनुभव प्रदान करने में मदद करते हैं। लेकिन शांति, प्रेम, पवित्रता और सत्य जैसे मौलिक आध्यात्मिक



**धार्मिक विश्वास व प्रथाएं विपरीत परिस्थितियों में शक्ति देती हैं : राष्ट्रपति**

मूल्य हमारे जीवन को सार्थक बनाते हैं। इन मूल्यों से रहित धार्मिक प्रथाएं हमें लाभान्वित नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, सहिष्णुता, परस्पर सम्मान और सद्भाव के महत्व को समझना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी का सहयोग आवश्यक होगा।

## प्रत्येक मानव आत्मा स्नेह व सम्मान की हकदार

मुर्मू ने कहा कि प्रत्येक मानव आत्मा स्नेह और सम्मान की हकदार है। आत्मबोध का भाव, मूल आध्यात्मिक गुणों के अनुसार जीवन-यापन करना और परमात्मा के साथ आध्यात्मिक संबंध रखना ही सांप्रदायिक सद्भाव और भावनात्मक एकीकरण का सहज साधन है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रेम और करुणा के बिना मानवता का अस्तित्व नहीं है। जब विभिन्न धर्मों के लोग सद्भाव से एक साथ रहते हैं, तो समाज और देश का सामाजिक ताना-बाना सुदृढ़ होता है। यही शक्ति देश की एकता को और मजबूत करती है तथा उसे प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ दो दिन की यात्रा पर उत्तराखंड जाएंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को उत्तरखंड की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्य में उनकी यह पहली यात्रा होगी। उनके साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी होंगी। धनखड़ यात्रा के पहले दिन गंगोत्री जायेंगे और अगले दिन केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के दर्शन भी करेंगे। उपराष्ट्रपति वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित कंट्री लेड इनिशिएटिव (सी एल आई) के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। उनका देहरादून राजभवन जाने का भी कार्यक्रम है।

### बेंगलुरु में विमान से एक किलो सोने का बार बरामद

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने अबू धाबी से आए एक विमान की तलाशी ली और वॉशरूम में छिपाए गए एक पाउच में एक किलोग्राम सोने की ईंट बरामद की। यह जानकारी बुधवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान में कहा गया है, 24 अक्टूबर को एयर कस्टम्स के अधिकारियों ने फ्लाइट ईवाई 238 में तलाशी ली, जो अबू धाबी से आई थी। तलाशी के दौरान विमान के वॉशरूम में ब्लैक कलर का पाउच मिला, जिसमें सोने का पेस्ट था। 8,21,92 लाख रुपये कीमत का 1331.66 ग्राम सोना बरामद किया गया।

### नीतीश ने विभूति कवि के निधन पर जताया शोक

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व विधान पार्षद विभूति कवि के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कुमार ने बुधवार को अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### महाराष्ट्र में कपड़ा रंगाई इकाई में लगी आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में बुधवार सुबह एक कपड़ा रंगाई इकाई में आग लग गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। सूत्रों ने बताया कि आग भिवंडी में बागे फिरदोस मस्जिद के पीछे स्थित फैक्ट्री परिसर से भड़की। देखते ही देखते आग आसपास की इमारतों तक फैल गई। निजामपुर पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ निरीक्षक ने कहा कि दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

# कानपुर में संक्रमित खून चढ़ाने की लापरवाही शर्मनाक : खड़गे

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना को गंभीर लापरवाही और शर्मनाक स्थिति बताते हुए कहा है कि केंद्र तथा राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने व्यवस्था को डबल बीमार बना दिया है। खडगे ने बुधवार को यहां जारी बयान में भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को डबल बीमार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिससे इन बच्चों को एचआईवी एड्स और हेपेटाइटिस बी, सी जैसी चिंताजनक बीमारियां हो गई हैं। उन्होंने कहा ये गंभीर लापरवाही शर्मनाक है। मासूम बच्चों को भाजपा सरकार के इस अक्षम्य अपराध की सजा भुगतनी पड़ रही है। मोदी कल हमें 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे थे, क्या उन्होंने कभी अपनी भाजपा सरकारों की रत्ती भर भी जवाबदेही तय की है।



- **उप्र की भाजपा सरकार ने व्यवस्था को बनाया डबल बीमार**

# बच्चियों को बचाने के बारे में सोचें शिवराज : कांग्रेस

**भोपाल,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आज एक बार फिर सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बच्चियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की है और वे इस बारे में सोचें।

सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया कि शिवराज कन्या पूजन के नाम पर अपहरण कहां हो रहा है। आप देख रहे हैं कि नहीं इसी भोपाल में आपकी नाक के नीचे। मुझे टार्गेट करने से समय बचा हो तो जरा बच्चियों को भी बचा लीजिए। बेटियों की सुरक्षा भी फिलहाल आपकी ही जिम्मेदारी है। इसके पहले सिंह ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री चौहान के नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन को लेकर भी बयान दिया था। इसके बाद चौहान ने मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर अपने बयान में कहा कि बेटियों की पूजा सनातन संस्कार है, लेकिन इसको लेकर भी नाटक



**मुझे टार्गेट करने से समय बचा हो तो जरा बच्चियों को भी बचा लीजिए : दिग्विजय सिंह**

**मप्र में बच्चियों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर फिर प्रदेश सरकार को**

नौटंकी की बात की जा रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सनातन और शिवराज का विरोध करते हुए कोई नेता इतने निचले स्तर पर पहुंच जाएगा कि उन्हें बेटियों के सम्मान से भी तकलीफ होने लगी है। इसके बाद बुधवार सुबह सिंह ने इस मामले को लेकर फिर चौहान से सवाल किया है। दरअसल राजधानी भोपाल में दो दिन पहले कन्या पूजन के बहाने एक गिरोह ने दो मासूम बच्चियों को अगवा कर लिया था। इस बीच पुलिस ने कोलार क्षेत्र में एक किराए के मकान दबिश दी, जिसमें अपहृत बच्चियां मिली, जिन्हें पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से मुक्त करा लिया और मौके से एक नाबालिग लड़की सहित पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

पकड़े गए परिवार के पास से दो और बच्चियां मिली हैं, इनमें एक तीन माह की है तथा एक ढाई वर्ष की है। पूछताछ में आरोपियों ने इन बच्चियों को अपनी बच्चियां बताया, लेकिन पुलिस को मामला संदेहास्पद लग रहा था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि माताओं और बहनों के लिए अपशब्दों का उपयोग करने वाले कांग्रेस के दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे नेताओं की क्या हैसियत है जो वे आंख मिला कर बात कर सकें। चौहान यहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का नामांकन दाखिल कराने के लिए आए थे। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

## स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाएंगे : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाया जाएगा। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के 18 साल के कार्यकाल में प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में देश के सबसे पिछड़े राज्यों में शामिल हो गया है। यहां बीमार और गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस नहीं मिलती, आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज नहीं मिलता, मृतकों का उपचार दिखाकर घोटाला किया जाता है और व्यापम तथा नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटालों से प्रदेश की छवि खराब की जाती है।



# सुनीता नरसापुर विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार घोषित

**हैदराबाद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीआरएस प्रमुख मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सुनीता लक्ष्मरेड्डी को नरसापुर विधानसभा क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने वर्तमान नरसापुर विधायक मदन रेड्डी के साथ उन्हें बीफॉर्म प्रदान किया। इस अवसर पर, पार्टी ने मदन रेड्डी को, जो वर्तमान में नरसापुर विधायक के रूप में कार्यरत हैं, आगामी संसदीय चुनावों में मेडक सांसद उम्मीदवार के रूप में मौका देने का फैसला किया है। पार्टी में आंतरिक समायोजन करते हुए यह निर्णय बीआरएस पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों ने लिया। इस कोर कमेटी की बैठक मुख्यमंत्री केसीआर के नेतृत्व में हुई। मुख्यमंत्री केसीआर ने बीआरएस पार्टी के प्रमुख सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए फैसले पर खुशी जताई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मदन रेड्डी एक वरिष्ठ नेता हैं जो पार्टी की शुरुआत से ही मेरे साथ रहे हैं। एक नेता

- **केसीआर ने पार्टी सदस्यों के फैसले पर जताई खुशी**



के रूप में वे मेरे बहुत प्रिय हैं और 35 वर्षों से मेरे निकट संपर्क में हैं। वह मेरे दाहिने हाथ की तरह हैं, और भाई समान हैं। पार्टी के विचारों का सम्मान करते हुए मुझे नरसापुर चुनाव जीतने की जिम्मेदारी सुनीता लक्ष्मारेड्डी के कंधों पर देते हुए खुशी हो रही है। पार्टी ने नए सांसद प्रभाकर रेड्डी की मौजूदा संसदीय सीट से मदन रेड्डी को मौका देने का फैसला किया है। इसके लिए पार्टी के प्रमुख सदस्यों और कार्यकारिणी को बधाई। मैं वरिष्ठता को पहचानने और सम्मान देने के लिए पार्टी के मुख्य कार्यकारी समूह की सराहना करता हूं।

# अहमदाबाद के रेस्तरां से 11 नाबालिगों को बचाया

**अहमदाबाद,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। चाइल्ड लेबर के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस और बाल अधिकार समूह, बचपन बचाओ आंदोलन के एक संयुक्त अभियान के तहत अहमदाबाद में एसजी हाईवे के पास इस्कॉन थाल रेस्तरां से 11 नाबालिगों को बचाया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह ऑपरेशन मंगलवार को किया गया। बाल श्रम को उजागर करने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ बचपन बचाओ आंदोलन की सक्रिय सदस्य दामिनी से विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होने पर, एक टीम छापेमारी करने के लिए गई।

नाबालिगों को कठोर परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करते हुए पाया गया, उन्हें प्रति बच्चा 8,500 रुपये प्रति माह का मामूली वेतन दिया जा रहा था। बचाए गए बच्चों के विवरण से पता चला कि 17 साल के चार, 16 साल के छह और 13 साल का एक बच्चा था। अहमदाबाद पुलिस ने रेस्तरां के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है और प्रतिष्ठान के मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और बड़े संगठित अपराध की आशंका है।

# तमिलनाडु सरकार के कर्मचारियों के डीए में चार फीसदी की वृद्धि

**चेन्नई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने बुधवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों में मिलने वाले महंगाई भत्ता में चार फीसदी की वृद्धि करने की घोषणा की। इसके बाद सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत की बजाय 46 प्रतिशत मिलेगा और यह एक जुलाई से प्रभावी होगा। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बढ़ोतरी कुछ दिन पहले केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप है।



**2,546.16 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय करेगी सरकार**

विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य सरकार गंभीर वित्तीय संकट का सामना करने के बावजूद कर्मचारियों के अनुरोधों पर विचार कर रही है और जब-जब केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारियों का डीए बढ़ाया गया, तब-तब तमिलनाडु सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार की हालिया बढ़ोतरी के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और शिक्षकों को मिलने वाले डीए को 42 से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। स्टालिन की घोषणा से लगभग राज्य सरकार के 16 लाख कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार इस संबंध में 2,546.16 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय करेगी और अपने कर्मचारियों तथा शिक्षकों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त धन आबंटित करेगी।

**चुनौती** *आईबी व सीबीआई के लिए चुनौती बने पीएमओ के नाम पर जालसाजी के बढ़ते मामले*

# अब तक एक दर्जन से अधिक नटवरलाल पहुंचे सलाखों के पीछे

**■ जोगेन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीएम और पीएमओ के नाम पर ठगी इन दिनों पढ़े लिखे जालसाजों का सबसे प्रिय शगल बन गया है। ताकत और रसूख के सबसे बड़े पॉवर सेंटर के नाम का इस्तेमाल करके ठगी करने वाले करीब एक दर्जन से अधिक नटवरलाल अब तक सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। आईबी से लेकर सीबीआई तक ऐसे नए नवेले ठगों को ट्रैक करने का लगातार प्रयास कर।**

रही है लेकिन इसके बावजूद जालसाजी के ऐसे मामलें थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इंटैलीजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी के मुताबिक इसी साल मार्च महीने में गुजरात के रहने वाले एक जालसाज किरण पटेल को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया गया था।

किरण पटेल कई महीनों तक खुद को पीएमओ का एडीशनल सेक्रेट्री बताकर न सिर्फ सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल करता रहा बल्कि उसने पीएमओ को मिलने वाला सुरक्षा चक्र और प्रोटाकॉल भी



- **2017 से सामने आ रहे जालसाजी के मामले**

हासिल कर लिया था। किरण पटेल की पत्नी मालिनी पटेल को भी बाद में गिरफ्तार किया गया था।

किरण पटेल को पीएमओ में किन लोगों से मदद मिल रही थी वह किसके लिए काम कर रहा था ये सब आज तक रहस्य बना हुआ है। उसके खिलाफ अब तक धोखाधड़ी के सात मामले दर्ज किए जा चुके हैं। किरण पटेल से पहले भी पीएम के नाम का इस्तेमाल कर जालसाजों ने पहले भी धोखाधड़ी की है। सीबीआई के मुताबिक पीएमओ के नाम से चल रही योजनाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा करके जालसाजी के मामलें लगातार 2017 से ही सामने आ रहे हैं। पीएम मुद्रा लोन से लेकर पीएम आवास योजना के नाम पर अलग-अलग राज्यों में कहीं न कहीं ठगी के मामले सामने आते रहे हैं। लेकिन खुद को पीएमओ अफसर बताकर ठगी करने का नया ट्रेंड सामने आने के बाद सीबीआई और आईबी और खुद पीएमओ अलर्ट मोड में हैं।

किरण पटेल प्रकरण के बाद खुद नेशनल सिक्यूरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल ने आईबी और सीबीआई को पीएमओं के साथ समन्वय बनाकर ऐसे ऐसी शिकायतों की सख्ती से मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया था। हांलाकि इसके बाद भी अगस्त में यूपी एसटीएफ ने खुद को पीएमओ का अफसर बताकर ठगी करने वाले वाराणसी के संतोष सिंह उर्फ अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया था। जून 2023 में सीबीआई ने भी पीएमओ के एक फर्जी सहायक आयुक्त के नाम पर लोगों से ठगी का एक मामला दर्ज किया था।

उससे पहले 15 मई 2023 में वाराणसी में भी एक घटना सामने आई जिसमें रिटायर कर्नल उपेन्द्र राघव से खुद को प्रधानमंत्री मोदी की भतीजी कए महिला ने ने 21 लाख की ठगी कर ली। बॉक्स इसलिए झांसे में आ जाते है लोग आईबी के एक अधिकारी का मानना है कि पीएमओ में काम करने वाला अधिकारी बनकर पढ़े लिखे नटवर लाल एक चक्रव्यूह तैयार करते हैं कि आमतौर पर लोग पीएमओ से जानकारी हासिल करने में कतराते हैं कि अमुक व्यक्ति का पीएमओ से कोई संबध है या नहीं अथवा पीएम के नाम से चल रही योजना में लोगों को अमुक सुविधा दी जा रही है या नहीं।

जबकि पीएम को मेल भेजकर या पूछताछ कार्यालय में फोन करके कोई भी व्यक्ति ये शिकायत या जानकारी हासिल कर सकता है।

देशबन्धु

बिलासपुर, गुरूवार 26 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मणिपुर त्रासदी से 'व्यथित' मोहन भागवत

उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे। केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है।

और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने 'इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ' बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि 'गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये।' मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी।

पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवत: यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफ़ीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है।

दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाज़ुक है। भाजपा का नफ़रती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में भाजपा को मिली पराजयों के बाद अगर इन राज्यों में उसकी स्थिति ठीक रहती तो शायद संघ व भाजपा उस एजेंडे को आगे बढ़ाते परन्तु सम्भवतया संघ को अब एहसास हो गया होगा कि उस पिच पर लम्बी पारी खेलना बहुत मुश्किल है; जीतना तो और भी दूर की बात है।

विदेशी शक्तियों का उल्लेख कर भागवत अपनी सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इसकी जिम्मेदार भी मोदी सरकार की है। फिर, केन्द्र के साथ मणिपुर में भी तो उन्हीं की यानी कि भाजपा की सरकार है। जिस तरह से अब तक भाजपा के नेता डबल इंजिन की सरकारों को महिमा मंडित करते आये हैं, तो भागवत को स्वीकार करना चाहिये कि दोनों ही इंजिन नाकाम साबित हुए हैं और अब इन्हें बदलने की ज़रूरत है। याद हो कि सीमावर्ती राज्यों में होने वाली घुसपैठ पर यही आरएसएस और ये ही नेता विपक्षी सरकारों-दलों को पानी पी-पीकर कोसते थे। उनका आरोप होता था कि बाहरी तत्व गैर भाजपायी केन्द्र-राज्यों की सरकारों की सांठगांठ से भारत आकर गड़बड़ियां करते हैं। भागवत आज क्या कहेंगे? उम्मीद है कि संघ अब समस्या की गहनता से वाकिफ़ हो चुके होंगे।

इस बयान का कारण संघ प्रमुख की यह चिंता भी हो सकती है कि इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों का असर, जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे, 2024 के लोकसभा चुनावों पर पड़ना तय है। इन राज्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के तमाम सर्वे जिस तरह के परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं, संघ प्रमुख का चिंतित होना लाजिमी है। कोई यह न समझे कि भागवत का बयान सदाशयता व समरसता के लिये या फिर वाकई देश की अखंडता-एकता को उत्पन्न कथित खतरे की चिंता में दिया गया है। इसके सामाजिक नहीं वरन राजनैतिक निहितार्थ हैं।

# जंग की आग में फिल्म का प्रचार

## दुनियादारी

**■ सर्वमित्रा सुरजन**

अपनी फिल्म के प्रमोशन के चक्कर में अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश के लिए अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी है। दुनिया के सामने भारत को लगभग शर्मिंदा करने के हालात बना दिए हैं। दरअसल कंगना रनौत की फिल्म तेजस इस शुक्रवार को प्रदर्शित होने वाली है। मार्केटिंग के युग में फिल्में भी बिना प्रचार-प्रसार और प्रमोशन के नहीं चलती हैं। पहले फिल्म के वितरक और जिन सिनेमाघरों में फिल्में लगती थीं, उनके मालिकान लाउडस्पीकर को कस्बों-शहरों में घुमाकर नयी फिल्म के आने की जानकारी दे दिया करते थे। प्रदर्शन से पहले फिल्मों के लुभावने पोस्टर शहर भर में टंग जाया करते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया का जमाना है, जहां अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर जाकर अभिनेता-अभिनेत्रियां अपनी फिल्मों, वेब सीरीज या धारावाहिकों की जानकारियां दिया करते हैं, इसके अलावा कभी मॉल्स तो कभी बाजारों में खुद जाकर अपनी फिल्म के बारे में जानकारी देते हैं। चूंकि कंगना की फिल्म दशहरे के मौके पर आ रही थी तो रामलीला का मंच भी फिल्म के प्रचार के लिए इस्तेमाल हो गया। दशहरे पर राम और रावण दो ही मुख्य किरदार होते हैं, तो कंगना ने लगे हाथ रावण को मौजूदा वैश्विक हालात से जोड़कर बता दिया कि वो किसे राम मानती हैं।

कंगना रनौत ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रही विनाशकारी जंग में हमास को आधुनिक रावण बता दिया है। दरअसल कंगना रनौत ने नयी दिल्ली में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात की है। जिसकी फोटो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और ट्विटर पर शेयर की हैं। कंगना ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि 'आज पूरी दुनिया, ख़ासकर इज़रायल और भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जंग लड़ रहे हैं। कल जब मैं रावण दहन करने दिल्ली पहुंची, तो मुझे लगा कि इजरायली एम्बेसी आकर उन लोगों से मिलना चाहिए जो आज के आधुनिक रावण हमास जैसे आतंकवादियों को परास्त कर रहे हैं। जिस प्रकार से छोटे बच्चों को, महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा हैं, ये दिल को झकझोर देने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद हैं आतंकवाद के ख़िलाफ इस युद्ध में इज़रायल विजयी होगा।

वैसे ये पहली बार नहीं है, जब कंगना ने इजरायल के समर्थन में इस तरह बयान दिया। हमास के हमले के बाद भी उन्होंने इजरायल के साथ अपनी सहानुभूति दर्शाई थी। दरअसल कंगना रनौत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नक्शेकदमों पर ही हैं। श्री मोदी ने भी सबसे पहले इजरायल के समर्थन में बयान दिया था और फिलिस्तीन के लिए कुछ नहीं कहा था। दुनिया में इससे सही संदेश नहीं गया, ये बात जैसे ही विदेश मंत्रालय को समझ आई, उसने भूल सुधार करते हुए पांच दिन बाद बयान दे दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और फिलिस्तीन को उसका हक मिलने का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री के बयान पर तो भूल-चूक माफ वाले अंदाज में काम हो गया। लेकिन अब कंगना रनौत के बयान को कैसे संभाला जाएगा। वैसे तो स्वतंत्र देश की स्वतंत्र नागरिक होने के नाते कंगना रनौत को पूरा हक है कि वे अपनी राय बेरोकटोक जाहिर कर सकें। मगर ये सारी बातें उन्होंने इजरायली राजदूत से मुलाकात के बाद कही हैं। इसके बाद दुनिया में सवाल उठ सकते हैं कि आखिर भारत का पक्ष क्या है। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने फिर दोहराया है कि वह फिलिस्तीन को मदद भेजना जारी रखेगा और उसके साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर काम करता रहेगा। लेकिन घरेलू मोर्चे पर फिल्म के प्रमोशन के लिए एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय मसले को जिस तरह घसीटा गया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है।

> **भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।**

कंगना रनौत ने भले ही भाजपा की निगाह में चढ़ने के लिए, सरकार को अंध समर्थन देने के लिए इस तरह का बयान दिया हो, लेकिन असल में इससे देश की किरकिरी होने के आसार ही बने हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भी कंगना से ये सवाल किया जा सकता है कि जब उन्हें इजरायली महिलाओं और बच्चों पर हमास के अत्याचार दिखे हैं और उनका दिल इससे टूटा है, तो क्या उन्हें फिलिस्तीनी बच्चों और वहां के निर्दोष नागरिकों की चीख-पुकार से जरा भी फर्क भी नहीं पड़ा। जिस तरह इजरायल फिलिस्तीन में राहत शिविरों, अस्पतालों, मस्जिदों, चर्च को निशाना बना रहा है, सैकड़ों बच्चों को मारा जा चुका है, क्या ये सब देखकर कंगना रनौत का दिल नहीं टूटता। हमास को रावण कह देना और उसके खात्मे की कामना करना, एक जटिल मुद्दे का अतिसरलीकरण है।

कंगना रनौत चाहे जितने तरीकों से अपनी फिल्म का प्रचार कर लें, लेकिन कम से कम उन्हें जंग की आग में अपनी फिल्म को चमकाने की कोशिश नहीं करना चाहिए थी। वैसे भी इस बार दशहरे पर उन्होंने इतिहास रच ही दिया है। दिल्ली की लवकुश रामलीला में इस बार कंगना ने रावण के पुतले पर तीर चलाए। ये और बात है कि तीन बार की कोशिश के बाद भी जब उनसे तीर नहीं चला तो रामलीला कमेटी के ही एक सदस्य ने उनकी मदद की। इस वजह से सोशल मीडिया पर कंगना रनौत का खूब मजाक भी उड़ रहा है। अब कंगना कोई पेशेवर तीरंदाज तो हैं नहीं जो उनसे तीर चलाया जाएगा, इसलिए उनका इस वजह से मजाक उड़ाना सही नहीं है। लेकिन फिर भी लोगों ने उन पर फब्तियां कसने का मौका इसलिए नहीं छोड़ा क्योंकि कंगना रनौत सुर्खियों में बने रहने के लिए जिस तरह की बयानबाजी करती हैं, उसमें उनका पक्षपात, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ाने का उन्माद साफ झलकता है। कंगना किसी न किसी मोदी सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगी रहती हैं, बल्कि कई बार चापलूसी करती दिखती हैं। कल भी रावण दहन के दौरान कंगना रनौत ने जय श्रीराम के नारे लगाए और कहा कि भगवान राम सबसे बड़े हीरो हैं, और उनके जैसा न तो कोई था और ना ही कोई होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम पर कंगना ही नहीं इस देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था है। लेकिन सवाल ये है कि वो कौन से राम हैं, जिन्हें कंगना अपना हीरो बता रही हैं। क्या ये वो राम हैं, जिनके नाम का इस्तेमाल कर भाजपा ने सत्ता का सफर तय किया है, या फिर ये गंगा-जमुनी संस्कृति वाले राम हैं, जिनके नाम से पहले लोग सीता का नाम लेते हुए जय सियाराम का अभिवादन करते रहे हैं।

कंगना रनौत को कल लवकुश रामलीला में बतौर महिला रावण पर तीर चलाने का मौका मिला तो इस इतिहास को रचने के साथ-साथ वे मिसाल भी कायम कर सकती थीं। जय श्रीराम के साथ वे जय सियाराम भी कह सकती थीं। स्त्रीशक्ति को दिखाते हुए बिल्किस बानो से लेकर महिला पहलवानों, मणिपुर की महिलाओं और उज्जैन की नाबालिग बच्ची जैसे कई मामलों में इंसाफ की आवाज बुलंद रामलीला के मंच से कर सकती थीं। हमास के लिए उन्हें आधुनिक रावण की संज्ञा याद आई, लेकिन अपने देश में अलग-अलग किरदारों के पीछे छिपे रावणों को कंगना ने बड़ी आसानी से अनदेखा कर दिया। दरअसल कंगना या उनकी तरह के सुविधापरस्त लोगों से ऐसी कोई भी उम्मीद रखना बेवकूफी ही है। उनके एजेंडे में भारत के आधुनिक रावणों का जिक्र करना शामिल ही नहीं है, क्योंकि इससे उनकी फिल्म को कोई फायदा नहीं मिलता।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया

**■ सुशील कुट्टी**

2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस हार गई थी और अब वह वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। हालांकि, सत्तारूढ़ मिज़ो नेशनल फ्रंट और विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट ने उम्मीद नहीं छोड़ा है। मिजोरम में भाजपा को पड़ोसी राज्य मणिपुर में हो रही घिनौनी घटनाओं से जूझना पड़ रहा है। एमएनएफ का नेतृत्व मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा कर रहे हैं और मिज़ो शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से एमएनएफ और कांग्रेस ने क्रमश: तीन और चार बार सत्ता संभाली है। एमएनएफ खुद को सत्ता में बनाये रखने के लिए लोगों के उत्थान के लिए अच्छे प्रशासन और सरकारी संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के अपने रिकॉर्ड पर भरोसा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मणिपुर हिंसा मिज़ोरम में सिरदर्द बन गया है। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर में अप्रिय घटनाओं के बावजूद राज्य में प्रचार करना होगा। प्रधानमंत्री से प्रेस वार्ता आयोजित करने की उम्मीद बहुत ज्यादा होगी। प्रधानमंत्री मोदी हस्तक्षेप करने वाले प्रेस से घिरे हुए मंच के ऊपर दूर पर ही होंगे।

भाजपा के अन्य शीर्ष नेता मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों मिजोरम में रहेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, वह 30 अक्टूबर को ममित शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

इस बीच कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी आये और चले गये। अच्छी तरह से कटी हुई दाढ़ी वाले गांधी 16 अक्टूबर को एक पदयात्रा और एक रैली के लिए मिजोरम में थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, राहुल गांधी मीडिया का सामना करने से घबड़ाते या डरते नहीं थे।

एक चुटीले पत्रकार ने राहुल से राजनीतिक वंशवाद के बारे में पूछा और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बिना किसी दुर्भावना के पत्रकार से प्रतिवाद किया, जिसे देखने वाला कोई भी यह प्रमाणित करेगा कि यह एक कठिन कार्य है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है और पार्टी सभी 40सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भारतीय जनता पार्टी 23 निर्वाचन क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमायेगी। भाजपा के दो स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंतविस्वा शर्मा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा हैं। शर्मा ने विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में जमीन तैयार करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करना सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों/केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के लिए जीवनरेखा है। हिमंतविस्वा शर्मा को पूर्वोत्तर में एक बड़ा आकर्षण माना जाता है। एक अन्य पूर्वोत्तर व्यक्ति, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मिजोरम के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी हैं। भाजपा मिजोरम में सीटों के लिए रियांग और चकमा आदिवासियों पर भरोसा कर रही है।

भगवा पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट पर भरोसा कर रही है। मतदान 7 नवम्बर मंगलवार को और मतगणना रविवार को होगी। चुनाव लड़ने के लिए 174 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और मुख्य विपक्षी दल, ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), दोनों क्षेत्रीय/राज्य संगठन हैं। कांग्रेस और भाजपा मूलत: बाहरी हैं। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़कर अपनी घुसपैठ बनाने की कोशिश कर रही है। 174 उम्मीदवारों में से 27 'निर्दलीय' हैं।

ऐज़वाल में राहुल गांधी की पदयात्रा में हजारों कांग्रेस समर्थक और जनता शामिल हुई। कम से कम चनमारी नामक स्थान से लेकर ट्रेजरी स्क्वायर नामक स्थान तक का विस्तार गांधी परिवार की भारत जोड़ो यात्रा की याद दिलाता है। गांधी ने सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया और कुछ लोगों से बातचीत करते हुए हाथ मिलाया। आंखों से संपर्क बनाना मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता छात्रों के साथ बातचीत करने से नहीं चूके और ईसाई बहुल मिजोरम में मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

> **निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।**

ऐज़वाल और लुंगलेई राज्य में दो स्थान थे जहां कांग्रेस नेता रुके थे। इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी मिजोरम में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, जो क्रमश: भाजपा और कांग्रेस के मुख्य प्रचारक हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जीत किसकी होती है। हालांकि, फिलहाल, दोनों पार्टियां मिजोरम पीपुल्स फोरम के साथ चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद सार्वजनिक जुलूस आयोजित नहीं करने के समझौते से बंधी हैं।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

कहानी से अलग एक दिलचस्प बात यह है कि निवर्तमान विधानसभा के 35 विधायक करोड़पति थे जिनके बारे में एसोसिएशन फॉरडेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच ने बताया है। राज्य में कुल 39 विधायक थे और उनमें से कोई भी महिला नहीं थी। उन्होंने कहा कि ये 2023 के लिए चुनावी मुद्दे नहीं हैं।

पूरी संभावना है कि असम-मिजोरम सीमा विवाद तथा मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी पर जनाक्रोश मिजोरम चुनाव परिणामों को प्रभावित करेंगे।

## पावन प्रसंग

# खुश रहने के लिए सकारात्मक रहें

खुशियों हर किसी के जीवन में बहार लाती है ।; इसलिए सभी अपने जीवन में खुशियां चाहते हैं और खुशी पाने के लिए कोई भी काम करना पसंद करते हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो खुशियां आंतरिक होती हैं। बाहरी वस्तुएं एवं परिस्थितियां हमें जो खुशी देती हैं, वह अस्थायी होती है। यदि स्थायी खुशी की तलाश करनी है तो उसे अपने भीतर ही खोजना होगा, क्योंकि खुशियों का खजाना कहीं बाहर नहीं, बल्कि मनुष्य के अंदर ही छिपा होता है- उसके दृष्टिकोण में, उसके नजरिए में, उसकी समझ में और उसके संतोष में। जीवन में बहुत सी ऐसी छोटी-छोटी चीजें होती हैं, जिनसे हम खुशी हासिल कर सकते हैं और अपने अंतर्मन को पल भर के लिए खुशी से लबालब कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें कोई महत्व नहीं देते और अपने खुश रहने के क्षणों को गवां देते हैं।

खुशी उनसे दूर भागती है. जो हर क्षण चिंता, परेशानी व तनाव में होते हैं। ऐसे व्यक्ति खुशियों के अवसर में भी खुश नहीं रह पाते, क्योंकि वे पहले से ही नकारात्मक तत्वों से भरे रहते हैं। जैसे पानी से भरे हुए गिलास में और पानी नहीं डाला जा सकता, उसी तरह तनाव, चिंता से लबालब भरे हुए व्यक्तियों के अंदर खुशियां नहीं डाली जा सकतीं। खुशियां चाहिए तो ग्रहणशील बनना होगा। खुशियों के अवसरों को पहचानना होगा और उन्हें स्वीकारना होगा।

खुशियां मीठे पानी की तरह होती हैं। वे हमें तृप्त करती हैं। जिस तरह संसार में पानी की नदियां बहती हैं, झरने बहते हैं, तालाब होते हैं, कुएं होते हैं, उसी तरह संसार में खुशियों की भी लहरें हैं, झरने हैं। जिस तरह नदी, झरनों से पानी पीने के लिए हमें उनके समीप जाना पड़ता है, लेकिन यदि कुआं हमारे पास है तो जब चह चाहे तब हम अपनी प्यास बुझा सकते हैं, उसी प्रकार खुशियों के लिए यदि हम बाहरी स्त्रोतों व तत्वों पर निर्भर हैं तो हमें उनका इंतजार करना पड़ता है और यदि कुएं की तरह खुशी का स्त्रोत हम अपने भीतर तलाश लेते हैं तो हमें कहीं भटकना नहीं पड़ता। संत, महात्मा निश्चित तौर से खुशी के आंतरिक स्त्रोतों को हस्तगत कर लेते हैं, तभी तो वे दूसरों को खुशी दे पाते हैं, और स्वयं भी आनंद में रहते हैं। हम खुशी पाने के लिए क्या-क्या नहीं करते, लेकिन फिर भी हम वह खुशी हासिल नहीं कर पाते, जिसकी हमें चाह होती है, इसलिए हम अतृप्त ही रह जाते हैं। यदि खुशी मिलती भी है तो थोड़े समय के लिए, फिर हम जहां थे, वहीं खड़े रह जाते हैं। कभी-कही हम एक ही तरह की जिंदगी जीते-जीते ऊब जाते हैं, नीरस व उदास महसूस करने लगते हैं, लेकिन ऐसी जिंदगी से दुखी भी नहीं होते। येल यूनिवर्सिटी में दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक डा. जोशुआ नॉबे का मानना है कि जब हम किसी उद्देश्य के साथ जुड़कर किसी काम में लगे रहते हैं तो हमें जिंदगी से ऊब महसूस नहीं होती, क्योंकि उद्देश्य पूरा करने में हम कभी भी एक ही तरह से कार्य नहीं करते, वरन कार्य को विभिन्न तरह से करते हैं और अपनी जिंदगी में खूबसूरत अनुभवों के रंग भरते हैं, जिनसे हमें खुशी मिलती है। लोक यह सोचते हैं कि लक्ष्य या उद्देश्य के पूरा होने पर व्यक्ति को खुशी मिलती है, लेकिन यह अधूरा सच है, क्योंकि लक्ष्य की ओर बढ़ना भी व्यक्ति को उतनी ही खुशी देता है, जितनी उसे पा लेने पर मिलती है। जब हम अपने निर्धारित कामों को पूरा कर लेते हैं, तो वे हमें खुशी देने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी देते हैं। सही रास्ते पर चलने से भी हमें आंतरिक खुशी व सुकून मिलता है। किसी जरूरतमंद की मदद करने में भी हमें खुशी मिलती है। यदि हमें खुशी चाहिए तो जीवन में नकारात्मक तत्वों से अपना बचाव करना होगा। इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि हम अपने दृष्टिकोण को बदलें, जीवन के सकारात्मक पहलुओं को देखना सीखें और उत्कृष्ट जीवन जीने की ओर अपने कदम बढ़ाएं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है

भारत की एक प्राचीन कहावत है- जर जोरु और जमीन जोर की नहीं तो किसी और की। इसी कहावत के आधार पर प्राचीन काल ने राजाओं, जागीरदारों, भूमिहारों तथा सम्राटों में धन लिप्सा के कारण एक दूसरे के खजाने को लूटने के लिये परस्पर लड़ाई होती थी। जो उसमें जीत जाता व लूट का माल अपने कब्जे में कर लेता था। इसी कारण राज्य लिप्सा और अपने राज्य का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिये दो राजाओं में परस्पर युद्ध होता था।

व्यवहारिक जगत में वैर-विरोध धन के लिये, स्त्री के लिये, जमीन जायदाद के लिये जाति संप्रदाय अपराधों के प्रतिशोध और अहंकार युक्त वाणी के कारण परस्पर वैर बढ़ जाती है। इतिहास ऐसे अनेक युद्धों और परम्परा वैर विरोध से भरा पड़ा है। जातिगत वंशगत विद्वेष तो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। पांच-सात पीढ़ियां बीत जाती है फिर भी दोनों पक्ष के लोग उस वैर विरोध को भूलते नहीं है।

संप्रदाय मत-पंथ को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी परस्पर वैर विरोध, लड़ाई वाद-विवाद और रक्तपात हुआ है। हम रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान और हाल में इजराइल और हमास का युद्ध आंखों से देख रहे हैं। वैर-विरोध समय समय पर होता रहता है। हिन्दू - मुसलमान का संघर्ष भी विरोध के कारण होता है जबकि अहिंसा का प्रयोग और विकास भारत में सदियों पहले हो चुका है। जैनों में भी जरा से साम्प्रदायिक मतभेद को लेकर संघर्ष, विद्वेष और विरोध उभर आता है। इसका मुख्य कारण अधिकार है। काम, क्रोध, मोह-लोभ, अहंकार आदि विषैले विकार है। उन विकारों के कारण उत्पन्न विरोध कभी भी शांत नहीं हो सकता।

अनेकांतवाद को ताक में रखकर केवल अपने अहंकार को अधिकार एवं स्वार्थ को लेकर परस्पर संघर्ष भी जैन या अजैन संप्रदायों में चलता रहता है। इससे वैमनस्य बढ़ता है। भयंकर अशुभ कर्मबंधन होता है। इसका कोई भी शांत दिल से विचार करने को तैयार नहीं है। राज्य को लेकर ही नहीं अपने से भिन्न राष्ट्र को दुश्मन समझकर पाकिस्तान आजाद हुआ। तभी से तरह-तरह से भारत के साथ विभिन्न तरीकों से लड़ रहा है। इसी का संघर्ष पंजाब में सिखों का और असम में बोडो का संघर्ष सरकार के साथ चला।

एक दूसरे की कटु आलोचना, आक्षेप, प्रत्याक्षेप के कारण वैर विरोध चलता है। यह अनुचित है। इससे राष्ट्र भक्ति के बदले पक्ष भक्ति ही दृष्टिगोचर होती है। आज यह राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को विकसित देखकर ईर्ष्या वश किसी भी बहाने से भयंकर युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है। धनी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा, गुलाम और अविकसित करने के लिये तरह-तरह की पैंतरेबाजी करता है। यह कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

**उल्टा पुल्टा**

जलते हुए रावण ने भीड़ से पूछा - त्रेता की दुश्मनी का बदला अब क्यों ले रहे हो! और फिर...तुम्हारी बीवी थोड़े ही उठाई थी, जो हर साल रावण दहन करते हो।
भीड़ में से एक आदमी- हमारी नहीं उठाई थी इसलिए ही तो जलाते हैं!

# जले रावण, हुआ अहंकार का अंत

## दशहरा पर रावण दहन देखने उमड़ी भीड़, सड़कों पर लगा देर रात तक जाम





### बुराई पर हुई अच्छाई की जीत

**बिलासपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह रावण के साथ ही उसके पुत्र मेघनाथ व भाई कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम का प्रतिबिंब बने अतिथियों ने जैसे ही रावण के पुतला में आग लगाई वैसे ही हर रावण दहन स्थल मर्यादा पुरूषोत्तम भगवार श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। आकर्षक आतिशबाजी के बीच विशाल कद-काठी वाला अहंकार का दूसरा रूप रावण धू-धू कर जला और अंत में सच्चाई की जीत हुई। शहर के में रावण दहन का मुख्य आयोजन पुलिस मैदान, पुराना बस स्टैंड चौक, लाल बहादुर शास्त्री मैदान और रेलवे के एनईआई ग्राउंड, नूतन चौक सरकंडा, ग्रीन पार्क मुंगेली नाका, मिनोचा कालोनी, कुदुदंड, जरहाभाठा चौक, राजिकशोर नगर के साथ कुछ अन्य प्रमुख स्थान में किया गया। जहां पर 50 से 70 फिट तब उचाई वाले रावण का दहन किया। हर रावण दहन कार्यक्रम स्थल में इस बार काफी भीड़ देखने को मिला, क्योंकि तीन साल बाद पूरे उत्साह के साथ विजयदशमी पर्व मनाया गया है। ऐसे में लोगों ने पूरे उत्साह व आनंद के साथ रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

पुलिस मैदान में विशालकाय 70 फिट का रावण आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह पुराना बस स्टैंड और लाल बहादुर शास्त्री मैदान में रावण वध देखने के लिए दोपहर से ही भीड़ उमड़ने लगी थी। ग्रीन पार्क कुदुदंड और एनईआइ रेलवे मैदान के रावण दहन में भी पूर्व के वर्षो से ज्यादा भीड़ उमड़ी। शाम होते तक शहर के प्रमुख रावण दहन में हजारों लोग एकात्रित हो गए और रावण दहन के बाद एक दूसरे को सोन पत्ती बांटकर विजयदशमी की बधाई दी।

### जमकर हुई आतिशबाजी

लगभग सभी स्थलों में रावण दहन कार्यक्रम के पहले जमकर आतिशबाजी की गई है। आतिशबाजी का कार्यक्रम लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक चला।

इस दौरान आसमान तेज पटाखों के आवाज के साथ सतरंगी हो गया था, शहरवासियों को भी यह आतिशबाजी पसंद है। लगभग सभी रावण दहन कार्यक्रम में आतिशबाजी ही आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा है।

### शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी पहुंचे

शहर के लोग तो अपने निकटतम क्षेत्र के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए है। वही आसपास के गांव के लोग भी विजयदशमी पर्व मनाने के लिए बड़ी संख्या में शहर पहुंचे। ग्रामीणों की ज्यादातर भीड़ पुराना बस स्टैंड चौक, एनईआई रेलवे मैदान और पुलिस मैदान और लाल बहादुर शास्त्री मैदान में नजर आया। ये चारों स्थल में शहर का मुख्य रावण दहन कार्यक्रम होता है। हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने इस जीत का पर्व को हषोल्लास के साथ मनाया।

### तीन हजार से ज्यादा छोटे-बड़े रावण का हुआ दहन

पुरे शहर में तीन हजार से ज्यादा रावण का दहन किया गया है। तकरीबन 100 से ज्यादा बड़े रावण का दहन समितियों के द्वारा किया गया है। वही मोहल्लों में अलग से किया गया।

इसी तरह बच्चों में भी इस पर्व के विशेष उत्साह रहा, बच्चों ने खुद ही रावण बनाकर या फिर रेडीमेंट रावण खरीदकर रावण दहन कर पर्व मनाया। शहरभर में तकरीबन तीन हजार से ज्यादा छोटे बड़े रावण का दहन किया गया है।

## संपादकीय

### बुराई मिटाने विवेकपूर्ण मत प्रयोग हो

*इस बार दशहरे का त्यौहार विधानसभा चुनाव की छाया में लड़ा जा रहा है। इसका आयोजन ऐसे वक्त में हो रहा है जब देश के चार अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी चुनावों की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। एक ओर तो निर्वाचन आयोग ने दोनों ही चरणों (पहले 7 नवम्बर और फिर 17 नवम्बर को) में होने वाले मतदान के लिये एक-एक कर निर्धारित अवधि देते हुए अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं जिनके अनुरूप प्रत्याशियों द्वारा अपने नामांकन पत्र दाखिल करने की कवायद भी जारी है। दोनों प्रमुख राजनैतिक दल यानी कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी ने अपने अधिकतर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। जिन नामों को लेकर विवाद या खींच-तान है उन्हें सुलझाया जा रहा है और नामों पर अंतिम मुहर लगाने के प्रयास जारी हैं। आशा है कि जल्दी ही बचे-खुचे प्रत्याशियों के नाम तय हो जायेंगे और चुनावी सरगर्मी और भी तेज़ हो जायेगी।*

*दूसरी तरफ नवरात्रि की सोमवार से समाप्ति हो रही है और मंगलवार को विजयादशमी का त्यौहार होगा। निर्धारित दिनों के बाद दीपावली का पर्व होगा- 12 नवम्बर को। छग में दो चरणों में चुनाव होने जा रहे हैं। पहला 7 नवम्बर और दूसरा 17 नवम्बर को। यानी प्रथम चरण दिवाली के 5 दिनों पहले और दूसरा 5 दिनों के बाद। इस तरह कह सकते हैं कि ये चुनाव विजयादशमी और दीवाली की छाया में लड़ा जा रहा है। अगर ऐसा है तो यह भी कहा जा सकता है कि इस बार मतदान का उद्देश्य भी बुराई पर अच्छाई की जीत (दशहरा) और असत्य पर सत्य की जीत (दिवाली) होना चाहिये। हालांकि इस चुनावी प्रक्रिया को कोई देवताओं और राक्षसों के बीच का युद्ध नहीं मानना चाहिये क्योंकि यह पौराणिक काल नहीं है और ये चुनाव जनता की सरकार बनाने वाली लोकतांत्रिक प्रणाली का अनिवार्य हिस्सा है।*

*चूंकि ये चुनाव ही जनता की नियती को तय करते हैं इसलिये चुनाव को बहुत अहमियत देनी चाहिये। सबसे पहले तो सभी को यह तय करना चाहिये कि वे हर हाल में अपने मतदान केन्द्र तक अवश्य पहुंचेंगे और वोट देंगे। साथ ही, वे उन सभी को प्रेरित करेंगे जिनके पास मताधिकार है। दूसरे, उन्हें किसी भी तरह के प्रलोभन में नहीं आना चाहिये। प्रत्याशियों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं या नगदी के अलावा और बहुत से लालच दिये जाते हैं जो उन्हें ठुकराना चाहिये। उम्मीदवार इस समय पैसे, शराब आदि का प्रलोभन देकर वोट हासिल करते हैं। नागरिकों को चाहिये कि ऐसे प्रत्याशियों की शिकायत करें और उन्हें हराने की ठान लें। भेंट की गयी चीजें या नकदी जल्दी ही खत्म हो जायेगी पर वोट का परिणाम 5 वर्ष रहेगा। इसलिये सही वोट बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत है।*

## सार-संक्षेप

### दुर्गा पंडालों में भी गूंजा शत-प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान




**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी के दर्शन के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प भी लिया जा रहा है। हवन के दौरान भी यह संकल्प दोहराया गया। पंडाल में स्वीप के पोस्टर और चुनई चिरई का लोगो आम लोगों को आकर्षित और मतदान के लिए प्रेरित कर रहा है। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि में नवमीं के दिन कन्या भोज का प्रचलन है। कन्या भोज के दौरान भी शत प्रतिशत मतदान का संदेश घर-घर में गूंजा। बालिकाएं भी स्वीप की एंबेसडर के तरह लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने में अपनी भूमिका निभा रही है। जिले में मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता संदेश युक्त पतंग बनाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रेलवे स्कूल के बच्चों के द्वारा रेलवे स्टेशन में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

### श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने रतनपुर में चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर(देशबन्धु)। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन




के द्वारा बिलासपुर पुलिस की मुहिम निजात अभियान के तहत रतनपुर के राम टेकरी में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के तत्वाधान में बिलासपुर पुलिस के द्वारा लगातार निजात अभियान चल रहा है जिसमे फाउंडेशन भी भागीदारी निभाते रहता है ओर कार्य कर रहा है समाज को सुधारने के लिए और इसी कड़ी में रतनपुर के राम टेकरी में नशे के खिलाफ अभियान चलाया गया और वहां मौजूद महिलाएं और पुरुष को नशा नहीं करने को लेकर समझाइए दी गई। और जो नशे के कारोबार में लिप्त है उनको भी शिविर के माध्यम से काम छोड़ने को कहा गया है और बिलासपुर पुलिस का साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को कहा गया है। सभी महिलाएं एक स्वर में कहा कि हम नशा मुक्ति भारत नशा मुक्ति छत्तीसगढ़ बना के रहेंगे। जिसमें आने वाले पीढ़ी के बच्चे इस नशे के जाल में न फंसे और अपनी जिंदगी बर्बाद ना करें और नशे से दूर होकर एक अच्छा जीवन जी सके। नशे से ही परिवार बर्बाद हो जाता है और कमाने वाला यदि नशा करता हो तो लोगों और जिंदगी खराब हो जाती है।

## हिर्री पुलिस ने दो डीजे को किया जब्त

**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के द्वारा जिले. में डी.जे. एवं तेज साउण्ड बाक्स घुमाल स्पीकर लगाकर वाहनो का स्वरुप बदल कर परिचालन करने वाले पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा कृष्ण कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हिर्री हरिशचन्द्र टाण्डेकर के मार्ग दर्शन में कल हिर्री पुलिस द्वारा भोजपुरी टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग पाईंट लगाया गया था। जो बाहर से आ रहे डी.जे. वाहन कमाक सी.जी.13 एल.ए. 2673 को रोककर वैधानिक कार्यवाही करते हुये




परिवहन विभाग बिलासपुर को सुचना दिया गया जो परिहवन विभाग द्वारा डी.जे. संचालक गजेन्द्र कुमार को 25000/- रुपये का जुर्माना लगाया गया है एवं आज पीकप वाहन क्रमाक सी.जी.07. बी.टी. 9093 में तेज साउण्ड बाक्स घुमाल स्पीकर लगाकर वाहन का स्वरूप बदल कर परिवहन करते पाये जाने वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना लेकर आये एवं परिवहन विभाग बिलासपुर को सुचना दिया गया है।

## होटल सेंट्रल पॉइंट फड़ में जुआ खेलते 7 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिलासपुर पुलिस द्वारा लगातार सक्रिय होकर बड़ी-बड़ी कार्यवाही की जा रही है। बिलासपुर पुलिस कप्तान संतोष सिंह, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल के द्वारा जुआ सट्टा पर कड़ी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी विजय कुमार चौधरी के द्वारा टीम बनाकर थाना तारबहार क्षेत्र के होटल सेंट्रल प्वाइंट में जुआ खेलते पाये जाने पर जुआडियों पर तारबहार पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया।

कार्यवाही के दौरान फड़ में जुआ खेलते कुल 07 जुआडियों कमल कुमार पिता राजपाल उम्र 50 वर्ष निवासी करबला रोड थाना सिटी कोतवाली, दीपक जैन सुतारिया पिता बी डी जैन उम्र 57वर्ष निवासी टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली, तरुण कुमार पिता स्वर्गीय बलदेव उम्र 48 वर्ष निवासी विद्यानगर थाना तारबहार, सतीश सलूजा पिता आर सलूजा उम्र 51 वर्ष निवासी दयालबंद थाना सिटी कोतवाली, विशाल जीवनी पिता नंदलाल जीवनी उम्र 31 वर्ष निवासी बिनोवा नगर थाना तारबाहर, अनूप मेघानी पिता एम मेघानी उम्र 55 वर्ष निवासी बिनोवा नगर थाना तारबहार, दिलीप बेलानी पिता बि एम बेलानी उम्र 49 वर्ष निवासी तारबाहर बिलासपुर छ.ग. को रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाये जाने पर आरोपियों से जुमला रकम 63,100 रूपये एवं एक फर्द 52 पत्ती तास जप्त कर जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना तारबहार के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौधरी, उनि श्रवण टंडन, उनि कृष्ण कुमार साहू प्रआर बलवीर सिंह, प्रआर सूरज तिवारी, आर. संदीप, सरफराज खान, तरुण केसरवानी, पाटले, मुरली, अरविंद आनंत रूपलाल, सुखदेव पलके का योगदान रहा।

## पचरीघाट अरपा बराज के सभी गेट बंद, दुर्गा विसर्जन के लिए भरा गया पानी

### शैलेष ने कहा शहर वालों का सपना हुआ साकार, लोग दिखाते रहे टेम्स का सपना



**बिलासपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। अरपा नदी में निर्माणाधीन बराज का गेट बंद कर दिया गया है। दुर्गा विसर्जन के लिए यहां पानी भरा जा रहा है। बुधवार सुबह 8 बजे तक बराज में लगभग पांच फिट पानी भर गया था। निरीक्षण करने पहुंचे शहर विधायक शैलेश पांडेय ने कहा शहर के लोग सालों से जो सपना देख रहे थे वह आज पूरा हो रहा है। जबकि भाजपा के नेता शहर वालों को टेम्स नदी का सपना दिखाते रहे। पहली बार अरपा नदी में भरपूर पानी के बीच दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होगा।

सालों से शहर के लोग आरोप में बारहों महीना पानी भरा हुआ देखना चाहते थे वह जल्द ही पूरा होने वाला है। आरोप नदी में शिवघाट और पचरी घाट में बन रहा बराज लगभग पूर्णता की ओर है। पचरी घाट के बराज में सभी गेट लग गए है यही कारण है की प्रशासन ने यहां दुर्गा विसर्जन के लिए पानी रोकने का निर्णय लिया। बुधवार को सिंचाई विभाग ने बराज के सभी गेट बंद कर दिए। इसके बाद बराज में पानी भरना शुरु हो गया और सुबह होते तक बराज में लगभग पांच फिट पानी भर गया। अरपा नदी ने रपटा के पीछे तक पानी भर गया। अब गुरुवार को शहरभर की समितियां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन बराज में ही करेंगे। इस दौरान निरीक्षण करने निकले शहर विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि शहर के लोग सालों से सपना देख रहे थे की अरपा नदी में साल भर पानी भरा रहे। अब वह सपना पूरा होने जा रहा है। नदी में बराज बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सौ करोड़ रुपए दिए थे। सिंचाई मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी और नतीजा ये है की आज पचरीघाट में बराज बनकर तैयार है। मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए पानी भी भर दिया गया है। एक समय था नदी में पानी नहीं होता था, प्रतिमा विसर्जन का संकट था। भाजपा की सरकार और उनके मंत्री अमर अग्रवाल शहर के लोगों को कभी टेम्स का सपना दिखाते थे तो कभी साबरमती का सपना दिखाते थे। लेकिन काम कुछ नही हुआ। हमने पांच साल में ही अरपा नदी को बारहमासी बहने वाली नदी में बदल दिया। काम पूरा होने के बाद सालभर पानी रहेगा।

## दशहरा पर हुआ निषाद मछुवारा स्वराज मोर्चा का गठन

### निर्बल शोषित गरीब समाज के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी- संजय



**बिलासपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार विजयदशमी के दिन छत्तीसगढ़ के प्रमुख निषाद समाज एवं राजपूत समाज के लोगों की बैठक हुई जिसमें विजयदशमी के शुभ दिन संगठन बनाने का निर्णय लिया गया। जिसका नामकरण किया गया जिसका नाम रहेगा निषाद मछुवारा स्वराज मोर्चा जिसके तहत प्रदेश में मछुआ समाज के हित की लड़ाई लड़ी जाएगी।

इसमें मछुआ समाज को धार्मिक रूप से राजनीतिक रूप से और सामाजिक रूप से जोड़ा जाएगा और सदस्य बनाया जाएगा जिसमें इन समाज के लोगों को और निर्बल शोषित गरीब समाज के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा, गरीबी, रोजगार और मछुआ समाज के आरक्षण की लड़ाई प्रमुखता से रहेगी इस बैठक में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत एवं प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कुंज राम निषाद, जिला अध्यक्ष जांजगीर तिरुपति निषाद, निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव नीरज सिंह राठौर, विश्वकर्मा समाज से सुकांत विश्वकर्मा, निषाद पार्टी से जिला अध्यक्ष बिलासपुर राजकुमार निषाद और मस्तूरी से विधान सभा अध्यक्ष धनेश केवट एवं जांजगीर से युगपाल निषाद एवं अन्य सभी उपस्थित रहें और सर्व समिति से इस नाम की घोषणा पर अपने सहमति दिए। आगामी इस संगठन से संबंधित झंडा, टोपी, गमछा, प्रतीक चिन्ह पर आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

# सार-संक्षेप

## नहर में गिरे युवक की नहीं मिली लाश, लोगों ने किया चक्काजाम



**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुसमुंडा के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर में सोमवार की दोपहर 23 वर्षीय अभय धनवार नामक युवक उफनते नहर में जा गिरा। पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से उसकी पातासाजी की जा रही थी। इधर दो दिन बाद भी उसका कुछ सुराग नहीं मिला, जिससे आक्रोशित परिजनों ने आज सुबह कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस द्वारा समझाइश देने का प्रयास किया किया गया। चक्काजाम की वजह से बरमपुर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। 48 घंटे बाद भी नहर में बहे युवक का कोई सुराग नहीं मिलने से आक्रोशित परिजनों को समझाईश देकर चक्काजाम समाप्त कराने की कोशिश कुछ घंटे तक जारी रही और अंततः चक्काजाम समाप्त करा लिया गया। युवक की तलाश में तेजी लाये जाने का आश्वासन दिया गया है।

## दो बाईकों में भिड़ंत, 20 फीट से गिरी बाईक, एक की मौत

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्रांतर्गत हुए अलग-अलग हादसों में बाईक सवार लोग घायल हुए हैं वहीं 20 फीट की ऊंचाई से गिरकर बाईक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा के अग्रसेन चौक से शुक्लाखार की ओर जाने वाले मार्ग पर चांदनी चौक के निकट पिछले बार हादसा होना बताया जा रहा है। सडक़ पर सीजी 12 एजी 2089 पेशन प्रो तथा सीजी 12 बीसी 5695 फेंकाए हुए दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़े मिले। एक बाईक सडक़ से उतरकर किनारे तो दूसरी बाईक सडक़ पर मिली। दोनों बाईकों के बीच जोरदार टक्कर होना संभावित है जिसमें सवार लोग चोटिल हुए हैं। इस घटना के संबंध में बांकीमोंगरा थाना से जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

इधर एक अन्य घटना में पिछली रात बांकीमोंगरा क्षेत्र में ही बाईक सहित पुल से करीब 20 फीट नीचे गिरकर योगेश यादव नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि वह अपने मित्र के साथ दशहरा मेला घूमने के लिए अपने भाई के यहां आया था। हादसे में योगेश की मौत हो गई जबकि सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से चोटिल हुआ है। पुलिस द्वारा इन दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## मेडिकल कॉलेज में 3 मरीजों का सफल न्यूरो ऑपरेशन

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत् जिला प्रशासन के सहयोग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के प्रयासों से जिले के मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन डॉ. नीरज प्रसाद, एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच.(न्यूरो सर्जरी) की नियुक्ति की गई है। इनके द्वारा अभी तक दुर्घटना में घायल 3 मरीजों का सफलतम् इलाज कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया है। इनमे17 वर्षीय ज्ञान प्रकाश, 35 वर्षीय बलराम एवं चैतराम शामिल हैं। चैतराम के मस्तिष्क में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण बेहोशी की अवस्था में थे तथा लकवाग्रस्त हो रहे थे। न्यूरो सर्जन द्वारा उनका सफल ऑपरेशन कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ किया गया है।

सीएमएचओ डॉ. केसरी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग में प्रतिदिन 30 से 40 मरीजों का ओ.पी.डी. में उपचार किया जाता है तथा वार्ड में भी 10 से 15 मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हितग्राही मेडिकल कॉलेज के ओ.पी.डी. क्रमांक 03 में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के नागरिक जो कि तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की परेशानियों से जूझ रहे है, साथ ही दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को दूसरे जिले या राज्य की बजाय अब मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन की पदस्थापना होने से लाभ मिलेगा। न्यूरो सर्जन डॉ. नीरज प्रसाद ने बताया कि उनके द्वारा मस्तिष्क से संबंधित सभी प्रकार के उपचार तथा ऑपरेशन, मस्तिष्क में पानी भरना (हाइड्रो सेफेलिक), ब्रेन टी.बी. तथा अन्य बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। भविष्य में सुविधाएं उपलब्ध होने पर लम्बर डिस्क, लम्बर ट्यूमर, लम्बर फिक्सेशन जैसे स्पाइन के सभी तरह का ऑपरेशन तथा उपचार भी किया जाएगा।

## निशा ने गरबा में जीता स्कूटी, अंजली और सिद्धि को भी मिला ईनाम

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविशंकर नगर में नवरात्रि के पूरे 9 दिन गरबा की धूम रही। यहां हर रोज अलग-अलग रंग के पोशाकों में युवा सहित बुजुर्ग और बच्चों ने पहुंच गरबा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सार्वजनिक गरबा (डांडिया) उत्सव समिति रविशंकर नगर ने हर साल की तरह इस साल भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों हेतु आकर्षक पुरस्कार रखा था। निःशुल्क गरबा प्रतियोगिता में करीब 500 प्रतिभागियों ने भागीदारी निभाई। निर्णायकों ने 500 प्रतिभागियों में से 10 सर्वश्रेष्ठ गरबा प्रदर्शन करने वाले युवक व युवतियों का चयन किया। ड्रॉ सिस्टम से बच्चों ने 3 नामों का चयन किया जिनको मुख्य अतिथि श्वेता नर्सिंग होम के संचालक व एमडी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस जैन के द्वारा पुरस्कृत किया गया। ड्रॉ के माध्यम से निशा सिंह को प्रथम पुरस्कार मिला जिनको समिति की ओर से नई स्कूटी प्रदान की गई। द्वितीय विजेता रही अंजली शर्मा को वाशिंग मशीन, सिद्धि दुबे को माइक्रोवेव मशीन व शेष 7 अन्य उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में रविशंकर नगर के वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान, समिति अध्यक्ष गणेश्वर दुबे, सचिव उत्तम गोयल, उपाध्यक्ष महेश शुक्ला, अंचल अग्रवाल, राखिल रवि, रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष नीरज चौधरी सहित बड़ी संख्या में नगरजन उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा पर दमा रोगियों को मिलेगी दिव्य औषधि

कोरबा, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्वास दमा रोगियों हेतु शरद पूर्णिमा 27 अक्टूबर को सेवन की जाने वाली चित्रकूट की प्रसिद्ध दिव्य औषधि प्रदाय की जाएगी। यह औषधि पतंजलि चिकित्सालय निहारिका, शिव औषधालय मेन रोड, शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस-2 कोसाबाड़ी, शिव हर्बल अलका काम्प्लेक्स ट्रांसपोर्ट नगर एवं शिव औषधालय साडा कॉलोनी जमनीपाली में निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। संस्थान के संचालक नाड़ी वैद्य पंडित शिवकुमार शर्मा, डॉ.नागेंद्र शर्मा, श्रीमती प्रतिभा शर्मा, डॉ.वागेश्वरी शर्मा, डॉ.युगेश शर्मा एवं डॉ.जितेंद्र शर्मा द्वारा औषधि सेवन के नियम, प्रयोगविधी एवं पथ्य-अपथ्य के बारे में जानकारी भी निःशुल्क दी जा रही है जिससे कि रोगी सही विधिपूर्वक दवा का सेवन कर इस रोग से मुक्ति पा सके। डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने अंचलवासियों से अपील की है वे

# धूमधाम से मना विजयदशमी, रावण दहन देखने उमड़े जिलावासी

## लाल मैदान में जलाया गया 110 फीट का पुतला

कोरबा, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी में विजयादशमी पर्व परंपरागत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस वर्ष लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही सडक़ों पर काफी चहल-पहल रही जो देर रात तक जारी रही।

शहर के रानी रोड, पुराना बस स्टैंड, डीडीएम रोड, मुड़ापार, बुधवारी, एमपी नगर, आरपी नगर, कोसाबाड़ी सहित उपनगरीय और ग्रामीण अंचलों में आतिशबाजियों के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया। दहन से पहले रावण के पुतले की पूजा-अर्चना की गई एवं इसके पश्चात प्रतीकात्मक स्वरूप में वेश धारण कर पहुंचे भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की भी पूजा-अर्चना की गई। मांदर एवं परंपरागत वाद्यों पर थिरकते कर्मा नर्तक दल और आतिशबाजी का आकर्षण रावण दहन स्थलों पर देखने को मिला। अलग-अलग समयों पर रावण सहित कई स्थानों पर कुम्भकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। जमनीपाली



स्थित लाल मैदान में 110 फीट ऊंचा टेक्निकल रावण आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह मैदानों में जहां 30-40 फीट ऊंचे रावण के पुतले जलाए गए वहीं गली-मोहल्लों में भी रेडीमेड और स्वयं से निर्मित किए गए छोटे और मध्यम स्तर के पुतलों का दहन किया गया। दशहरा मैदानों सहित पूजा पंडालों में उमड़ती भीड़ व सडक़ों पर बढ़ी चहल-पहल के मद्देनजर जिले की पुलिस, यातायात पुलिस के द्वारा व्यवस्थाओं को चुस्त किया गया था।

## पुलिस लाइन में मंत्रोच्चार के साथ हुई शस्त्र पूजा

### पूजा-अर्चना के बाद हुई हवाई फायरिंग

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस विभाग ने विजयादशमी के अवसर पर परंपरा के अनुसार पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया। एसपी जितेंद्र शुक्ला व एएसपी अभिषेक वर्मा ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। हवन व आरती पश्चात वहां उपस्थित पुलिस अधिकारियों व जवानों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन में ही हवाई फायरिंग की गई। कार्यक्रम में सीएसपी भूषण एक्का, डीएसपी



मुख्यालय श्रीमती प्रतिभा मरकाम, दर्री सीएसपी रॉबिंसन गुडिया, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर, डीएसपी यातायात शिवचरण सिंह परिहार, उप पुलिस अधीक्षक बेंडट्रिक मिंज, उप पुलिस अधीक्षक आई. तिर्की, रक्षित निरीक्षक अनंत राम पैंकरा, डीएसबी प्रभारी कोरबा निरीक्षक सनत सोनवानी, कोतवाली टीआई रूपक शर्मा, सिविल लाइन रामपुर प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडे, थाना प्रभारी कटघोरा तेज कुमार यादव, थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक युवराज तिवारी, थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक चमनलाल सिंह, थाना प्रभारी करतला प्रमोद डडसेना, चौकी प्रभारी मानिकपुर उप निरीक्षक प्रेमचंद साहू, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सीएसईबी नवीन पटेल, अंगध्वज राठौर एवं अन्य उपस्थित रहे।

# युवक की चाकू से हत्या कर नहर में फेंका

## मामला प्रेम प्रसंग का, संदेहियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि की नवमीं तिथि 23 अक्टूबर को लापता हुए युवक की लाश कुदुरमाल के नहर में बहती हुई मिली। शरीर पर मौजूद जख्मों के निशान उसकी हत्या की कहानी बयां कर रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ और आरोपों के आधार पर मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही



है और संभवतः कल इसका खुलासा भी हो जाएगा। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के मानिकपुर चौकी अंतर्गत मुड़ापार अटल आवास का निवासी मनीष सारथी 23 अक्टूबर को एकाएक लापता हो गया। उसकी तलाश अपने स्तर पर करने उपरांत परिजन ने चौकी में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पता-तलाश के दौरान उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरमाल से होकर बहने वाली हसदेव नहर में एक युवक की लाश मिलने की सूचना उरगा पुलिस को प्राप्त हुई। नहर में बहते हुए यह शव फंस गया था। उरगा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा के दौरान पाया कि उसके गले में चाकू जैसे धारदार हथियार से रेतने के निशान हैं तथा शरीर में भी जख्म बने हैं। मृतक की पहचान लापता मनीष सारथी के रूप में की गई। वैधानिक कार्रवाई और पोस्टमार्टम बाद शव मनीष के परिजनों को सौंप दिया गया।

इस मामले में परिजनों का आरोप है कि मनीष अपने साथ काम करने वाली युवती से बातचीत करता था। यह सब युवती के बॉयफ्रेंड को अच्छा नहीं लगता था और दो दिन पहले ही सुनालिया नहर मार्ग में गार्डन के पास रात करीब 9 बजे मनीष के साथ झगड़ा भी हुआ था व अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। परिजनों ने साजिशपूर्वक मनीष की हत्या की आशंका व्यक्त किया है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा ने बताया कि कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट हो चुका है कि हत्या की वजह प्रेम प्रसंग है। संभवतः कल तक पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## तमिलनाडु जाने घर से निकली युवती की लाश नदी में मिली



जानकारी के अनुसार कोरबी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम फुलसर निवासी 35 वर्षीय लिली राज पिता दीप सिंह राज की लाश हसदेव नदी के डुबान में मिली है। मछली पकडऩे के लिए ग्राम झिनपुरी निवासी शिवकुमार आयम ने भी डुबान में जाल लगाया था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे जाल निकालने पहुंचा तो जाल में मछली की जगह युवती की लाश फंसी मिली। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शव को बाहर निकलवाया। यहां पहुंचे दीप सिंह राज ने हुलिया और कपड़े के आधार पर पहचान पुत्री लिली राज के रूप में की। उसने बताया कि लिली तमिलनाडु में रहकर सिलाई-कढ़ाई का काम करती थी। वह करीब छह माह पहले अप्रैल महीने में घर आई थी। थोड़े दिन घर में रहने के बाद पुनः तमिलनाडु जाने निकली थी। मृतका तमिलनाडु से कब लौटी, इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं है। ऐसे में पूरा मामला संदिग्ध लग रहा है। बहरहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# 8 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन, 3 प्रत्याशियों ने जमा किए



## अब तक जिले में 48 व्यक्तियों ने लिए नामांकन पत्र

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कोरबा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज कुल 8 नाम निर्देशन पत्र खरीदे गए। आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-20 रामपुर के लिए 01, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-21 कोरबा के लिए 03, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा के लिए शून्य तथा विधानसभा क्रमांक-23 पाली तानाखार के लिए 4 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की देखरेख तथा दिशा निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नामांकन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रारंभ की गई। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन आज 8 नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन कार्यालय से इच्छुक अभ्यर्थियों ने क्रय किया। साथ ही जिले में आज 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन जमा करने वाले अभ्यर्थियों में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 से भारतीय जनता पार्टी से प्रेम चन्द्र पटेल, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से सुरेन्द्र प्रसाद राठौर एवं आम आदमी पार्टी से चंद्रकांत डिक्सेना शामिल हैं। इस प्रकार अब तक जिले में कुल 48 व्यक्तियों ने नाम-निर्देशन पत्र लिए हैं एवं कुल 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं।

## खड़ी गाड़ी में एकाएक लग गई आग

कोरबा, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्वमंगला मंदिर के समीप उडिय़ा बस्ती के पास खड़ी एक मालवाहन के केबिन में आज अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफऱा-तफरी की स्थिति निर्मित रही। स्थानीय जागरुक लोगों के द्वारा इस बारे में पुलिस और फायर स्टेशन को खबर की गई। कुछ देर के बाद दमकल विभाग की टीम यहां पर संसाधन के साथ पहुंची और आग बुझाई गई।

# कृषि विस्तार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन के संबंध में सौंपे गए दायित्व के निवर्हन में लापरवाही तथा कार्यस्थल से अनुपस्थित पाये गए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पीयूष पटेल को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि पीयूष पटेल की ड्यूटी एमसीएम के अंतर्गत प्रिंट मीडिया इकाई द्वारा प्रातः एवं संध्या संस्करण के समाचार पत्रों का अनुवीक्षण कर पेड न्यूज से संबंधित समाचारों की छंटनी की जाकर मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। सौंपे गए कार्यस्थल से आज पर्यंत अनुपस्थित पाये जाने के कारण निर्वाचन कार्य प्रभावित हो रहा है। विधानसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को अनदेखा करते हुए पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरते जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम 3 के विपरीत कृत्य मानकर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। पीयूष पटेल को सौंपे गए कार्यस्थल पर तत्काल 24 घंटे के भीतर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। समय अवधि में संतोषप्रद जवाब न मिलने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# निर्वाचन ड्यूटी के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की दी गई जानकारी

## नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी निःशुल्क सुविधा

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई चिकित्सकीय व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी के लक्षण क्या-क्या हैं और किन परिस्थितियों में आकस्मिक बचाव के लिए प्रारंभिक तौर पर क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं।

विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के माध्यम से निर्वाचन कार्य में संलग्न जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को आपातकाल में हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी और सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए गए। चिकित्सा सलाहकार पवन राठौर और डॉ. दीप्ति श्रीवास ने हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने की जानकारी डेमो के माध्यम से दी।

### सर्पदंश होने पर जहर न चूसें

इसी तरह सर्पदंश की स्थिति में मौके पर सर्प की फोटो खींचने और सर्पदंश के उपर वाले स्थान पर पट्टी बांधने के संबंध में बताया गया। सर्पदंश के दौरान उक्त स्थान से जहर न चूसने कहा गया। सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी ने निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अपनी दवाईयां साथ रखें, प्रतिदिन ध्यान-योगा करें

चिकित्सकों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव से दूर रह कर योगा, ध्यान, व्यायाम करने कहा गया है। सभी को सलाह दी गई है कि वे खाली पेट न रहें। खासकर शुगर वाले मरीज नियमित रूप से कुछ खाद्य सामग्री का सेवन करते रहें। वे जो बीपी, शुगर, थॉयरायड आदि के मरीज हैं तो अपनी दवाईयां साथ रखें। किसी भी आपात स्थिति में उच्च अधिकारियों को सूचना देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचित करें और स्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुनिश्चित कराएं।

# मोर दुर्गा दाई के होवत हे बिदाई...

**कोरबा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि का नौ दिवसीय पर्व विजयादशमी के साथ संपन्न हुआ। ऊर्जाधानी में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना हर्षोल्लासपूर्वक धूमधाम से 9 दिनों तक की गई। विभिन्न पूजा पंडालों एवं मोहल्लों में आयोजन समितियों के द्वारा मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती रही। नवमीं तिथि को पूजा का हवन के साथ नवरात्रि संपन्न हुई। इसके पश्चात कुछ स्थानों पर कल ही शाम से पहले माता की प्रतिमाएं विसर्जित की गई तो वहीं आज मूर्तियों के विसर्जन का सिलसिला रात तक चलता रहा। विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण विजयादशमी के





दूसरे दिन तक प्रतिमाओं के विसर्जन के निर्देश जिला प्रशासन द्वारा दिए गए हैं। जिसके पालन में आज प्रायः सभी समितियों ने नदी, नहर, तालाब में यथासंभव प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इससे पहले आयोजन स्थलों पर मां की आरती की गई। भक्तों ने रंग-गुलाल माता को अर्पण कर एक-दूसरे को लगाए तथा बैंड बाजे की धुन पर तो कई समितियों के द्वारा जसगीतों के भावुकतापूर्ण माहौल में विसर्जन यात्रा निकाली गई। पंडालों से माता को निकालते वक्त भक्तों की आंखें नम हो उठीं। विसर्जन के दौरान उपस्थित आयोजन समितियों से जुड़े लोगों सहित महिलाएं, युवतियां भी भावुक हो उठीं। अगले नवरात्रि तक के लिए माता को क्षमा याचना के साथ विदा किया गया।

## सार-संक्षेप

### वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु किया गया जागरूक

**सूरजपुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में किया जा रहा हैं।

ग्राम पंचायत इन्दरपुर व रामपुर उर्फ भावनगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इन्दरपुर के सरईपारा के दुर्गा पण्डाल में एवं रामपुर के रामगढ़ के बाजार में मतदान शत-प्रतिशत करने की अपील की गई। उन्ह आगामी चुनाव में बिना भय व लालच के पोलिंग बूथ एवं जन समुदाय ने बड़े उत्साहपूर्वक मतदान करने हेतु शपथ लिया। इसमें ज्यादा संख्या में नये मतदाताओं की रही, जिसमें नववधु भी शामिल थी। सभी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका के महत्त्व को समझा और आगामी निर्वाचनों में अपने बहुमूल्य वोट से एक साफ-सुथरी व पारदर्शी सरकार बनाने का संकल्प लिया। सभी को शपथ बी.पी.ओ. मोहम्मद महमूद ने दिलाया गया।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, सचिव, शिक्षक व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नौ अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन फॉर्म



**सूरजपुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये विधानसभा वार कुल 9 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। जबकि प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी व गणेश सिंह उर्रे ने नामांकन पत्र जमा किया है। प्रेमनगर विधानसभा से कु.कोतमा चक्रधारी,वीरेंद्र जायसवाल भटगांव से मोतीलाल पैकरा हमार राज पार्टी,लक्ष्मी राजवाड़े भाजपा, रामनारायण पाटले,धर्मेंद्र कुमार,आलम सिंह व प्रतापपुर से आशा देवी, सीताराम पंडो सपा से नाम निर्देशन पत्र लिया है जबकि प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है इसी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गणेश सिंह उर्रे ने भी नामांकन पत्र जमा किया है।

### 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी

**अंबिकापुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के संचालन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कंट्रोल रूम में कार्य संपादित करने हेतु श्री नितेश विश्वकर्मा नोडल अधिकारी एवं श्री सीके मिश्रा सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

इसके साथ ही उक्त कंट्रोल रूम में कार्य संपादित करने हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के शिक्षक श्री शशि कुमार तिर्की, शासकीय माध्यमिक शाला बड़ादमाली के शिक्षक श्री धर्मेन्द्र पुरी गोस्वामी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ादमाली के शिक्षक श्री लोक सिंग सिदार एवं संतोष कुमार गुप्ता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सखौली के शिक्षक श्री तनवीर अहमद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के शिक्षक श्री राम लखन यादव, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरिमा के शिक्षक श्री इन्द्रकृत सिंह तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगीडीह के शिक्षक श्री शम्भूनाथ पैंकरा को दायित्व सौंपा गया है।

### भईया लाल राजवाड़े ने भरा है नामांकन पत्र

**कोरिया** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा बैकुंठपुर क्षेत्र क्रमांक 03 के तहत नाम निर्देशन पत्र क्रय करने के तीसरे दिन आज नाम प्रस्तावक नजीर अजहर ने श्रीमती अम्बिका सिंहदेव के लिए नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है। इसके पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ग्राम छिंदीयां निवासी श्रीमती अंजू जायसवाल, ग्राम सरईगहना निवासी सुनील कुमार राजवाड़े, गोंडवाना गड़तंत्र पार्टी से ग्राम तिलवनडांड निवासी संजय सिंह कमरो और ग्राम पाराडोल निवासी दुर्गेश कुमार साहू ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है। इस तरह अभी तक आठ नाम निर्देशन पत्र क्रय किया जा चुका है, वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ग्राम सरडी निवासी भईया लाल राजवाड़े ने ही नामांकन पत्र जमा की है। बता दें कोरिया जिले में द्वितीय चरण में चुनाव सम्पन्न होंगे। दोपहर 3 बजे तक होगा नामांकन पत्र जमा बैकुण्ठपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 में अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा सोमवार 30 अक्टूबर तक (सार्वजनिक अवकाश से भिन्न) सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक न्यायालय, अपर कलेक्टर, कोरिया के कक्ष क्रमांक दो पर जमा होगा। रिटर्निंग आफिसर श्रीमती अंकिता सोम को अधिसूचित किया गया है।

नामनिर्देशन पत्र की संवीक्षा न्यायालय, अपर कलेक्टर, कोरिया के कक्ष क्रमांक 2 में मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 को सुबह 11 बजे से शुरू की जाएगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता (जिसे अभ्यर्थी द्वारा सुपुर्द करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो) द्वारा गुरुवार 2 नवम्बर, 2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में जमा होगा। मतदान 17 नवम्बर कोरिया जिले में मतदान शुक्रवार 17 नवम्बर, 2023 को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे के बीच होगा।

# भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकली, राम-रावण युद्ध का मंचन

**सूरजपुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में विजयादशमी के पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन कर असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। वहीं भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के साथ मुख्य समारोह में श्रीराम-रावण का मंचन तथा बाल्मिकी संवाद का सजीव चित्रण व मंचन सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े तथा वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष गोयल सहित सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, सचिव रामकृष्ण ओझा ने बड़ी तादाद में जुटे जिलेवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। समारोह में सर्व समाज प्रमुख व नगर की सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष व प्रमुख भी मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन प्रवेश गोयल ने किया। इसके पूर्व सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन व स्वागत उद्बोधन तथा सचिव रामकृष्ण ओझा ने समिति का प्रतिवेदन व वृत्त प्रस्तुत किया। सनातन काल की परंपरा के अनुरूप दशहरा उत्सव में राम दरबार व रावण सेना व आधारित विशाल व भव्य झांकी निकाली गई। झांकी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रवेश गोयल, श्रवण जैन, पुनित गुप्ता, आनंद सोनी, शैलेष गोयल, सुरेन्द्र राजवाड़े, शिवम ओझा, हर्ष गोयल सहित समिति के सदस्य सक्रिय थे। वहीं आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य व आचार्यगणें सहित स्कूली छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित विशाल जन समूह का मन मोह लिया। आयोजन में सर्व समाज प्रमुख सहित नगर पालिका के समस्त पार्षद, एल्डरमैन व बड़ी संख्या में सर्व समाज के प्रमुखों में अमृतलाल गर्ग, गैबीनाथ साहू, जोखन साहू, तोयात्मा राजवाड़े, रामस्वरूप गुप्ता, अनिरूद्ध प्रसाद बैगा, बिहारी कुलदीप, विरेन्द्र गुर्जर, संतोष पावले, वासुदेव हालदार, विजय सोनी सहित बड़ी तादाद में सभी समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनका सूरजपुर सेवा समिति ने दुपट्टे से स्वागत व अभिनंदन किया।





**60 फीट ऊंचे रावण का दहन**
दशहरा महोत्सव में भारी उत्साह के बीच 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतले का दहन किया गया। मंचासीन अतिथियों के हाथों रिमोट के माध्यम से पुतलों का दहन किया गया और आकर्षक आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही।

# नाम निर्देशन का तीसरा दिन, 5 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन

### 12 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फॉर्म

**अम्बिकापुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिले में बुधवार को नाम निर्देशन के तीसरे दिन नामांकन पत्र क्रय करने एवं जमा करने के कार्य में जहां विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से 04 प्रत्याशियों ने आज नाम निर्देशन पत्र क्रय किया, वहीं 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अंबिकापुर से 02 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र क्रय किए हैं, और 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर से 06 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया। वहीं आज 01 प्रत्याशी द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।



जमा किए गए नामांकन पत्र- विधानसभा क्षेत्र-09 लुण्ड्रा हेतु भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी श्री प्रबोध मिंज एवं हमर राज पार्टी से श्री अनुक प्रताप सिंह टेकाम ने, विधानसभा क्षेत्र-10 अम्बिकापुर हेतु निर्दलीय प्रत्याशी मीरा रवि एवं श्री अनिल श्रीवास्तव तथा विधानसभा क्षेत्र-11 सीतापुर हेतु भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी श्री रामकुमार टोप्पो द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है।

क्रय किए गए नामांकन पत्र - नामांकन पत्र क्रय करने में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 09 लुण्ड्रा हेतु प्रत्याशी श्री बलवीर नागेश मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, श्री दिलीप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, राम प्रसाद लकड़ा एवं प्रमोद मिंज ने निर्दलीय से नामांकन पत्र क्रय किया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अम्बिकापुर हेतु प्रत्याशी श्रीमती शांति देवी राजवाड़े आम आदमी पार्टी एवं श्री रामकुमार सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नामांकन पत्र क्रय किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर हेतु प्रत्याशी श्री कमलनाथ हमर राज पार्टी, श्री संतोष कुमार खेस, श्री रामकुमार राम, श्री राजकुमार लकड़ा, श्रीमती शांति देवी और श्रीमती बालमदीना ने निर्दलीय से नामांकन पत्र क्रय किया है।

### मतदाता जागरुकता के लिए मीडिया को भी मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

भारत निर्वाचन आयोग मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों का चयन कर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मीडिया सम्मान प्रदान करता है। राष्ट्रीय मीडिया सम्मान वर्ष 223 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया संस्थानों से 1 दिसंबर 223 तक आवेदन आमंत्रित किया है।

**भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया संस्थानों से 10 दिसंबर तक मंगाई प्रविष्टियाँ**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में बताया गया है कि मीडिया संस्थान अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मीडिया सम्मान-223 हेतु मीडिया संस्थानों से चार श्रेणियों प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाईन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया में पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है।

पुरस्कार पाने हेतु इच्छुक मीडिया संस्थान अपना आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव (संचार) श्री राजेश कुमार सिंह, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली 11 1 को उक्त समयावधि में प्रेषित कर सकते है। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन तथा अनुशंसाओं को आयोग द्वारा गठित निर्णायक मण्डल के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित संस्थानों को 25 जनवरी 224 राष्ट्रीय मतदाता दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

### व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षा 29 अक्टूबर को

**कोरिया** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित सहायक प्रबंधक (फिल्ड ऑफिसर)/कार्यालय सहायक/सामान्य सहायक/समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:15 तक एवं कनिष्ठ प्रबंधक-(2)/कनिष्ठ प्रबंधन संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल)/उप प्रबंधक/सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा अपरान्ह 02:00 बजे से 04:15 तक आयोजित की गई है। उक्त परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन जैसे गोपनीय समाग्री लाकर स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाने, रवाना करने, सामग्री वितरण तथा परीक्षा उपरांत गोपनीय सामग्री व्यापम में जमा करने एवं मूल्यांकन आदि कार्यों के साथ-साथ परीक्षा से संबंधित अन्य सुसंगत व्यवस्थाओं के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका, बैकुण्ठपुर के प्राचार्य श्री डी0एस0 पवार, एवं शासकीय उ0मा0वि0 चित्ताझोर पोड़ी के प्रभारी प्राचार्य श्री राम कुमार राजवाड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा

**अंबिकापुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर तथा एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम के अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102, 0771-4026201) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

### 17 नवंबर मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश

**कोरिया** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) में उल्लेखित प्रावधानों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के पत्र में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में जिला-कोरिया में विधान सभा निर्वाचन-2023 हेतु 17 नवंबर को मतदान के दिन कोरिया जिले के समस्त औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय या किसी अन्य स्थापन में नियोजित कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों व श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा यह भी निर्देशित किया जाता है कि यह आदेश उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें मतदान दिवस को विधानसभा निर्वाचन-2023 से सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

# धान की खरीदी के लिए नियंत्रण के लिये उड़न दस्ता दल का गठन

**अंबिकापुर** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के दौरान जिले में अन्य राज्यों से धान लाकर खरीदी केन्द्रों में बेचने तथा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान की खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण के लिये जिला कलेक्टर द्वारा उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र अम्बिकापुर में तहसीलदार अंबिकापुर श्री उमेश्वर बाज, सहायक खाद्य अधिकारी श्री रोशन लाल गुप्ता और कृषि उपज मण्डी के मण्डी सचिव श्री प्रभुदयाल सिंह, तहसील क्षेत्र लखनपुर में तहसीलदार लखनपुर श्री नीरज कौशिक, खाद्य निरीक्षक लखनपुर श्री शैलेन्द्र एक्का और उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री शिवनारायण सिंह, तहसील क्षेत्र उदयपुर में तहसीलदार उदयपुर श्रीमती चन्द्रशीला जायसवाल, खाद्य निरीक्षक श्री सतपाल सिंह कंवर, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री शिवनारायण सिंह, तहसील क्षेत्र लुण्ड्रा में तहसीलदार लुण्ड्रा श्रीमती नीतू भगत, खाद्य निरीक्षक श्री नवीन सिंह, एवं कृषि उपज मण्डी के सहायक ग्रेड-3 श्री आत्माराम पाण्डे, तहसील क्षेत्र बतौली उत तहसीलदार लुण्ड्रा श्रीमती तारा सिदार, खाद्य निरीक्षक बतौली श्री राजन कश्यप एवं कृषि उपज मंडी के सहायक ग्रेड-3 श्री आत्माराम पाण्डे को दायित्व सौंपा गया है।

इसी तरह तहसील क्षेत्र मैनपाट में प्रभारी तहसीलदार मैनपाट श्री प्रांजल गोयल, खाद्य निरीक्षक मैनपाट श्री देवेशदेव दास, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री यादवेन्द सिंह, तहसील क्षेत्र सीतापुर में तहसीलदार सीतापुर श्री रामराज सिंह, खाद्य निरीक्षक सीतापुर श्री गौर सिंह जात्रे, एवं उप निरीक्षक कृषि उपज मण्डी श्री यादवेन्द सिंह, तथा तहसील क्षेत्र दरिमा में तहसीलदार दरिमा श्रीमती अंकिता पटेल, खाद्य निरीक्षक श्री शिवकुमार मिश्रा, एवं कृषि उपज मण्डी के मण्डी सचिव श्री प्रभुदयाल सिंह को दायित्व सौंपा गया है।

### महिला प्रत्याशी को दिया गया नोटिस

**मनेन्द्रगढ़** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक`1 भरतपुर-सोनहत भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा बिना पूर्व अनुमति लिये प्रचार-प्रसार करने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किया गया है। श्रीमती रेणुका सिंह के द्वारा 18 अक्टूबर 223 को ग्राम पंचायत मंटोलिया, ग्राम पंचायत धोवाताल, ग्राम पंचायत भवरखोह, ग्राम पंचायत चुटकी ग्राम पंचायत खेतौली, ग्राम पंचायत बहरासी, ग्रमा पंचायत जनकपुर, ग्राम पंचायत खादाखोह में प्रचार-प्रसार किया गया था। जिसकी पुष्ट शिकायत रिर्टनिंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक`1 भरतपुर - सोनहत द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखित प्रतिवेदन के साथ की थी। जिला निवार्चन अधिकारी ने प्रत्याशी को 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

# मंत्री उमेश पटेल ने खरसिया में किया बुराई के प्रतीक रावण का दहन

**खरसिया** 23 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगत के पालन करता भगवान विष्णु ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम रूप में भूलोक पर अवतरित होकर संपूर्ण पृथ्वी से दैत्य और असुरों का विनाश किया आज ही के दिन भगवान श्रीराम ने रावण का भी वध किया था इसी उपलक्ष में हर वर्ष प्रतीक रूप से रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में विजयादशमी का पर्व संपूर्ण भारत वर्ष में बड़े-बड़े रामलीला आदि के कार्यक्रम एवं विशाल दशहरा मेले का आयोजन कर मनाया जाता है।

मुख्य अतिथि खरसिया क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री उमेश नंद कुमार पटेल एवं नगर पालिका खरसिया अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा की अध्यक्षता में विजयादशमी महोत्सव का आयोजन खरसिया में विशाल एवं भव्य रूप से किया गया।

सर्वप्रथम मंत्री उमेश पटेल ने प्रभु श्री राम जी माता जानकी जी और लक्ष्मण जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

तत्पश्चात बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण दहन किया। मंत्री उमेश पटेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भगवान श्री राम के जीवन पर चर्चा करते हुए समाज परिवार और राष्ट्र के प्रति संपूर्ण विश्व के जीव मात्र के लिए भगवान श्री राम के मर्यादित आचरण का उल्लेख किया और



क्षेत्र की समस्त जनता से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बताएं मार्ग और चलते हुए मर्यादा पूर्ण जीवन जीने का आह्वान किया उन्होंने आगे कहा कि विजयादशमी अधर्म, अहंकार और असत्य का परित्याग कर धर्म, विवेक और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा व शिक्षा देने का पर्व है। समस्त प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम हमें हर प्रकार की बुराइयों पर विजय प्राप्त करने की शक्ति दें। इससे पूर्व भगवान श्री राम वानर भालू कि अपनी विशाल सेना के साथ नगर भ्रमण करते हुए जुलूस के रूप में खरसिया के टाउन हॉल मैदान पहुंचे टाउन हॉल मैदान में विशाल भीड़ द्वारा भगवान श्री राम का स्वागत जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया गया। विशाल दशहरा मेले का आयोजन विजयादशमी महोत्सव समिति के पदाधिकारी, संरक्षकगण, मार्गदर्शक, उपाध्यक्ष, मंत्री, महिला मार्गदर्शक, विशेष आमंत्रित, कार्यकरिणी, सम्मानित पार्षदगण, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, प्रचार मिडिया प्रमुख, जूलूस शोभायात्रा प्रभारी तथा गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रावण दहन के पश्चात प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका आरती एवं साथियों द्वारा छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति दशहरा मेले में पहुंचे अपार जनसमूह के मध्य की गई। छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी कर्मा पार्टी, नाचा पार्टी, और रामलीला की प्रस्तुति टाउन हॉल मैदान में की गई।

## सार-संक्षेप

### केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मंडविया आज आमसभा को करेंगे संबोधित




**सारंगढ़** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार श्रीमती शिवकुमारी सारधन चौहान आज 26 अक्टूबर को अपना नामांकन भरेगी। नामांकन फार्म भरने के पूर्व खेलभांठा में आमसभा का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मंडविया शामिल होगें। साथ ही प्रदेश महामंत्री ओ.पी.चौधरी और सांसद गोमती साय भी इस आमसभा मे शामिल होगें।

सारंगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये नामांकन का दौर शुरू हो गया है, यहा पर 17 नवंबर को मतदान होना है। इस सीट से भाजपा ने केड़ार क्षेत्र के नावागांव के निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिवकुमारी सारधन चौहान को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही श्रीमती शिवकुमारी सारधन चौहान ने अपना जनसंपर्क प्रारंभ कर दिया है और अब तक लगभग भाजपा के सभी मंडलो में एक-एक दिन का जनसंपर्क पूर्ण कर लिया है। वही 21 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होने के बाद नामांकन फार्म जमा करने की तिथि 26 अक्टूबर तय किया गया है। भाजपा के मिडिया विभाग ने बताया कि नामांकन फार्म जमा करने के पूर्व स्थानीय खेलभांठा मैदान में सुबह 11 बजेआमसभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मंडविया शामिल होगें। साथ ही प्रदेश महामंत्री ओ.पी.चौधरी और सांसद गोमती साय भी इस आमसभा में शामिल होगें। इस आमसभा के पश्चात खेलभांठा मैदान से विशाल रैली के रूप में आम जनता की भीड़ के साथ भाजपा उम्मीदवार श्रीमती शिवकुमारी सारधन चौहान स्थानीय कलेक्टोरेट में अपना नामांकन फार्म जमा करेगी। इस अवसर पर भाजपा परिवार के सभी मंडलो से पदाधिकारी के साथ साथ भाजपा कार्यकर्ता शामिल होगें।

### पांच मतदान अधिकारी निलंबित

**जांजगीर,** 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर 05 मतदान अधिकारियों को निलंबित किया है।

कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर श्रीमती शिम्पी सोनी, व्याख्याता एलबी शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय बलौदा, वैभव पांडेय सहायक ग्रेड 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा, बेहुला शर्मा व्याख्याता एलबी शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय किरारी, दुर्गेश यादव सहायक ग्रेड 3 शासकीय महाविद्यालय नवागढ़, रामनाथ चन्द्रा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला सबरिया डेरा बनारी नवागढ़ को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर ने निलंबन अवधि में श्रीमती शिम्पी सोनी का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदा, वैभव पांडेय का मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा, बेहुला शर्मा का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी अकलतरा, दुर्गेश यादव का मुख्यालय कार्यालय शासकीय ठाकुर छेदीलाल अग्रणी महाविद्यालय जांजगीर और रामनाथ चन्द्रा का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में उक्त सभी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### कैंपस एम्बेसडर का ऑनलाईन प्रशिक्षण संपन्न




जांजगीर, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के स्वान वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार की अध्यक्षता में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के कैंपस एम्बेसडर का ऑनलाईन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिला स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने कहा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैंपस एम्बेसडर की विशेष भूमिका है। उन्होंने सभी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों से कहा कि मतदान प्रक्रिया एवं उसके महत्व को समझाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने कहा। आगामी 02 नवम्बर को प्रत्येक शासकीय, अशासकीय तथा शिक्षा महाविद्यालय एवं डाईट, पालिटेक्निक, आईआईएचटी तथा कृषि महाविद्यालय में स्वीप से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम यथा भाषण, रंगोली, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक इत्यादि संस्था स्तर पर आयोजित किया जाएगा तथा इनकी जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में आगामी 06 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। युवा कैम्पस अम्बेसडर्स को सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

### हर्ष खेमुका का निधन



**जांजगीर**, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय जांजगीर नैला निवासी हर्ष खेमुका का 15 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे संजय खेमुका के पुत्र व ओमप्रकाश खेमुका के पौत्र थे। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# बुराई पर अच्छाई की जीत, दशानन के पुतले का हुआ दहन

जांजगीर, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए नगर पालिका तैयारी में जुटी हुई थी। दशहरा के दिन जगह-जगह राम-लक्ष्मण और हनुमान की झांकी निकालकर रावण के पुतले का दहन किया गया। नगरपालिका द्वारा दशहरा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में किया गया। यहां 40 फीट रावण के पुतले का दहन हुआ। रावण के पुतले को खड़ा करने के लिए क्रेन की मदद ली गई। इस दौरान मैदान में दुकानें भी लगी थी। इसके अलावा अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रावण दहन और गढ़ तोड़ने की परंपरा निभाई गई।



दशहरा प्रतिवर्ष क्वांर माह के शुक्ल पक्ष दशमी को मनाया जाता है। पौराणिक कहानी के अनुसार इसी दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था। तब से यह पर्व मनाया जाता है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में नगरपालिका द्वारा 40 फीट रावण के पुतले का निर्माण कराया गया था। पुरानी बस्ती से भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी बाजे- गाजे के साथ शाम 7 बजे निकली, जो कचहरी चौक होते हुए रात 8,30 बजे हाईस्कूल मैदान पहुंची। जहां उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रभु राम का पूजन उपरांत बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन राम ने किया। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी में नगर सहित आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मैदान में व्यापारियों के व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था के साथ बेरिकेट्स व लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। क्षेत्र के आसपास के गांव खोखरा, मुनुंद, सिवनी व अन्य स्थानों में दशहरा मनाया गया। नवागढ़ ब्लाक के किरीत, बाराद्वार के सरहर व अन्य स्थानों में गढ़ तोड़ने की परंपरा निभाई गई।

### क्षत्रिय समाज ने टीसीएल कालेज मैदान में जलाया 31 फीट रावण का पुतला

क्षत्रिय समाज के द्वारा टीसीएल कालेज मैदान खोखराभांठा में मंगलवार को विजयादशमी महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाम 6 बजे महाराणा प्रताप चौक से राम लक्ष्मण की झांकी निकाली गई। कालेज मैदान खोखराभांठा में 31 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया।

### रेडिमेड रावण के पुतले खूब बिके

दशहरा पर छोटे बच्चे भी रावण के पुतले जलाने की जिद करते हैं। इसके लिए बाजार में रेडिमेड रावण के पुतले की भी अच्छी बिक्री हुई। बाजार में दो सौ रूपए से लेकर पांच हजार तक के रेडिमेड पुतले बिके। बच्चों ने इसे अपने मोहल्लों में जलाया।

### बड़ो से लिया आशीर्वाद

दशहरा देखकर वापस घर लौटे लोगों ने घर मे अपने बड़ो का आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने आंगन में उनकी पूजा की और सोम पत्ती लेकर आशीर्वाद दिया।

# तीव्र आवाज में डीजे साउंड बजाने वाले दो संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई

**जांजगीर,** 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। देर रात्रि तक सीमा से ज्यादा तीव्र आवाज में डीजे साउंड बजाने वाले दो संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही के तहत चाम्पा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो सेट डीजे जब्त कर संचालकों के विरूध्द कार्यवाही की गई है।

जब्त दो अलग-अलग डीजे साउण्ड सिस्टम एवं उपयोग कियें टाटा पीकप वाहन सीजी 04 जेडी 9568 तथा महिन्द्रा पीकअप वाहन सीजी 23 ई 4899 पीकप वाहन में बड़ी-बड़ी डीजे रखकर जो वाहन से बाहर निकल रहे थे लापरवाही पूर्वक वाहन प्रचलित कर रहा था जो मोटर व्हीकल नियमों के विपरीत होना पाया गया। डीजे में ध्वनि नापने यंत्र नही लगा हुआ था जो प्रत्येक डीजे संचालकों के लिए अनिवार्य है, जिसकी समझाइस भी मीटिंग में दी जा चुकी है। दोनो डीजे संचालकों का पुराना अपराधिक रिकार्ड भी चेक किया जा रहा है यदि पूर्व में कोलाहल अधिनियम का अपराध पाया जाता है तो डीजे साउण्ड की राजसात कार्यवाही के लिए भी विस्तृत प्रतिवेदन भेजा जावेगा।



मामले पर पुलिस ने बताया कि थाना चाम्पा अंतर्गत ग्राम सिवनी में दशहरा पर्व के अवसर पर रात्रि में बहुत ही तेज अवाज में डीजे बजाया जा रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया पाया गया कि रानी पारा सिवनी दशहरा मैदान में डीजे साउण्ड अत्यधिक आवाज में बज रहा था पूछताछ करने पर संचालक राजेश कुमार साहू उम्र 26 साल निवासी जर्वे थाना नगरदा जिला सक्ति का होना पाया गया, जिसके द्वारा अत्यधिक अवाज में डीजे साउण्ड बजाना पायें जाने से थाना चाम्पा में धारा 4, 5, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर डीजे साउण्ड एवं उपयोग कियें टाटा पीकअप वाहन छ्त्त-04-छ्छ्ष्ठ 9568 को जप्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम सिवनी अमहापारा में देर रात्रि में अत्यधिक आवाज में डीजे बजाया जा रहा था सूचना पर तत्काल चाम्पा पुलिस द्वारा पहुंच कर पूछताछ करने पर संचालक जगजीवन सूर्यवंशी उम्र 30 साल निवासी खोखरा थाना जांजगीर का होना पाया गया जिसके द्वारा पीकप वाहन में बड़ी-बड़ी डीजे साउण्ड रखकर जो वाहन से बाहर निकल रहे थे लापरवाही पूर्वक वाहन प्रचलित कर रहा था जो मोटर व्हीकल नियमों के विपरीत होना पाए जाने से तथा अत्यधिक आवाज में डीजे साउण्ड बजाना पायें जाने से थाना चाम्पा में धारा 4, 5, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर डीजे साउण्ड एवं उपयोग कियें महिन्द्रा पीकअप वाहन सीजी 23 ई 4899 को जप्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. मनीष सिंह परिहार, सउनि रामप्रसाद बघेल, प्रआर प्रकाश राठौर, आरक्षक नितिन द्विवेदी, गौरी शंकर राय, दीपक राठौर, राजेश कौशिक का योगदान रहा।

### एक लाख रूपया का अवैध फटाखे जब्त

**जांजगीर,** 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। एफएसटी की टीम ने आज फिर से एक लाख रूपया का अवैध रूप से फटाखे जप्ती की कार्यवाही की है।



आरोपियों के कब्जे से जुमला 10 कार्टून जिसमें विभिन्न प्रकार के फटाखा रखे थे जिसकी कीमत 1,00,000 रुपया बताया जा रहा है। उपयोग कियें मोटर सायकल को भी जब्त किया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि विधान सभा चुनाव व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एफएसटी एवं एसएसटी टीम गठित किया गया है, जिसके द्वारा जिले में संदिग्ध वाहनों एवं अवैध समानों की चेकिंग की जा रही है। 25 अक्टूबर को एफएसटी टीम को सूचना मिला कि नितिन कुमार अग्रवाल निवासी अकलतरा द्वारा अपने दुकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में फटाखें भंडारण कर रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। जिसके कब्जे से 08 कार्टून विभिन्न प्रकार के फटाखा किमती 80,000 रू को गवाहों के समक्ष जप्त किया जाकर थाना अकलतरा में धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार एफएसटी टीम द्वारा लीलागर नदी कोटमीसोनार चेक प्वाइंट में संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी चेकिंग दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी-07 एलडब्लू-1126 को रोक कर चेक किया गया जिसके कब्जे से 02 कार्टुन जिसमें विभिन्न प्रकार के फटाखा किमती 20,000 रू का रखा मिलने से मय मोटर सायकल को जप्त किया जाकर आरोपी संजय पांडे निवासी जयरामनगर थाना मस्तूरी के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में एफएसटी टीम प्रभारी चन्द्रकुमार साहू नायाब तहसीलदार हमराह अमित राठौर कृषि विस्तार अधिकारी, उपनिरीक्षक बी एल कोसरिया का सराहनीय योगदान रहा। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को सायबर टीम को सूचना मिली कि भरत लाल गुप्ता निवासी बलौदा द्वारा अपने दुकान में 42 कार्टून विभिन्न प्रकार के फटाखा किमती 6,50,000 रू को मुताबिक गवाहों के समक्ष जप्त किया जाकर थाना बलौदा में धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। चेकिंग दौरान माजदा वाहन क्रमांक सीजी-10 एव्ही-4831 को रोकवाकर विभिन्न प्रकार के फटाखा किमती 9,32,617 रू रखा मिलने से मय वाहन को बरामद किया जाकर आरोपी साहिल खान उम्र 23 साल निवासी धमनी थाना सरगांव जिला मुंगेली के विरूद्ध थाना सारागांव में धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरी. प्रवीण कुमार द्विवेदी, फ्लाइंग स्क्वायड टीम प्रभारी लोचन साहू उप अभियंता जल संसाधन बिर्रा, निरी. संजीव बैरागी थाना प्रभारी सारागांव, उपनिरी मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा, उपनिरी पारस पटेल सायबर सेल, सउनि प्रतिभा राठौर थाना बलौदा का योगदान रहा।

### जिला पंचायत सीईओ ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण




**जांजगीर**, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुंटे ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने जिले में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पिपरदा, पुछेली, खपरीडीह, बम्हनीडीह, सोनाईडीह (चारपारा), गोविन्दा, करनौद, तालदेवरी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, इंटरनेट सुविधा और व्हीलचेयर आदि की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने प्रत्येक मतदान केन्द्र में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों हेतु व्हीलचेयर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुबेर उरेती सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दशहरा पर्व पर शस्त्रों का विधि विधान से की गई पूजा

**जांजगीर,** 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस लाइन जांजगीर में दशहरा पर्व के अवसर पर शस्त्रों का विधि विधान से पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा पूजा अर्चना की गई।



प्रति वर्ष की भांति जिले के सभी थाना/चौकियों में शास्त्रों का विधि विधान से थाना प्रभारियों द्वारा पूजा किया गया। उपरोक्त पूजा कार्यक्रम में अनिल सोनी अति पुलिस अधीक्षक, श्रीमती सविता दास वैष्णव उप पुलिस अधीक्षक अजाक, यदुमानी सिदार एसडीओपी चांपा, विजय पैकरा डीएसपी मुख्यालय, प्रदीप सोरी एसडीओपी जांजगीर, प्रदीप कुमार जोशी रक्षित निरीक्षक, एवं राजेंद्र श्रीवास्तव स्टेनो, प्रवीण राजपूत सायबर प्रभारी, अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, सत्यम चौहान चौकी प्रभारी नैला, तथा कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## आज 8 नाम निर्देशन पत्र हुए जमा, पांच अभ्यर्थियों द्वारा लिया गया नाम निर्देशन पत्र

**जांजगीर,** 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संदर्भ में जिले के विधानसभा क्षेत्र अकलतरा एवं जांजगीर-चांपा के लिए आज 05 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया एवं तीन विधानसभा क्षेत्रों से अभ्यर्थियों द्वारा 08 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज अकलतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 से 03, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा से 02 एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 से 03 नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा से श्रीमती सत्यलता मिरी, आनंद प्रकाश मिरी, विनोद शर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा से राधेश्याम सूर्यवंशी, परमेश्वर प्रसाद साण्डे एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ से छत्रधारी महिलांगे ने दो एवं श्रीमती इन्दु बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा के लिए 01, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा के लिए 04 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ के लिए निरंक अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 से जीवन लाल यादव, जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 से कृष्ण कुमार कश्यप, श्रीमती सावित्री यादव, परमेश्वर प्रसाद साण्डे, जय किशन साण्डे ने नाम निर्देशन पत्र लिया।





# कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियत्रंण अधिनियम के संबंध में आदेश जारी की

**सारंगढ** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी राजनैतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति, अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, न केवल स्थायी मंच से होता है, वरन् विभिन्न वाहनों जैसे जीप, कार, ट्रक, ऑटो, तिपहिया, स्कूटर, मोटर सायकल, सायकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी गलियों, सड़को एवं उप गलियों पर चलते हैं, तथा गांवो, बस्तियों, मोहल्लों एवं कालोनियों से बहुत ऊंची आवाज में लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए पाए जाते हैं। लाउडस्पीकरों का ऊंची आवाज में प्रयोग करने से विद्यार्थी वर्ग अशांत हो जाते हैं, क्योंकि उनका अध्ययन बाधित होता है। लाउडस्पीकरों पर अबाध रूप से किये जाने वाले शोरगुल से वृद्ध, दुर्बल बीमार व्यक्ति को चाहे वह किसी चिकित्सालय- संस्थान में हो या घर में हो, बहुत परेशानी होती है।

इन कोलाहाल से होने वाले परेशानियों के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदेश जारी किया है, जिसमें कहा है कि निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नहीं जा सकता हैं क्योंकि ध्वनि विस्तारक यंत्र, निर्वाचन प्रचार एवं जनसमूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है, लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में, विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अविवेकपूर्ण ऊंचे स्वरों पर, अवैधानिक उपयोग, जिससे जनमानस की शांति एंव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो, की अनुमति दिया जाना उचित नहीं हैं। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियत्रंण अधिनियम 1985, की धारा 04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना, अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध है।




आदेश के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रात: 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही किया जा सकेगा। किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को दृष्टिगत रखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउडस्पीकरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रात: 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर सामान्यत: किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगरपालिका परिषद, जनपद पंचायत एवं किसी अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट आफिस, दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है।यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तिथि तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा तथा तत्काल प्रभावशील होगा।

चुनावी सभाओं एवं चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए जिला मुख्यालय मेंअनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ एवं अन्य अनुविभाग मुख्यालयों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालय में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा उप तहसील मुख्यालय मे अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# देश विदेश

## रूस-जापान को जोड़ने वाली समुद्री यात्री सेवा फिर शुरू

व्लादिवोस्तोक। रूस ने लंबे अंतराल के बाद जापान को जोड़ने वाला समुद्री यात्री परिवहन फिर से शुरू कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूसी शिपिंग कंपनी वोस्तोक टूर को इस सप्ताह व्लादिवोस्तोक और इशिकावा प्रान्त में नानाओ के जापानी बंदरगाह के बीच लाइनर जहाज लॉन्च करने की मंजूरी दी गई। पहली नाव प्लियोना, केवल कुछ यात्रियों को लेकर सोमवार को जापान के लिए रवाना हुई। कंपनी ने कहा कि लाइनर जहाजों का संचालन सप्ताह में एक बार किया जाएगा। जहाज में अधिकतम 43 यात्री बैठ सकते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने दी जानकारी

# गाजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद

- अस्पतालों को हमलों से हुआ नुकसान
- ईंधन की कमी के कारण भी हुए बंद

**संरा**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल ओर से गाजा पट्टी पर हवाई हमले लगातार जारी है। इजरायली हवाई हमलों से गाजा में एक तिहाई अस्पताल और आधे से अधिक स्वास्थ्य देखभाल क्लिनिक ईंधन की उपलब्धता नहीं होने से बंद हो गए है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के अनुसार यह जानकारी सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजा में एक तिहाई से अधिक अस्पताल यानी 35 में से 12 और लगभग दो-तिहाई स्वास्थ्य देखभाल क्लीनिक (72 में से 46) हमलों से होने वाले नुकसान या ईंधन की कमी के कारण बंद हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल के जनरेटर अगले 48 घंटों के भीतर काम करना बंद कर देंगे। उन्होंने बताया कि इज़रायल की ओर से पूरी तरह से की गयी नाकाबंदी के कारण और हवाई हमलों में हजारों घायलों को दी जाने वाली सुविधा पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। इज़रायल के बमबारी अभियान ने गाजा पट्टी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और यह स्थान नागरिकों के रहने की स्थिति में नहीं है और नागरिक सुविधाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं।



गाजा पट्टी में सात अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में की गयी भारी बमबारी में 58 पुलिस अधिकारियों और 305 जवानों सहित कुल 1405 लोगों की मौत हो गयी है और 5431 लोग घायल हो गए है। वहीं इजरायल पर हमले के दूसरे दिन से इजरायल सुरक्षा बल की ओर से गाजा पट्टी पर किये गए हवाई हमलों में अभी तक 1292 महिलाओं और 2360 बच्चों सहित 5791 नागरिकों की जान जा चुकी है और 16297 घायल हो गए है। जिनमें 2000 बच्चे और 1400 महिलाएं शामिल हैं।

## इजरायली हवाई हमले में 8 सीरियाई सैनिक मारे गए, 7 घायल

**दमिश्क**। युद्धग्रस्त देश की सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम आठ सीरियाई सैनिक मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सना समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी प्रांत दारा के ग्रामीण इलाकों में देर रात 1.45 बजे सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इससे पहले दिन में, इजरायली सेना ने पुष्टि की थी कि सीमा पार से रॉकेट दागे जाने के बाद लड़ाकू विमानों ने सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हवाई हमले किए थे। इजरायल रक्षा बलों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को सीरिया से इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च के जवाब में, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने सीरियाई सेना से संबंधित सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हमला किया। पिछले हफ्ते आईडीएफ ने आरोप लगाया था कि सीरिया इजरायल पर हमलों को समर्थन दे रहा है। रविवार को इजरायली सैनिकों ने अलेप्पो और दमिश्क हवाई अड्डों पर हवाई हमले किए, जिससे रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। उग्र इजरायल-हमास संघर्ष के बीच, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर देश के बाहर से हमले होंगे तो देश मजबूत स्थिति लेगा। गैलेंट ने ऐसी स्थिति में हिजबुल्लाह और सीरिया को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

### यूएन में बोले भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि

# संकट की घड़ी में इजराइल के साथ खड़े रहे मोदी

**संयुक्त राष्ट्र**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि, आर. रवींद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकट की घड़ी में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। इजराइल पर हमास के क्रूर हमले के बाद फिलिस्तीन पर आयोजित सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में मंगलवार को रवींद्र ने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने सबसे पहले जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना की थी। संकट की इस घड़ी में वह इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े रहे। इज़राइल में 7 अक्टूबर को हुए आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे और हम स्पष्ट रूप से उसकी निंदा करते हैं। 17 अक्टूबर को गाजा अस्पताल में हुए विस्फोट, जिसमें 425 से अधिक लोग मारे गए, पर उन्होंने कहा हमने जीवन की दुखद क्षति पर गहरा सदमा भी व्यक्त किया था। रवींद्र ने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।




इज़राइल ने विस्फोट के लिए इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह द्वारा इज़राइल को निशाना बनाकर किए गए एक असफल रॉकेट प्रक्षेपण को जिम्मेदार ठहराया है, जिस पर अमेरिका ने भी मुहर लगाई है। दूसरी ओर, फिलिस्तीनियों ने कहा है कि ये सब इज़राइल का किया हुआ है, परिषद की बैठक में कई देशों ने इस दावे को भी दोहराया। रवींद्र ने कहा कि संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर और चिंता का विषय है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 26 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष -आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन -विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क -आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह -स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या -आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला -अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक -आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु -शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर -आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ -आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन -आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गैबॉन, नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था की शीघ्र बहाली हो : एयू

**अदीस अबाबा**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफ्रीकी संघ (एयू) ने गैबॉन और नाइजर में हाल ही में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद संवैधानिक व्यवस्था में तेजी से वापसी के लिए अपना आह्वान दोहराया। एयू शांति और सुरक्षा परिषद की ओर से मंगलवार को अपनी नवीनतम बैठक के बाद यह नवीनतम आग्रह किया गया है। जिसमें दो अफ्रीकी देशों की स्थिति पर चर्चा हुई थी। एयू राजनीतिक मामलों, शांति और सुरक्षा विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक अपडेट में कहा, परिषद ने सरकार के असंवैधानिक परिवर्तन के लिए शून्य-सहिष्णुता की पुष्टि की और दोनों राज्यों में संवैधानिक व्यवस्था में तेजी से वापसी के लिए अपने आह्वान को दोहराया। परिषद ने आगे दोनों देशों में नागरिक शासन की वापसी के लिए 'एक स्पष्ट और समयबद्ध समय सारिणी' का आग्रह किया। परिषद ने नाइजर की स्थिति के संबंध में राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम और अन्य सभी बंदियों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई और उनके शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिक अखंडता की सुरक्षा सहित उनके मानवाधिकारों के सम्मान की अपनी मांग दोहराई।

### पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आंतरिक सचिव को बुलाया

# अगर इमरान की सुरक्षा की गारंटी नहीं ली जा सकती, तो चुनाव कैसे होंगे

**इस्लामाबाद**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आंतरिक सचिव को 13 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए बुलाया और कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अवमानना सुनवाई के लिए क्यों पेश नहीं किया जा सका। ईसीपी ने कहा अगर श्री खान की सुरक्षा गारंटी नहीं ली जा सकती तो आगामी आम चुनाव कैसे सुरक्षित महौल में किये जाएंगे। ईसीपी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह घटनाक्रम तब हुआ जब सिंध के सदस्य निसार अहमद दुर्रानी के अगुवाई में चार सदस्यीय ईसीपी पीठ ने श्री खान और पीटीआई के दो पूर्व अधिकारियों, फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ ईसीपी और मुख्य चुनाव आयुक्त की अवमानना के मामले पर सुनवाई की। श्री चौधरी और श्री उमर मौजूद थे, जबकि श्री खान को अदियाला जेल से इस कार्यवाही के लिए नहीं लाया जा सका।




## पाकिस्तान में 10 दिनों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द, यात्री परेशान

**रावलपिंडी**। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस ईंधन की अनुपलब्धता और वित्तीय संकट के कारण बंद होने के कगार पर है। देश में पिछले 10 दिनों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। एक राष्ट्रीय वाहक के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। पाकिस्तान एयरलाइन को संभवत: अब तक के इतिहास में सबसे खराब संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान स्टेट ऑयल (पीएसओ) ने बकाया राशि का भुगतान न करने पर ईंधन आपूर्ति में कटौती कर दी है।

# अमेरिकी में युवाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए मेटा पर मुकदमा दर्ज

**सैन फ्रांसिस्को**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने मंगलवार को मेटा प्लेटफॉर्म्स, इंक. और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक संघीय मुकदमा दायर करने में 33 अटॉर्नी जनरलों के द्विदलीय गठबंधन का सह-नेतृत्व किया। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि कंपनी ने नुकसानदायक सुविधाओं को डिजाइन और तैनात किया है। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर नशे की लत से बच्चों और किशोरों को मानसिक और शारीरिक नुकसान हो रहा है। मुकदमा कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर किया गया है। श्री बोंटा ने एक बयान में कहा कि अटॉर्नी जनरल मेटा के कदाचार को संबोधित करने के लिए निषेधाज्ञा और मौद्रिक राहत की मांग कर रहे हैं। इस समन्वित प्रयास के हिस्से के रूप में, आठ अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को अपने संबंधित राज्य अदालतों में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर करने की घोषणा की।८




संघीय और राज्य की शिकायतें श्री बोंटा द्वारा 18 नवंबर, 2021 को घोषित राष्ट्रव्यापी जांच का परिणाम हैं। श्री बोंटा ने कहा, हमारी द्विदलीय जांच एक गंभीर निष्कर्ष पर पहुंची है। मेटा हमारे बच्चों और किशोरों को नुकसान पहुंचा रहा है और कॉर्पोरेट मुनाफे को बढ़ावा देने के लिए लत पैदा कर रहा है। संयुक्त मुकदमे में मेटा पर संघीय और राज्य कानूनों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है।

# सदस्यों ने संस्कृति, कला सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

**आसियान**

**वियनतियाने**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों ने संस्कृति और कला के क्षेत्र में अपनी साझेदारी बढ़ाने का संकल्प लिया। जिसका लक्ष्य समावेशन और स्थिरता के लिए आसियान संस्कृति तथा कला की भूमिका को बढ़ावा देना है। लाओ राष्ट्रीय टीवी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को संस्कृति और कला के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों की 19वीं बैठक और मंगलवार से बुधवार तक संवाद भागीदारों के साथ संबंधित बैठकों में आसियान प्रतिनिधियों द्वारा इस विषय पर चर्चा की जा रही है। यह बैठक लाओस के वियनतियाने प्रांत के वांगविएंग जिले में 'सतत विकास के लिए कोविड-19 महामारी के बाद आसियान संस्कृति और कला की भूमिका को बढ़ावा देना' विषय के तहत आयोजित की गई थी। बैठक में भाग लेने वालों में वियनतियाने प्रांत के उप गवर्नर, दाओहुआंग नान्थावोंग, आसियान सामाजिक-सांस्कृतिक समुदाय के लिए आसियान के उप महासचिव, एक्काफाब फंथावोंग और आसियान सदस्य देशों, तिमोर-लेस्ते और आसियान देशों के अलावा तीन देशों के राजदूत शामिल हैं।

## आज का इतिहास

1905-नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।

1934-महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।

1937-हिंदी सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर का जन्म।

1943-कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।

1947-राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।

1950-संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।

1951-विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1969-चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।

1975-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।

1976-त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।

1980-इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।

1981-भारत के प्रसिद्ध कन्नड़ कवि और साहित्यकार दत्तात्रेय रामचन्द्र बेंद्रे का निधन।

1994-इजरायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।

1999-उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।

### परेशानी — हवाई अड्डे पर कई हमलावर ड्रोनों को मार गिराया गया

# इराक, सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में चौबीस सैनिक घायल

**वाशिंगटन**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इराक और सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर हुए हमलों में लगभग 24 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता ने एक बयान में यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, अमेरिका और गठबंधन बलों के खिलाफ लॉन्च किए गएकई एकतरफा हमले वाले ड्रोन सीरिया के अल-तनफ गैरीसन में नष्ट हो गए। 2 कर्मियों को मामूली चोटें आईं।

उन्होंने कहा कि इराक में अल-असद हवाईअड्डे पर अमेरिकी और गठबंधन बलों के खिलाफ दो अलग-अलग हमलों में अन्य चार अमेरिकी सैनिकों को भी मामूली चोटें आईं।

प्रवक्ता ने कहा, हवाईअड्डे पर कई हमलावर ड्रोनों को मार गिराया गया, लेकिन एक ड्रोन ने अंदर छोटे विमानों के साथ एक हैंगर को नष्ट कर दिया। इससे पहले दिन में, पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले सप्ताह में मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना के खिलाफ 13 हमले हुए हैं। इराक में 10 और सीरिया में तीन हमले हुए। पेंटागन के अनुसार, इराक में लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक



## मध्य पूर्व में अमेरिका की हस्तक्षेपवादी रणनीति : विवेक

वाशिंगटन। अमेरिकी राजनीतिक पार्टी रिपब्लिकन के राष्ट्रपति पद के नामांकन के दावेदार विवेक रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका की मध्य पूर्व में पुरानी हस्तक्षेपवादी रणनीति है। श्री रामास्वामी ने मंगलवार को हडसन इंस्टीट्यूट में कहा, वे हम पर उन जगहों पर हमला कर रहे हैं जहां हमें नहीं होना चाहिए था। हम सीरिया में क्यों हैं , हम इराक में क्यों हैं , हमें इनमें से किसी भी जगह पर नहीं होना चाहिए था। वर्तमान में इस तरह की रणनीति को आगे बढ़ाने में कुछ बुरे इरादे शामिल हैं, लेकिन यह ज्यादातर हस्तक्षेपवादी विदेश नीति का एक पुराना दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा, इसने हमें हमला करने की स्थिति में ला दिया है। श्री रामास्वामी ने कहा कि जैसे-जैसे इजरायल गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण की ओर बढ़ रहा है, चिंता बढ़ती जा रही है।

## सुडोकू 6357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6357



**बायें से दायें:-**

१. महत्ता (उर्दू)
४. अंत, समाप्ति, मृत्यु
६. बहरा
७. शुरूआत
८. धनी (उर्दू)
१०. घर
११. हृदय, मन
१३. अग्नि
१४. शक्ति, अलौकिक शक्ति ऐश्वर्य, गौरवान्वित
१५. जंगलों में विचरण करने वाला
१७. पानी युक्त, भीगा हुआ, अश्रु पूर्ण
१९. रहित
२१. पराजित, हारा हुआ
२२. गौतमबुद्ध की पत्नी, श्रावण मास की चौथी रात
२४. मूर्ख, अविवेकी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अर्थ, मतलब
२. सांठ-गांठ
३. मुस्कुराहट (उर्दू)
४. अभिलाषा, कामना (उर्दू)
५. किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाला, वादक (उर्दू)
९. किसी इमारत-व्यक्ति आदि की रक्षा करने वाले व्यक्तियों का दल
११. काजल
१२. पवन, वायु, हवा
१३. वर्षा ऋतु
१४. सीता
१५. जंगल की पैदावार
१६. गाय, चार स्तनों वाली
१८. पैदायशी अंधा
१९. ठहराव, अंत, विश्राम
२०. नीति, नम्रता, व्यवहार
२३. मार्ग, पथ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6356

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | थ्या | व | च | न | ■ | हि | रा | स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| चा | त | क | ■ | यु | ■ | क | मा | य | ज |
| री | ■ | र | ■ | व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | आ | ण | वि | क | ■ | ■ | त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | वि | हा | न | ■ | त्रि |
| नि | रा | म | य | ■ | श्रा | ■ | या | चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | त | म | स | ■ | ड़ि | ■ |
| त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | फ | रि | या | द |
| त | ■ | न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

## दुनिया को जानें

# जलवायु विशेषज्ञ पृथ्वी पर रिकॉर्ड चरम सीमा दर्ज करने को लेकर चिंतित

**सिडनी**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। जलवायु वैज्ञानिकों की एक वैश्विक टीम ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पृथ्वी पर जीवन खतरे में है। इस टीम ने कहा कि ग्रह के 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 20 की पहचान उनके रिकॉर्ड चरम पर की गई है। बायो साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे चल रही मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर अभूतपूर्व दबाव पैदा हुआ है। रिपोर्ट के प्रमुख आंकड़ों में वार्षिक कोयले की खपत 2022 में 161.5 एक्साजूल के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। महासागर की अम्लता, ग्लेशियर की मोटाई और ग्रीनलैंड का बर्फ द्रव्यमान 2022 और 2023 के बीच रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया, जबकि 20 साल के औसत के सापेक्ष समुद्र का स्तर 58.1 मिलीमीटर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शोध दल ने तर्क दिया कि पृथ्वी पर जलवायु एक 'अज्ञात क्षेत्र' की ओर बढ़ रही है, जहां मानवता के इतिहास में किसी ने भी प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा है। जलवायु संबंधी कई रिकॉर्ड 2023 में टूटे हैं, जिससे चरम मौसम के खतरे पर बेचैनी बढ़ गई है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड को आत्मविश्वास हासिल करना होगा और हर मैच जीतना पड़ेगा: मोईन अली



**बेंगलुरु,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर मौजूदा विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा है और अनुभवी ऑलराउंडर मोइन अली ने कहा है कि टीम जानती है कि उन्हें क्या करना है। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद इंग्लैंड गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ मैच में उतर रहा है। इंग्लैंड का कुल रिकॉर्ड एक जीत और तीन हार है। इंग्लैंड विश्व कप के अपने पहले मैच में न्यूज़ीलैंड से भी हारा था। इसके अलावा, अब वे चोटिल तेज गेंदबाज रीस टॉपले के बिना मैदान में उतरेंगे, जो टूर्नामेंट में उनके प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। मुंबई में दक्षिण अफ्रीका से 229 रन की भारी हार के दौरान रीस टॉपले की उंगली टूट गई थी। उनके स्थान पर तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को शामिल किया गया है। मोईन अली ने कहा, 'हम स्पष्ट रूप से परिणाम से निराश हैं और न केवल परिणाम से बल्कि जिस तरह से हमने खेला उससे भी, लेकिन प्रतियोगिता में आपको जितनी जल्दी हो सके आगे बढ़ना होगा।

## हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में मैच से भी भारतीय टीम से लगभग बाहर



**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। टखने की चोट से उबरने में जुटे ऑलराउंडर हार्दिक पांडया अब आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर रविवार को लखनऊ के मैच से भी भारतीय टीम से लगभग बाहर हो गए हैं। लखनऊ के बाद भारतीय टीम 2 नवंबर को मुबई में वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी

हार्दिक पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में चोट के चलते धर्मशाला में पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड के खिलाफ भी नहीं खेले थे। भारत ने मोहम्मद शमी के गेंद से 'पंजे' और विराट कोहली के बेहतरीन 95 रन की बदौलत न्यूजीलैंड को धर्मशाला में चार विकेट से हरा कर उससे 2019 के पिछले वन डे विश्व कप की 18 रन का हिसाब चुका दिया था। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि हार्दिक के फिटनेस टेस्ट के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)की टीम बृहस्पतिवार को यह फैसला लेगी कि वह इस वन डे विश्व कप के दौरान कब भारतीय टीम में लौटेंगे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की रफ्तार के साथ धार दिखा न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट चटकाना भारत को एकादश को जरूरी संतुलन देता है।' बांग्लादेश के खिलाफ चोट के चलते हार्दिक पांडया के मैच के बीच से बाहर होने के बावजूद भारत की जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'हार्दिक की चोट बहुत गंभीर नहीं है।

# आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच सकते हैं गिल

**दुबई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल विश्वकप 2023 के आगामी मुकाबले में बेहरीन प्रदर्शन कर पहले स्थान पर पहुंच सकते है। वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। मौजूदा विश्वकप के पांच मैचों में 354 रन, तीन अर्धशतक और एक शतक बनाकर शानदार फार्म में चले रहे विराट कोहली को बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ है। इसके अलावा बाबर आजम को भी अंकों का नुकसान भुगतना पड़ा है लेकिन वह रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। शुभमन गिल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है। जबकि बाबर के 829 अंक है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर शानदार शतक के बावजूद रैंकिंग में नीचे आ गए हैं। वहीं लगातार बल्ले से धूम मचाने वाले हेनरिक क्लासेन ने सात स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 11वें से चौथे

**वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर**



स्थान पर आ गए हैं। विराट और वॉर्नर दोनों के 747 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। वहीं वर्ल्ड कप 2023 में तीन शतक लगा चुके क्विंटन डी कॉक छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। रविवार को भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबले अगर गिल का बल्ला चला और उधर बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फ्लॉप हुए तो गिल रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं। दोनों के बीच अब छह अंकों का अंतर है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपनी शानदार फार्म के कारण एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 9वें से 8वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

गेंदबाजों की शीर्ष 10 सूची में जोश हेजलवुड शीर्ष पर है जबकि मोहम्मद सिराज दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। केशव महाराज को सबसे अधिक फायदा हुआ और वह आठवें से तीसरे स्थान पर आ गए। कुलदीप यादव नौवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑलराउंडर्स की सूची में हार्दिक पांड्या नौवें स्थान पर बने हैं। वहीं रवींद्र जडेजा स्कॉटलैंड के खिलाड़ी मैथ्यू माट के साथ संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर हैं।

## मेरा लक्ष्य शानदार प्रदर्शन नहीं, खुद को बेहतर बनाना है: विराट कोहली



नई दिल्ली। भारत ने विश्व कप 2023 में पांच में से पांच मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान विराट कोहली मेजबान टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करने में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। 29 अक्टूबर को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करने के साथ भारत एक्शन में लौटने के लिए तैयार है। विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने हमेशा इस पर काम किया है कि मैं हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल और हर सीज़न में खुद को कैसे बेहतर बना सकता हूं। इसी चीज़ ने मुझे इतने लंबे समय तक खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की है। मुझे नहीं लगता कि उस मानसिकता के बिना लगातार प्रदर्शन करना संभव है, क्योंकि अगर प्रदर्शन आपका लक्ष्य है, तो कोई भी थोड़ी देर के बाद संतुष्ट हो सकता है और अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है।' विराट ने वनडे विश्व कप मैचों में 55.36 की औसत से 1,384 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें 107 का उच्चतम स्कोर है। कोहली ने कहा, 'मैं कहूंगा कि हमेशा बेहतरी का पीछा करना मेरा आदर्श रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने की कोई तय सीमा नहीं है। न ही कोई निर्धारित मानक है कि जब आप यहां पहुंचेंगे तो आपने उत्कृष्टता हासिल कर ली है।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रांची पहुंची चीन की टीम




**रांची,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही संपन्न एशियन गेम्स में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम करने वाली चीन की महिला टीम बुधवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में भाग लेने यहां पहुंची जहां उसका स्वागत गर्मजोशी से किया गया। हाल के दिनों में चीन की महिला हॉकी टीम एशियाई हॉकी सर्किट में एक बड़ी ताकत रही है। हालाँकि वे अभी तक प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब हासिल नहीं कर पाई हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता ने उन्हें 2011 और 2016 में उपविजेता स्थान पर पहुंचा दिया और एलीट टूर्नामेंट के 2018 और 2021 संस्करणों में तीसरे स्थान पर रहे थे। चीन ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक हासिल किया था। चीनी टीम 27 अक्टूबर को कोरिया के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। चीन के कोच एलिसन अन्नान ने कहा, 'यहां हमारा शानदार स्वागत हुआ है। इस तरह का स्वागत टूर्नामेंट के लिए सही माहौल तैयार करता है। यहाँ रहना अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'हमने हाल के एशियाई खेलों के दौरान मैदान में उतारे गए रोस्टर के विपरीत इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का एक अलग समूह इकट्ठा किया है, इसलिए, हमारा नजरिया और रणनीति भी अलग होंगी। हम इस प्रतियोगिता में सीखने और आगे बढ़ने के लिए खेलेंगे और उम्मीद है कि अच्छे परिणाम देंगे। साथ ही, भारत, कोरिया और जापान बहुत अच्छी टीमें हैं और हम टूर्नामेंट में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हैं।'

चीन के कप्तान ज़िक्सिया ओउ ने कहा, 'भारत एक बहुत मजबूत पक्ष है और हम उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमारी रणनीति में गेम-दर-गेम फोकस शामिल है, जो अनुकूल परिणामों को सुरक्षित करने के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करता है।'

# सरबजोत और सुरभि ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत जीता

**चांगवोन (कोरिया),** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरबजोत सिंह और सुरभि राव की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। सरबजोत सिंह और सुरभि राव स्वर्ण पदक मैच में चीन के जिनयाओ लियू और जू ली से 4-16 से हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मौजूदा एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में यह भारत का दूसरा पदक था, सरबजोत ने मंगलवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। पोडियम फिनिश के अलावा, सरबजोत के प्रदर्शन ने पिस्टल स्पर्धाओं में भारत को अपना पहला पेरिस ओलंपिक कोटा भी दिलाया।

भारतीय जोड़ी सरबजोत (293-10×) और सुरभि (288-10×) के साथ क्वालीफिकेशन में कुल 581-20× के साथ तीसरे स्थान पर रही, जबकि जिन्याओ और जू 581-22× के साथ शीर्ष पर रहे। एक अन्य चीनी जोड़ी चीन के




रैंक्सिन जियांग और बोवेन झांग 581-21× स्कोर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। आमतौर पर, क्वालीफाइंग दौर की शीर्ष दो टीमें स्वर्ण पदक मैच के लिए आगे बढ़ती हैं। हालांकि, प्रति देश केवल एक टीम को पदक मैचों के लिए अर्हता प्राप्त करने की अनुमति देने वाले नियम के कारण, रैनक्सिन जियांग और बोवेन झांग को बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्कीट स्पर्धाओं में, भारतीय निशानेबाजों ने पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में खाली हाथ रहे। हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले अनंतजीत सिंह नरूका बुधवार को फाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद पदक और ओलंपिक कोटा से चूक गए। छह सदस्यीय फाइनल में 40 में से 33 शॉट लगाने के बाद वह बाहर हो गए। गुरजोत खंगुरा ने भी पुरुषों के स्कीट फाइनल में जगह बनाई, लेकिन पहले 20 शॉट्स में से पांच चूकने के बाद वह बाहर हो गए। क्वालीफाइंग राउंड में पांच राउंड में 121 अंक हासिल करने के बाद वह तीसरे स्थान पर थे।

महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में, गनेमत सेखों शीर्ष प्रदर्शन करने वाली भारतीय बनकर उभरीं, उन्होंने 108 के स्कोर के साथ 15वां स्थान हासिल किया। उनके बाद, कार्तिकी सिंह और परिनाज़ धालीवाल ने क्रमश: 17वां और 18वां स्थान हासिल किया। दर्शना राठौड़ ने उस क्षेत्र में 106 के स्कोर के साथ 19वां स्थान हासिल किया जिसमें 28 निशानेबाज शामिल थे। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता अवसर के रूप में काम करती है, जिसमें कुल 24 ओलंपिक कोटा स्थान उपलब्ध हैं। 12 ओलंपिक शूटिंग स्पर्धाओं में से प्रत्येक में, शीर्ष दो फिनिशर (प्रति देश एक) अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए एक प्रतिष्ठित स्थान सुरक्षित करते हैं।

# सुमित अंतिल ने नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

**हांगझोउ,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां) मौजूदा पैरालंपिक और विश्व चैंपियन सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की भाला एफ64 स्पर्धा में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

सुमित ने 73.29 मीटर के उल्लेखनीय थ्रो के साथ नए विश्व, पैरा एशियाई और खेलों के रिकॉर्ड स्थापित करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एक अन्य भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। श्रीलंका के एस अराचिगे कोडिथुवाक्कू ने 64.09 मीटर के साथ रजत पदक जीता। सुमित ने



66.22 मीटर के अपने पहले थ्रो के साथ एक शक्तिशाली शुरुआत की और 2018 में जकार्ता में बनाए गए 56.29 मीटर के गेम रिकॉर्ड को आसानी से पार कर लिया। उनका दूसरा थ्रो 70.48 मीटर की प्रभावशाली दूरी तक पहुंच गया, जो उनके अपने 70.83 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के करीब पहुंच गया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। अपने तीसरे प्रयास में, उन्होंने 73.29 मीटर के विशाल थ्रो के साथ उस रिकॉर्ड को आश्चर्यजनक रूप से तोड़ दिया।

## सार संक्षेप

### दिल्ली में 28 को होगी प्रो टेनिस लीग की नीलामी

**नई दिल्ली।** हार्वेन प्रो टेनिस लीग (पीटीएल) के पांचवें संस्करण की नीलामी 28 अक्टूबर को नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में होगी जिसमें कुल आठ टीमो के 4 खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। मुकुंद शशिकुमार, सहजा यमलापल्ली के साथ रिया भाटिया नीलामी के लिए खिलाड़ियों के पूल का हिस्सा होंगे। भाग लेने वाले 4 खिलाड़ियों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। मुकुंद शशिकुमार की 17 अक्टूबर 219 को हासिल की गई करियर की उच्चतम एटीपी एकल रैंकिंग 229 है। उनके पास तीन फरवरी 22 को हासिल की गई करियर की उच्चतम एटीपी युगल रैंकिंग 431 है, जबकि रिया भाटिया की एकल में करियर की उच्चतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग 338 है। उन्होंने आईटीएफ महिला सर्किट के टूर्नामेंट में तीन एकल और तीन युगल खिताब जीते हैं। सहजा यमलापल्ली की एकल में 38 और युगल वर्ग में 513 की उच्चतम रैंक थी। नीलामी के लिए लागू किया जाने वाला पैटर्न नीलामी शुरू होने से पहले ड्रा द्वारा तय किया जाएगा।

### एडेन मार्करम ने क्विंटन डी कॉक की सराहना की

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान एडेन मार्करम ने फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की सराहना करते हुए उन्हें एक 'स्वतंत्र व्यक्ति' और 'तेज क्रिकेट दिमाग वाला' व्यक्ति बताया है। डी कॉक, जो विश्व कप 223 के समापन के बाद वनडे मैचों से संन्यास ले लेंगे, वो टूर्नामेंट में सर्वोच्च फॉर्म में हैं। मंगलवार को उन्होंने मुंबई में बांग्लादेश के खिलाफ 174 रन की पारी खेली और विराट कोहली (354 रन) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। पांच मैचों के बाद टूर्नामेंट में वो शीर्ष रन-स्कोरर हैं और उनके नाम पर 47 रन हैं। वानखेड़े स्टेडियम में प्रोटियाज़ सलामी बल्लेबाज का शानदार प्रयास पांच टूर्नामेंट मैचों में उनका तीसरा शतक था, जो महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ 1 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 रन था।

### नेपोली ने चैंपियंस लीग में यूनियन की हार का सिलसिला जारी रखा

**बर्लिन।** यूनियन बर्लिन को लगातार नौवीं हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि जियाको रास्पडोरी के एकमात्र गोल ने नेपोली को चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के तीसरे दौर में 1- की मामूली जीत के साथ सभी तीन अंक हासिल करने में सक्षम बनाया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूनियन ने शुरुआत से ही रक्षात्मक रूप से मजबूत शुरुआत की। नेपोली को यूनियन की अच्छी तरह से तैनात रक्षा को भेदना चुनौतीपूर्ण लगा, जबकि मेजबान टीम ने कई बार मौके बनाए। ईसर्नन ने जवाबी हमले के मौके तलाशना जारी रखा, लेकिन आधे समय के ब्रेक से पहले न तो ब्रेंडन आरोनसन और न ही डेविड डात्रो फोफाना नेपोली के गोलकीपर एलेक्स मेरेट को पार कर सके।

# दीपाली व प्रशांत ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता सोना

**पणजी,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की दीपाली गुरसाले और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के प्रशांत कोली ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन बुधवार को नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीते। कैंपल स्पोर्ट्स विलेज में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में गुरसाले ने 75 किग्रा की तीसरी लिफ्ट के साथ स्नैच में राष्ट्रीय स्तर पर सुधार किया और राष्ट्रीय खेलों के इस संस्करण में महाराष्ट्र के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए कुल 165 किग्रा वजन उठाया। पश्चिम बंगाल की चंद्रिका तरफदार ने क्लीन एंड जर्क राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक हासिल किया, जबकि तेलंगाना की टी. प्रिया दर्शिनी ने कांस्य पदक जीता। सांगली जिले के रहने वाले गुरसाले ने कोमल कोहर के 74 किलोग्राम के स्नैच रिकॉर्ड और झिल्ली डालाबेहेरा के 164 किलोग्राम के कुल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। चंद्रिका तरफदार ने झिल्ली के 94 किलोग्राम के क्लीन एंड जर्क रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

बाद में, कोली ने महाराष्ट्र के मुकुंद अहेर को स्नैच में एक किलोग्राम से हराकर पुरुषों के 55 किलोग्राम स्वर्ण पदक के लिए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 115 और सीएंडजे में 138) वजन उठाकर सर्विसेज तालिका में दूसरा स्वर्ण पदक जोड़ा। आंध्र प्रदेश के एस गुरु नायडू ने कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

# बाबर आजम की जगह कप्तानी संभाल सकते हैं सरफराज, आफरीदी या रिजवान: रिपोर्ट

**कराची**, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के बाद पाकिस्तान के कप्तान के रूप में बाबर आजम की जगह लेने के लिए संभावित उम्मीदवारों के रूप में सरफराज अहमद, मुहम्मद रिजवान और शाहीन शाह आफरीदी पर चर्चा की जा रही है। मंगलवार को एक सूत्र ने सुझाव दिया। वनडे वर्ल्ड कप के तुरंत बाद पाकिस्तान तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। मौजूदा वनडे विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसी अटकलें हैं कि बाबर आजम कप्तानी का दबाव महसूस कर रहे हैं और एक बल्लेबाज के रूप में खुद को अधिक अभिव्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'केवल अगर पाकिस्तान कोई चमत्कार कर सकता है और इस विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने सभी शेष




मैच जीत सकता है, तो बाबर के पास कप्तान के रूप में बने रहने का कोई मौका होगा और तब भी उसे केवल लाल गेंद प्रारूप में कप्तानी के लिए भेजा जा सकता है।' सूत्र ने कहा, 'बाबर के लिए यह सब खत्म हो गया है क्योंकि उन्हें कप्तान के रूप में बेलगाम शक्ति और अधिकार दिए गए हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी टीम में हमेशा उनकी पसंद के खिलाड़ी रहे हैं। उनके अधिकार को कम करने का कभी कोई प्रयास नहीं किया गया है और इसलिए अब एशिया कप और विश्व कप में हार के लिए बाबर को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया गया है।' इससे पहले मंगलवार को, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख जका अशरफ ने ऑस्ट्रेलिया दौरे और टी20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए लाहौर में पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक और पूर्व खिलाड़ियों मुहम्मद यूसुफ और आकिब जावेद से मुलाकात की। .

# हमारा लक्ष्य खिताब बरकरार रख ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटना है: उत्तम सिंह

## फोकस उच्च मानदंडो को बनाए रख दुनिया को भारतीय हॉकी का कौशल दिखाना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। चोट के बाद वापसी करने वाले तेज तर्रार स्ट्राइकर उत्तम सिंह की अगुआई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेंगलुरू से बुधवार तड़के क्वालालंपुर में 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होने वाले 11वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप में शिरकत करने के लिए मौजूदा चैंपियन के रूप में शिरकत करने के रवाना हुई। भारतीय जूनियर अपने अभियान का आगाज टूर्नामेंट के पहले दिन चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। भारत की जूनियर टीम सहित सुलतान ऑफ जोहोर कप इसमें शिरकत करने वाली सभी टीमों के लिए खुद को 5 से 16 दिसम्बर तक क्वालालंपुर में होने



वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए खुद को आंकने और तैयार करने का बड़ा मौका है। भारत की जूनियर टीम ने 2022 में पिछले संस्करण में ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हरा कर यह खिताब जीता था। भारत की जूनियर टीम इस बार सुलतान जोहान कप में मेजबान मलयेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ पूल बी में है जबकि जर्मनी, पिछली उपविजेता ऑस्ट्रेलिया। दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन पूल ए में हैं। उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय जूनियर हॉकी टीम की निगाहें सबसे पहले पूल बी में शीर्ष दो में रहकर सेमीफाइनल में स्थान पाना है।

भारतीय जूनियर के कप्तान उत्तम सिंह ने टीम के क्वालालंपुर रवाना होने से पूर्व कहा, हमें फख्र है कि हम सुलतान ऑफ जोहोर कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में सुलतान ऑफ जोहोर कप में शिरकत करने जा रहे हैं। हमारी भारतीय जूनियर टीम का लक्ष्य खिताब बरकरार रखते हुए फिर ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटना है और इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिद्वंद्विता हमारे खिताब बरकरार रखने के अभियान को और रोमांचक बना देती है। हमारी निगाहें अपना अभियान पाकिस्तान के खिलाफ 27 अक्टूबर को मजबूत करने पर टिकी हैं। प्रतिभासम्पन्न खिलाडियों से सज्जित भारतीय जूनियर टीम की अगुआई करना बड़े सम्मान की बात है। हमारा फोकस अपने लिए खुद तय उच्च मानदंडों को बनाए रखते हुए दुनिया को भारतीय हॉकी का कौशल और जज्बा दिखाना है।' वहीं भारतीय जूनियर टीम के उपकप्तान राजिंदर सिंह ने इस टूर्नामेंट की बाबत कहा, 'बतौर उपकप्तान मेरी भूमिका कप्तान का शिद्दत के साथ निभाना है। हमारी जूनियर भारतीय हॉकी टीम अनुभवी और नौजवान प्रतिभाशाली खिलाड़ी का एक अच्छा संगम है और हम चुनौती के लिएि तैयार हैं। सुलतान ऑफ जोहोर कप अपनी क्षमता दिखाने का मंच है और और हम पूरे संकल्प और टीम वर्क से अपना खिताब बरकरार रखने को प्रतिबद्ध है। यह टूर्नामेंट हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रोत्साहित करता है।'

## इज़राइल में सुरक्षा स्थिति के कारण मकाबी तेल अवीव बेलग्रेड में यूरोलीग मैचों की मेजबानी करेगा

**यरूशलम,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली चैंपियन मैकाबी तेल अवीव इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बेलग्रेड में अपने आगामी यूरोलीग घरेलू मैच आयोजित करेगा। मैकाबी ने यूरोलीग बास्केटबॉल (ईबी) के फैसले का हवाला देते हुए एक बयान में यह जानकारी दी। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राउंड 6 में रियल मैड्रिड के खिलाफ मैकाबी का आगामी घरेलू मैच, जो मूल रूप से 2 नवंबर को निर्धारित था, एक अनिर्दिष्ट तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया था। बायर्न म्यूनिख, ओलंपियाकोस पीरियस, बार्सिलोना और अल्बा बर्लिन के खिलाफ इजरायल के निम्नलिखित चार घरेलू मैच नवंबर के अंत में सर्बिया की राजधानी के अलेक्जेंडर निकोलिक हॉल में अपनी निर्धारित तारीखों पर खेले जाएंगे। ईबी के फैसले में कहा गया, 'मैकाबी को बेलग्रेड नगर पालिका और सर्बियाई सरकार का समर्थन मिला है और वह आवश्यक सुरक्षा उपायों की योजना बनाने के लिए बातचीत में शामिल होंगे।' इसमें निष्कर्ष निकाला गया, 'ईबी सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में रहकर स्थिति के विकास की निगरानी करना जारी रखेगा और यदि आवश्यक हो तो किसी भी संशोधन की घोषणा करेगा।'

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 3.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रा सिमको | 2.83 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.08 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| एलटी | 0.24 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.99 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.29 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.10 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.06 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.05 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## आरबीआई ने निजी बैंकों को बोर्ड में कम से कम दो पूर्णकालिक निदेशक रखने का निर्देश दिया

**मुंबई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने सभी निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को अपने बोर्ड में एमडी और सीईओ सहित कम से कम दो पूर्णकालिक निदेशकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी आरबीआई सर्कुलर में कहा गया है कि पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) की संख्या बैंक के बोर्ड द्वारा परिचालन के आकार, व्यावसायिक जटिलता और अन्य प्रासंगिक पहलुओं जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए तय की जाएगी।




'इन निर्देशों के अनुपालन में जो बैंक इस समय उपरोक्त न्यूनतम जरूरत पूरी नहीं करते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से चार महीने की अवधि के भीतर डब्ल्यूटीडी की नियुक्ति के लिए अपने प्रस्ताव जमा करें।' वे बैंक, जिनके पास पहले से ही एसोसिएशन के लेखों में डब्ल्यूटीडी की नियुक्ति के संबंध में सक्षम प्रावधान नहीं हैं, वे जल्द ही अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं, ताकि इन निर्देशों के तहत जरूरतों का अनुपालन करने की स्थिति में रहें। परिपत्र में कहा गया है कि इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते समय अन्य लागू वैधानिक/नियामक प्रावधानों के तहत जरूरतों को पूरा करने पर भी सावधानीपूर्वक विचार किया जाएगा।

## एकेआई इंडिया इक्विटी शेयर व वारंट जारी कर जुटाएगी 80 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कानपुर स्थित लेदर का सामान बनाने वाली कंपनी एकेआई इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को घोषणा की कि वह इक्विटी शेयर और वारंट जारी करके 80 करोड़ रुपए जुटाएगी। वह नॉन-प्रमोटर कैटेगिरी से संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं को

**■ नॉन-प्रमोटर कैटेगिरी से संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं को अधिमान्य आवंटन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करके 40 करोड़ रुपए जुटाएगा**

अधिमान्य आवंटन के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करके 40 करोड़ रुपए जुटाएगा। प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप के साथ-साथ नॉन-प्रमोटर कैटेगिरी से संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं को फिर से अधिमान्य आवंटन के माध्यम से, परिवर्तनीय वारंट जारी करके अन्य 40 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। इसने अपनी अधिकृत शेयर पूंजी को 25 करोड़




रुपए तक बढ़ाने का भी फैसला किया है। जिन निवेशकों को इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, उनमें बीएनपी पारिबा आर्बिट्रेज ओडीआई, एनएवी कैपिटल वीसीसी और एजिस इन्वेस्टमेंट फंड पीसीसी शामिल हैं, जो शेयरधारकों और अन्य संबंधित अधिकारियों के अप्रूवल के अधीन है। एकेआई इंडिया ने हाल ही में यूके स्थित एनपीएस शूज लिमिटेड के साथ ज्वाइंट वेंचर (जेवी) में प्रवेश किया है, जो 140 साल पुरानी फुटवियर कंपनी है जिसका हेडक्वार्टर नॉर्थम्पटनशायर में है। जेवी के फोकस एरिया में पारस्परिक फायदे के लिए भारत और विदेशों में लेदर शूज के निर्माण, व्यापार और निर्यात में सहयोग शामिल है। एनपीएस के पास लेदर शूज की प्रसिद्ध सोलोवायर रेंज है, जिसे वह इस ज्वाइंट वेंचर के जरिए भारत में पेश करने का इरादा रखता है। ज्वाइंट वेंचर में एकेआई इंडिया की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीएस की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। जरुरी कॉर्पोरेट और बिजनेस डेवलपमेंट्स पर कमेंट करते हुए, एकेआई इंडिया लिमिटेड के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी असद कमाल इराकी ने कहा, 'कंपनी एक निर्णायक मोड़ पर है और ताजा फंड जुटाने से कंपनी एक नए स्तर पर पहुंच जाएगी। वैल्यू क्रिएशन की जर्नी में फोकस से ही नए रास्ते खुलेंगे। एनपीएस शूज के साथ हमारी पार्टनरशिप पिछले दो दशकों की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत कंज्यूमर लाइफस्टाइल इकोनॉमी के रूप में विकसित हो रहा है।'

हमारा लक्ष्य एनपीएस के साथ अपने जेवी के माध्यम से लेदर शूज ब्रांडों में से एक सोलोविअर को भारत में लाना है। इसके अलावा, यह कोलैबोरेशन हमें सीखने, इनोवेट करने, विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ने और नए बाजारों का एक साथ दोहन करने में सक्षम बनाएगा।

## देवू ब्रांड का भारतीय बाजार में प्रवेश

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई समूह पॉस्को देवू अपने ग्लोबल ब्रांड देवू को भारतीय बाजार में उतारने के लिए केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ रणनीतिक साझेदारी करते हुये उत्पाद लांच किये है। भारत में इनोवेटिव उत्पाद पेश करने के लिए ब्रांड लाइसेंसिंग का करार किया गया है। कंपनी का भारत में प्रवेश का उद्देश्य भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग का फायदा उठाना है, और इसे दुनिया के सबसे अधिक संभावनाओं से भरे उपभोक्ता बाजारों में से एक बनाना है। गुणवत्ता और इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाला देवू ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रॉनिक्स, इन दोनों ही क्षेत्रों में 50 वर्षों की वैश्विक विरासत वाला ब्रांड है। 110 देशों में पहले से ही स्थापित देवू रणनीतिक ब्रांड लाइसेंसिंग सहभागिता के माध्यम से भारत में अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है। देवू ने गुड़गांव स्थित केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक करार किया है। केल्वोन का नेतृत्व श्री एच.एस. भाटिया करते हैं। वे इससे पहले एलजी और एयरटेल में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उनको भारत में देवू के लिए एक्सक्लूसिव ब्रांड लाइसेंसधारी के रूप में चुना गया है। देवू इंडिया ऑपरेशंस निदेशक चान रयू ने कहा कि पॉस्को समूह का हिस्सा देवू विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क और यूएसए, यूरोप, चीन, मिडिल ईस्ट, यूएई आदि जैसे कई इंटरनेशनल बाजारों में इसकी अच्छी उपस्थिति है। भारतीय बाजार का तेज ग्रोथ इस डायनेमिक लैंडस्केप में प्रवेश करने का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा 'प्रारंभिक चरण में, हम बिजली और एनर्जी उत्पादों की एक रेंज पेश कर रहे हैं, जिसमें फोर-व्हीलर्स और टू-व्हीलर्स, दोनों प्रकार के वाहनों के लिए बैटरी, साथ ही इन्वर्टर और सौर बैटरी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हम विभिन्न प्रकार के एचयूपीएस इनवर्टर और यूपीएस सिस्टम भी पेश करेंगे।

## अमेजन बिजनेस पर व्यवसाय संबंधित उत्पादों पर ऑफर

**बेंगलुरु,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस त्योहारी सीजन में अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023के तहत ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन बिजनेस पर कारोबारियों को आकर्षक ऑफरों की पेशकश की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बिजनेस कस्टमरों को आसुस, डेल, हॉनर, व्हर्लपूल, सीपी प्लस सहित टॉप ब्रांडों के लैपटॉप, डेस्कटॉप और मॉनिटर, एप्लाएंसेस, वैक्यूम क्लीनर्स, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, ऑफिस चेयर्स, सिक्यूरिटी कैमरा, टूल्स, और इंस्ट्रूमेंट्स आदि सभी श्रेणियों के अद्वितीय उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स का लुत्फ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस पर बिजनेस कस्टमर्स जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं और 15,000 से ज्यादा जीएसटी-सक्षम उत्पादों पर थोक खरीद छूट के साथ 40 प्रतिशत तक की बचत कर सकते हैं। 10 लाख से अधिक विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 19 करोड़ से ज्यादा उत्पादों के जीएसटी सक्षम चयन के साथ, व्यावसायिक उद्यम अपनी खरीद पर बड़ी बचत कर सकते हैं। अमेजन बिजनेस का लक्ष्य भारत में सभी प्रकार और आकार के व्यवसायों के लिए खरीदारी को आसान और कुशल बनाने के लिए प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी मूल्य निर्धारण और व्यापक डिलीवरी कवरेज के साथ जीएसटी सक्षम चयन को एक मंच पर उपलब्ध कराना है। उपभोक्ताओं के लिए किफायत में सुधार करने और उनकी खरीद आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए, अमेजन बिजनेस ने अपनी 6वीं वर्षगांठ पर पात्र बिजनेस कस्टमरों को वर्चुअल क्रेडिट प्रदान करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य व्यवसायों और अन्य कॉरपोरेट खरीदारों को एक आसान और परेशानी मुक्त भुगतान अनुभव के साथ अपने व्यवसायों के लिए दैनिक जरूरी वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कॉरपोरेट गिफ्टिंग तक के उत्पादों की थोक और नियमित खरीद के लिए उनका बजट बढ़ाने में मदद करना है। इन-बिल्ट सिक्यूरिटी फीचर्स के साथ, अमेजन पे लेटर ग्राहकों को अपनी सुविधा के अनुसार बैंक के माध्यम से मासिक बिल या ईएमआई का भुगतान करने के लिए ऑटो-रिपेमेंट सेट करने का विकल्प देगा। हमारा अनुमान है कि क्रेडिट सुविधा अपनाने वाले ग्राहकों की वजह से अगले तीन वर्षों में बिक्री में 25 फीसदी का इजाफा होगा।

## जोमैटो ने महिला डिलीवरी पार्टनर्स के लिए मातृत्व बीमा योजना शुरू की

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने बुधवार को कंपनी से जुड़ी महिला डिलीवरी पार्टनर्स के लिए एक व्यापक मातृत्व बीमा योजना शुरू की है। कंपनी ने कहा, 'बीमा योजना गर्भावस्था से संबंधित खर्चों को कवर करेगी जिसमें जन्म और किसी भी मातृत्व जटिलता शामिल होगी, जिससे ऐसी महिला डिलीवरी पार्टनर्स, उनके परिवारों को आश्वासन और वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जाएगी।' जोमैटो के फूड डिलीवरी सीईओ राकेश रंजन ने एक बयान में कहा, 'गिग श्रमिकों के लिए व्यापक मातृत्व बीमा शुरू करके, हम अपने भागीदारों की मातृत्व की यात्रा के दौरान अतिरिक्त सहायता प्रदान करने, उनके कल्याण और वित्तीय सुरक्षा के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं, जिससे उन्हें हर कदम पर उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।' जोमैटो ने डिजिटल बीमा प्रदाता एसीकेओ के साथ साझेदारी की है, जो मातृत्व बीमा को कवर करेगा। कंपनी के अनुसार, यह बीमा उन महिला डिलीवरी पार्टनर्स तक फैला हुआ है, जिन्होंने ज़ोमैटो प्लेटफॉर्म पर 1000 डिलीवरी पूरी की हैं और मातृत्व बीमा योजना की सूचना की तारीख पर पिछले 60 दिनों से सक्रिय हैं।

## मुनाफावसूली का शिकार हुआ बाजार

**मुंबई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 522.82 अंक अर्थात 0.81 प्रतिशत का गोता लगाकर चार महीने के निचले स्तर 64049.06 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 28 जून को 63915.42 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.60 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 19122.15 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान मिडकैप 0.52 प्रतिशत लुढ़ककर 30,920.09 अंक और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत गिरकर 36,321.61 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3795 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2464 में गिरावट जबकि 1223 में तेजी का रुख रहा वहीं 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां लाल जबकि शेष 10 हरे निशान पर रही।

बीएसई में धातु समूह की 0.85 प्रतिशत की



तेजी को छोड़कर शेष 19 में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, सीडी 0.43, ऊर्जा 0.24, एफएमसीजी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.83, हेल्थकेयर 0.67, इंडस्ट्रियल्स 1.30, आईटी 1.13, दूरसंचार 1.29, यूटिलिटीज 1.25, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 1.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.63, तेल एवं गैस 0.59, पावर 1.09, रियल्टी 0.80, टेक 1.39 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.18 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.24 फिसल गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03, जापान का निक्केई 0.67, हांगकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.40 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 47 अंक की बढ़त के साथ 64,619.27 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,787.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। लेकिन, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 63,912.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद उसने संभलने की कोशिश की लेकिन अंत में पिछले दिवस के 64,571.88 अंक के मुकाबले 0.81 प्रतिशत का गोता लगाकर 64,049.06 अंक रह गया।

निफ्टी पांच अंक बढ़कर 19,286.45 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 19,347.30 अंक के उच्चतम जबकि 19,074.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,281.75 अंक की तुलना में 0.83 प्रतिशत टूटकर 19,122.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में से इंफोसिस ने सबसे अधिक 2.76 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही भारती एयरटेल 1.90, एनटीपीसी 1.82, टाटा मोटर्स 1.47, आईसीआईसीआई बैंक 1.47, एलटी 1.42, टेक महिंद्रा 1.16, एक्सिस बैंक 0.84, आईटीसी 0.75, एचडीएफसी बैंक 0.61, टीसीएस 0.56, विप्रो 0.26, रिलायंस 0.21, सन फार्मा 0.20, बजाज फिनसर्व 0.11 और पावरग्रिड के शेयर 0.05 प्रतिशत उतर गए। वहीं, टाटा स्टील 1.13, एसबीआई 0.60, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.48, मारुति 0.44, नेस्ले इंडिया 0.15 और जेएसडब्ल्यू स्टील ने 0.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## दिल्ली में 294 करोड़ के नशीले पदार्थ और 8.2 लाख विदेशी सिगरेट नष्ट

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में आज यहां केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के दिल्ली सीमा शुल्क निवारक क्षेत्र ने 284 करोड़ रुपए मूल्य के 328 किलोग्राम मादक पदार्थ और 9.85 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मूल की 80.2 लाख सिगरेट सुरक्षित तरीके से नष्ट कीं। इस दौरान राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, सीबीआईसी के अध्यक्ष और सीबीआईसी के सदस्य (अनुपालन प्रबंधन) भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर श्री मल्होत्रा ने कहा कि सीमा शुल्क विभाग विशेष अभियान के इतर भी गैरकानूनी वस्तुओं को नष्ट करता है, हालांकि विशेष अभियान ने इस प्रक्रिया को बढ़ावा दिया है। दशहरे पर्व के अवसर पर अवैध वस्तुओं को नष्ट करने की तुलना रावण दहन से करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि आज का यह कार्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ियों को नशे के चंगुल से बचाने के लिए नशीले पदार्थों के खतरे के खिलाफ विभाग का संकल्प जारी है। उन्होंने कहा कि आज नष्ट किए जा रहे मादक पदार्थों में 29 किलोग्राम हेरोइन, 6 किलोग्राम कोकीन, 7 किलोग्राम एम्फ़ैटेमिन और 286 किलोग्राम 'खाट के नशीले पत्ते' (कैथा एडुलिस) शामिल हैं। विभाग ने 2005-06 और 2009-10 में अधिकांश हेरोइन जब्त की थी और 2022-23 में कुछ मात्रा जब्त की गई थी। शेष मादक पदार्थ 2022-23 में जब्त किए गए थे। आज नष्ट की जा रही विदेशी मूल की सिगरेट का बड़ा हिस्सा 2018 में जब्त किया गया था और कुछ मात्रा 2023 में जब्त की गई थी। विभाग ने इन सिगरेटों को इसलिए जब्त किया क्योंकि इन्हें सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 का उल्लंघन करते हुए भारत में तस्करी करके लाया गया था। इन विदेशी मूल की सिगरेटों के पैकेज में अनिवार्य स्वास्थ्य और चित्रात्मक चेतावनी नहीं थी। मेसर्स बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली में खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (एम एंड टीएम) नियम, 2016 के तहत दिशानिर्देशों के अनुसार एनडीपीएस पदार्थों और विदेशी मूल की सिगरेट को नष्ट किया गया है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दाल-दलहन में और अनाज के भाव में मिलाजुला रुख रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा एक रिंगिट बढ़कर 3607 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.34 सेंट की तेजी लेकर 51.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपए और मूंग दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मसूर दाल 100 रुपए और उड़द दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

## लॉफबरो यूनिवर्सिटी ने अपने बिजनेस स्कूल का नाम बदला, भारत को बताया 'एक बड़ा फोकस बाजार'

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन स्थित लॉफबरो यूनिवर्सिटी ने अपने बिजनेस स्कूल की रीब्रांडिंग की घोषणा की है। इसका उद्देश्य लोगों और संगठनों के लिए पहली पसंद वाला बिजनेस स्कूल बनना है। एक प्रमुख ब्रांडिंग बदलाव के हिस्से के रूप में विश्वविद्यालय ने अपने स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स का नाम बदलकर 'लॉफबरो बिजनेस स्कूल' कर दिया। अपने खेल शिक्षण और छात्र अनुभव के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध विश्वविद्यालय 2023 सीजन में भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के लिए प्रशिक्षण मैदान भी था। एक विशेष बातचीत में लॉफबरो यूनिवर्सिटी में मार्केटिंग एंड एडवांसमेंट की एसोसिएट डायरेक्टर सारा बोस्टॉक ने कहा कि संस्थान ने 2023 में 700 से अधिक भारतीय छात्रों को नामांकित किया, जिससे वर्तमान में इसके परिसर में लगभग 900 भारतीय छात्र हैं। उन्होंने कहा कि 'विश्वविद्यालय उद्देश्य के साथ प्रगति' के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को 'रणनीतिक प्राथमिकता वाले




देश' के रूप में पहचानता है। हमारे दृष्टिकोण 'उद्देश्य के साथ प्रगति' के हिस्से के रूप में, हम खुद को उद्देश्य-आधारित लोगों और संगठनों के लिए पहली पसंद वाले बिजनेस स्कूल के रूप में देखते हैं।

लॉफबरो में हमारा मिशन हमारे सीखने के माहौल को नया आकार देना और छात्रों को नए अनुभव प्रदान करना शामिल है। इस रीब्रांडिंग से हमें विश्व स्तर पर अपनी प्रोफाइल और प्रतिष्ठा बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही व्यावसायिक साझेदारी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए और अधिक रास्ते खुलेंगे।' बोस्टॉक ने कहा, 'भारत में लॉफबरो के कई प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों के साथ अच्छे संबंध हैं, जिनमें बॉम्बे, दिल्ली, रूड़की और मद्रास के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई और सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के साथ उभरते संबंध शामिल हैं। भारत के साथ हमारे लंबे समय से संबंध हैं। भारत से हमारा पहला छात्र 1937 में स्नातक हुआ था। हम छात्रों को करियर मार्गदर्शन, पूर्व छात्रों की सलाह और कार्य-आधारित सीखने के अवसर प्रदान करके भारत में अपनी मौजूदा साझेदारी को मजबूत करना जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि भारत के लिए अपनी रणनीति को और बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने वरिष्ठ शैक्षणिक समुदाय, प्रोफेसर बाला वैद्यनाथन और डॉ. कीर्ति रुइकर में से दो विशेष क्षेत्रीय दूत नियुक्त किए हैं। भारत वर्तमान में हमारा दूसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सबसे बड़ा समूह है।

## सार संक्षेप

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी 'स्मार्ट टैग 2' किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने भारत में बिल्कुल नया गैलेक्सी 'स्मार्ट टैग 2' लॉन्च किया है, जो कीमती चीजों पर नजर रखने के नए और बेहतर तरीके सक्षम बनाता है। 2,799 रुपए की कीमत पर, 'स्मार्ट टैग 2' दो कलर्स ब्लैक और व्हाइट में आता है, और सैमसंग ऑनलाइन स्टोर, अमेजन और सैमसंग एक्सक्लूसिव शोरूम पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, डिवाइस एक 'लॉस्ट मोड' प्रदान करता है जो मैसेज के जरिए यूजर कॉन्टेक्ट इन्फॉर्मेशन को रिजस्टर्ड करने के लिए डिवाइस के एनएफसी डिस्प्ले का इस्तेमाल करता है। इसके साथ, जो कोई भी गैलेक्सी 'स्मार्ट टैग 2' से जुड़ा आइटम खोजता है, वह टैग को स्कैन करने और मालिकों के मैसेज और कॉन्टेक्ट इन्फॉर्मेशन देखने के लिए अपने स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर सकता है। 'स्मार्ट टैग 2' का आयाम 28.8 × 52.44 × 8 मिमी है और इसका वजन सिर्फ 13.75 ग्राम है, जो 12 मीटर की ट्रैकिंग रेंज प्रदान करता है। डिवाइस के टिकाऊपन को पानी और धूल प्रतिरोध के लिए आईपी67 रेटिंग के साथ अपग्रेड किया गया है, जिससे यूजर्स और भी अधिक चुनौतीपूर्ण माहौल में अपने आइटम को ट्रैक कर सकते हैं, जैसे कि बाहर यात्रा करते समय।

### टेक महिंद्रा का मुनाफा 61.6 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 494 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 1285 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 61.6 प्रतिशत कम है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखा जोखा के अनुसार 16 वर्षों में पहली बार कंपनी के लाभ में इतनी गिरावट देखी गयी है। अमेरिका के साथ वैश्विक स्तर पर बने आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में कंपनी के ग्राहकों द्वारा व्यय पर लगाम लगाये जाने के कारण आईटी कंपनियों की आर्थिक स्थिति पर इस तरह का प्रभाव दिख रहा है। कंपनी ने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल राजस्व भी 2.2 प्रतिशत घटकर 12864 करोड़ रुपए रहा है।

### एक्सिस बैंक का मुनाफा 1 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5863 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 5329.8 करोड़ रुपए की तुलना में 1 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बीएसई को बताया कि सितंबर 223 को समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 12314.56 करोड़ रुपए रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 136.26 करोड़ रुपये की तुलना में 18.9 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही में बैंक का सकल एनपीए 23 आधार अंक घटकर 1.73 प्रतिशत पर आ गया और शुद्ध एनपीए भी पांच आधार अंक सुधरकर .36 प्रतिशत पर रहा।

# भाजपा की चौथी लिस्ट जारी, बेलतरा से सुशांत शुक्ला

## सुशांत शुक्ला और विजय केशरवानी के बीच होगी भिड़ंत

### जीत का पहिया नहीं रुकेगा-सुशांत

### महापौर रामशरण ने बेलतरा व बिलासपुर से नामांकन पत्र खरीदकर चौंकाया

**बिलासपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले की बेलतरा विधानसभा सीट से भाजपा ने ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में सुशांत शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। अब बेलतरा में कांग्रेस के विजय केसरवानी के खिलाफ भाजपा के सुशांत शुक्ला के बीच मुकाबला होगा। भाजपा ने काफी देर में उम्मीदवार की घोषणा की है। छात्र राजनीति से पार्टी में लगातार सकिय रहने वाले सुशांत शुक्ला 2018 के विधानसभा चुनाव में भी टिकट के दावेदारी की थी। लेकिन रजनीश सिंह को भाजपा ने टिकट दी थी। इस बार ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में काफी ज्यादा जहाज के बाद सुशांत शुक्ला टिकट पाने में सफल हुए हैं वैसे सुशांत शुक्ला भाजपा के सांसद रहे स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के काफी करीबी रहे हैं सुशांत शुक्ला ने टिकट मिलने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा है कि रजनीश सिंह उनके अभिभावक हैं। मेरे गार्जियन के रूप में वह मेरे साथ है और बेलतरा क्षेत्र का भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के विकास के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देने के लिए मेरे साथ होगा। और बेलतरा की सीट एक बार फिर भाजपा ही जीतेगी सुशांत शुक्ला ने कहा है कि पूर्व सांसद दिलीप सिंह जूदेव तथा पूर्व विधायक स्वर्गीय दीवान दीवान के सपनों को वहां पूरा करेंगे। बेलतरा में भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन के साथ पार्टी टिकट व्यक्ति प्रथम नहीं है राष्ट्र प्रथम भाजपा का यह सिद्धांत है। पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को विधानसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया है। मैं एक समानय कार्यकर्ता हूं सामान्य परिवार से हूं वैचारिक पृष्ठभूमि



से हूं और भाजपा सबके साथ सबका विकास मूल मंत्र के साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। आने वाले समय में बेलतरा की जनता जिस तरह से 20 साल से भाजपा पर विश्वास कर रही है और भाजपा के विधायक लगातार जीत रहे हैं इस बार भी जानता भाजपा उम्मीदवार के रूप में मुझे जिताकर विधानसभा भेजेगी। कांग्रेस उम्मीदवार को उन्होंने कहा कि चुनौती के रूप में स्वीकार करता हूं बेलतरा क्षेत्र में अपराध और नशे के व्यापार को खत्म करना चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस शासन काल में बेलतरा क्षेत्र में 5 साल में विकास का पहिया रुक गया है। एक भी विकास कार्य जनता को समर्पित नहीं हो पाया। कांग्रेस की सरकार 5 साल तक राज किया लेकिन बेलतरा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार बेलतरा क्षेत्र में विकास के कम पांच बता दे। 5 साल में पांच योजनाएं पांच विकास पंचक वाला है उन्होंने कहा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में उसे पर भरोसा किया है और बिलतरा करके कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव लड़ेगा और उनकी जीत सुनिश्चित है। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम समय के चार दिन पहले ही भाजपा ने सुशांत शुक्ला को बेलतरा से उम्मीदवार बनाकर एक नया समीकरण बनाने की कोशिश की है।

### 7 उम्मीदवारों ने आज दाखिल किया नामांकन फॉर्म

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के तीसरे दिन आज 7 उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अफसर के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किये। इसके साथ ही 17 लोगों ने निक्षेप राशि जमा कर नामांकन पत्र इश्यू कराये है। नामांकन दाखिल करने वालों में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से सुखराम खुटे गुरुजी, कोटा विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर राज, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से अनिलेश मिश्रा एवं अरूण तिवारी,बेलतरा विधानसभा से हरीशंकर कुशवाहा एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से धरमलाल कौशिक, धनीराम यादव का नाम शामिल है। धरमलाल कौशिक ने दो नामांकन पत्र दाखिल किया। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभावार निक्षेप राशि जमाकर नाम निर्देशन पत्र लेने वाले उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से रामशरण यादव, बरनलाल करियारे, अखिलेश पांडे है। इस प्रकार बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से कुल 3 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराया है। कोटा विधानसभा क्षेत्र से प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, लक्ष्मीनारायण पोर्ते इस प्रकार 2 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से जागेश्वर सोनी, संतोष कुमार साहू एवं देवप्रसाद इस प्रकार कुल 3 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराया है। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से रामबनवास जगत ने नामांकन पत्र इश्यू कराया है। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से अभिषेक सोनी ने नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराया है। इसके अलावा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से रामशरण यादव, लक्ष्मण पाठक, अश्वनी कुमार दुबे, प्रहलाद कुमार यादव, सुशांत शुक्ला, अनंदराम साहू एवं बाबा पवार कुल 7 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराया।

# 303 लीटर महुआ शराब और हजार किलो महुआ जब्त

**बिलासपुर,**25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग बिलासपुर की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। अलग अलग गांव से 3 सौ लीटर देशी शराब और हजार किलो महुआ लाहान जब्त किया है।



विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश और आबकारी विभाग के उपायुक्त दिनकर वासनिक के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 24/10/23 को तखतपुर के सोनबंधा एवं कोटा के लोकबंद छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में चार मामले बनाए गए है। इसके अलावा 304 लीटर महुआ शराब और 1020 किलोग्राम महुआ लाहान जब्त किया गया है। मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें परमेश्वर बघेल पिता भौवकापा तखतपुर थाना कोटा शामिल है। इस आरोपी से 97 लीटर महुआ शराब एवं 1020 किलोग्राम महुआ लाहान जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)क, 34(2), 59क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इसी तरह सोनबंधा थाना कोटा में लावारिश हालत में 175 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम लोकबंध थाना कोटा में 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आब. अधि. की धारा 34 (1)(क), 34 (2) 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इतवारी दाहिरे पिता रेवाराम साकिन लोकबन्ध थाना कोटा से 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है और आब अधि. की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### चाकू लेकर घूम रहे तीन युवक पकड़ाए



**बिलासपुर** , 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले की पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) के द्वारा पूर्व मीटिंग लेकर आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने तथा अपराधिक तत्वों पर करवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर)राजेंद्र कुमार जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार के निर्देशन में थाना सरकंडा से एक टीम थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग हेतु लगायी गई है। पेट्रोलिंग द्वारा सूचना पर अलग-अलग क्षेत्र से 03 व्यक्तियों कौशल कुमार यादव उर्फ सोनू को सीमेंट गोदाम के पास मोपका,अनिल साहू को तीनपुलिया पारा खमतराई तथा, मनोहर साहू को इमलीभाटा सरकंडा से पकड़ा गया जिनमें पास से अलग-अलग 03 नग चाकू जप्त किया गया तीनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### चाकू से जानलेवा हमला करने वाला पकड़ाया



**बिलासपुर** , 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रजक शंकर पिता दुलारा शंकर उम्र 28 वर्ष साकिन गुरूनानक चौक सतीश किराना दुकान के पास दयालबंद थाना सिटी कोतवाली 23 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी विजय नरेश उर्फ चप्पू पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गाली देते हुए, जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू से उसके गर्दन में मार दिया। जिससे खून निकलने लगा। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 484/2023 धारा 506,307 भादवि पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में आरोपी विजय नरेश उर्फ चप्पू पिता उधोश्याम नरेश उम्र 32 वर्ष निवासी सतीश किराना दुकान के पास दयालबंद थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक उत्तम साहू, सउनि गजेन्द्र शर्मा, रंजीत खाण्डे, रत्नाकर राजपूत आदि उपस्थित थे।

### एक्सप्रेस ट्रेन का रेगुलर नंबर के साथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में परिचालन

**बिलासपुर** , 25 अक्टूबर(देशबन्धु)।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अम्बिकापुर से ह. निज़ामुद्दीन के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन 04044/04043 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन स्पेशल ट्रेन के रूप में किया जा रहा है। इसी कड़ी में रेल प्रशासन के द्वारा इस ट्रेन का परिचालन रेगुलर नंबर 22408/22407 के साथ सुपरफास्ट के रूप में किया जाएगा। यह ट्रेन ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 06.02.2024 से ट्रेन नं. 22408 ह. निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। इसी प्रकार यह ट्रेन को दिनांक 08.02.2024 से ट्रेन नं. 22407 अम्बिकापुर-ह. निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में चलेगी।




### मस्तूरी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में आज़ाद युवा संगठन की बैठक संपन्न

**बिलासपुर**,25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए आज़ाद युवा संगठनप प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो जैसे देवरीखुर्द, सफेदखदान, कर्रा,रिसदा, मल्हार, बूढ़ीखार, डगनिया, बिनोरी, पचपेड़ी, सुकुलकारी, रेलहा, मानिकचौरी, भटचौरा, आमगांव, विद्याडीह, कुटेला, ठाकुरदेवा, चिसदा,सोनलोहर्षि,खपरी,रहटाटोर,जैतपुरीआदि पंचायत के पारा टोला में फैले आज़ाद युवा संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक एवं भेट मुलाकात करते हुए प्रदेश में कांग्रेस की भुपेश सरकार द्वारा पाँच वर्षों तक निरंतर जनकल्याणकरी योजनाओं एवं कार्यो से सभी वर्गों का भरोसा जीता हैं,जिससे प्रभावित हो कर आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा विभिन्न ग्रामो में फैले पंचायतों का सघन एवं निरंतर दवरा करते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया।



# मंडल के सभी रेल पाथों पर 1 नवम्बर से चलाई जाएगी शीतकालीन पेट्रोलिंग के लिए विशेष संरक्षा अभियान

### ठंड के दिनों में भी यात्रियों को मिलेगी व्यवधान-मुक्त रेल सेवा

**बिलासपुर** , 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाड़ियों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना रेलवे की पहली प्राथमिकता रही है। गाड़ियों के संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंडल में अनेक अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में ठंड के दिनों में भी सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु शीतकालीन पेट्रोलिंग की पूरी तैयारी कर ली गई है जिसे 01 नवम्बर से मंडल के सभी रेल पाथों पर योजनाबद्ध तरीके से लागू किए जायेंगे।

मंड़ल रेल प्रशासन द्वारा शीतकालीन के दौरान गाड़ियों के सुरक्षित परिचालन और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।



सभी सेक्शनों के संरक्षा से जुड़े इंजीनियरिंग विभाग के फील्ड कर्मचारियों अथवा पैट्रोलमेनों का काउन्सलिन्ग संरक्षा सेमिनार के आयोजन के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान उन्हें शीतकालीन के दौरान ट्रैक सुरक्षा, जैसे वेल्ड/रेल फ्रैक्चर आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। योजनाबद्ध तरीके से पैट्रोलमेनों द्वारा शीतकालीन पेट्रोलिंग के कार्य 01 नवम्बर से किए जाएंगे। मंडल में सभी गश्ती दलों द्वारा प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक पेट्रोलिंग का कार्य किया जाएगा। ठंड के दिनों में रेल व वेल्ड फ्रेक्चर की घटनाएँ न हों इसके लिए डी-स्क्रीनिंग के कार्य योजनाबद्ध तरीके से व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। साथ ही ट्रैक की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चाबीदार द्वारा सुबह 05 बजे से ही ट्रैक निरीक्षण का कार्य प्रतिदिन किया जाएगा। इसके साथ ही मंडल के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा शीतकालीन के पूर्व विशेष अभियान चलाया गया है, जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है, जिससे शीतकालीन के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे।

# प्लेटफॉर्म में गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**,25 अक्टूबर ( देशबन्धु)। आज आपरेशन नारकोस के तहत प्री-इलेक्शन सीजर के क्रम में अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टिव विंग बिलासपुर के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर,साथ उप निरी एस के मिंज, एके बिन्द,आलोक कुमार ,विशेष खुफिया शाखा बिलासपुर (एसआईबी) के उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं अपराध गुप्तचर शाखा,जोनल/डिटेक्टिव विंग / बिलासपुर के सउनि एम अली, राकेश साहू, योगेश तिवारी के साथ मुखबिर सूचना पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर प्लेटफार्म न 07-08 कटनी छोर हावड़ा पर दो व्यक्तियों को दो पिट्ठू बैग के साथ पकड़े।



पूछताछ करने पर दोनो व्यक्ति घबराने लगे।तब दोनों व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम पता क्रमश (1) कैलाश दुबे पिता स्व. राजाराम दुबे उम्र 45 वर्ष नि ग्राम- मधपुरा, पोस्ट- बरधा, थाना-सुनवानी कला, जिला - पन्ना (म.प्र.) (2.) कलुआ साहु उर्फ धनश्याम पिता - स्व. झुर्रा साहु उम्र 40 40 वर्ष निवासी - मधपुरा, पोस्ट-सुनवानी कला थाना सुनवानी कला जिला (म.प्र.) होना बताया। दोनो के बैग चेक करने पर दोनो बेगो में क्रमश कैलाश दुबे के बैग में 5 पैकिट मादक पदार्थ गंजा एवं दूसरे व्यक्ति कलुआ साहू के बैग में 03 पैकिट मादक पदार्थ (गांजा) होना पाया। पूछताछ करने पर बताये की वह दोनो उक्त गांजे को बरगढ़ (उड़ीसा) से लेकर आये एवं दमोह (मप्र) लेकर जा रहे थे। तब मौके पर दोनो आरोपीयो के कब्जे से उक्त मादक पदार्थ (गांजा) को उपस्थित रेसुब टीम एवम गवाहो के समक्ष अपराध गुप्तचर शाखा /डिटेक्टिव विंग/बिलासपुर द्वारा धारा 20 (ड्ड) ह्ष्ठक्क्ष्ह्ल के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए उक्त दोनो बैगों में भरे कुल 08 किलो ग्राम मादक पदार्थ (गांजे) को जप्त कर दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर दोनो के विरुद्ध मौके की विधिवत कागजी कार्यवाही की गई।मामले में जप्तशुदा गांजे की कीमत 1,60,000 (एक लाख साठ हजार रुपये )है।दोनो आरोपीयो को मय जप्तशूदा मादक पदार्थ (गांजा) एवं प्रतिवेदन के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतू थाना प्रभारी, जीआरपी थाना बिलासपुर को सुपुर्द किया गया।

# भाजपा प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल आज



### असम के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**बिलासपुर** ,25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर अब सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। हर सीट पर प्रत्याशी तय होने के बाद मुख्य विपक्षी दल बीजेपी ने भी कमर कस ली है। बिलासपुर के प्रत्याशी अमर अग्रवाल व बिल्हा सीट के प्रत्याशी धरमलाल कौशिक ने संयुक्त रूप से आज एक प्रेसवार्ता लिया। प्रेसवार्ता के दौरान प्रत्याशियों ने कल संयुक्त रूप से नामांकन दाखिल करने और एक विशाल रैली आयोजित करने की बात कही। बिल्हा प्रत्याशी धरमलाल कौशिक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कल जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एक साथ नामांकन दाखिल करेंगे और इस बीच रैली के दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा का संबोधन भी होगा। जानकारों की मानें तो बीजेपी एकसाथ नामांकन रैली से कहीं ना कहीं एकजुटता का संदेश देना चाहती है। अपको बता दें कि जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से सुशांत शुक्ला के रूप में आज ही बीजेपी का टिकट फाइनल हुआ है। अब सत्तारूढ़ कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल बीजेपी के बीच सभी सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान हो चुका है। अब दोनों ही पार्टी यह चाहेगी कि टिकट वितरण को लेकर फैले असंतोष को एकजुटता का संदेश देकर डाइल्यूट किया जाय, ताकि मतदाताओं के बीच खराब सन्देश ना जाए।

### आपकी अमानत आपके पास अभियान अर्पण

# एसपी के ने लौटाए 100 नग गुम मोबाइल

## दशहरा के शुभ अवसर पर मोबाइल मालिकों की खुशियां हुई दोगुनी

**बिलासपुर** , 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा गुम हुए 100 नग मोबाइल उनके मालिकों को लौटाया गया। दुर्गा पूजा दशहरा के अवसर पर अपना गुम मोबाइल वापस पाकर मोबाइल मालिक जहां बिलासपुर पुलिस को धन्यवाद दे रहे थे,वहीं इसे माता रानी का आशीर्वाद मानकर माता रानी के प्रति भी नतमस्तक थे। अपने गुम हुए मोबाइल वापस पाने की आस छोड़ चुके मोबाइल मालिकों को जब पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा मोबाइल वापस लौटाया गया। तब उनके चेहरे की खुशी देखने लायक थी ,मोबाइल मालिकों ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर मोबाइल वापस मिलने से उनके परिवार की खुशियां दोगुनी हो गई है, वापस लौटाए गए 100 नग मोबाइल में से बहुत से मोबाइल हैंडसेट काफी महंगे थे, सभी मोबाइल का अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए है।

बिलासपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में मोबाईल गुमने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुमे हुये मोबाईल के तलाश करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र कुमार जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल ,नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार के पर्यवेक्षण में एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू को निर्देशित किया गया है, एसीसीयू टीम द्वारा संबंधित मोबाइल कंपनियों से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर गुम हुए मोबाइल खोजने हेतु अभियान चलाया गया। खोजबीन के दौरान मध्यप्रदेश ,उड़ीसा ,महाराष्ट्र,तेलंगाना झारखंड सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 100 नग मोबाइल रिकवर किया गया है। मोबाइल लेने आए हुए मालिकों से उप निरीक्षक प्रभाकर तिवारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से चर्चाकर मोबाइल का सुरक्षित उपयोग करने, वर्तमान में प्रचलित सायबर ठगी के नये प्रारूप सेक्सटार्सन (वीडियो कॉलिंग के माध्यम से), वॉट्सएप की डी.पी. बदलकर ठगी करने, बिटकॉईन, टुरिजम प्लॉन के नाम पर, कस्टमर केयर के नाम पर, आनलाईन लोन एप व अन्य तरीको से किये जाने वाले अद्यतन ठगी के बारे में जानकारी एवं बचने के उपाय साझा किये गये। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल ,नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार , उप पुलिस अधीक्षक कृष्णा पटेल , उदयन बेहार, श्रीमती मंजू लता प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा सहित एसीसीयू टीम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मोबाइल खोज अभियान में वरिष्ठ अधिरियों के मार्गदर्शन में ए.सी.सी.यू बिलासपुर प्रभारी कृष्णा साहू, साइबर एक्सपर्ट प्रभाकर तिवारी, स.उ.नि. सोमनाथ यादव, प्र.आर. देवमुन पुहुप, बलबीर सिहं, आरक्षक तरूण केशरवानी, विरेन्द्र गंधर्व, निखील रॉव, प्रशांत सिंह, प्रशांत राठौर, तदबीर सिंह, सत्या पाटले, सरफराज खान, विकास राम, मुकेश वर्मा, राकेश बंजारे, सतीश भारद्वाज, नवीन एक्का, सुरेंद्र पोर्ते, बोधूराम , सकुन्तला साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एसीसीयू टीम द्वारा इसी वर्ष माह मई में करीब 150 गुम मोबाईल रिकवर कर मोबाइल मालिकों को लौटाये गये थे, गुम हुए मोबाइल खोकर वापस करने की प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।




**NECC**

| 26.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 88 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 103 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188